केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बोले लालू एंड कंपनी सत्ता में आयी तो बनाएगी घुसपैठ घुसाओ बोर्ड - 12

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- देश को वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत - 12

हमने अपनी संप्रभुता का एक हिस्सा खो दिया... ममदानी की जीत पर ट्रंप - 13

चौथे टी-20 मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 48 रनों से हराया - 14

आज का मौसम

26.0° अधिकतम तापमान

14.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.22

सूर्यास्त 05.22

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष द्वितीया 11:05 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 7 नवंबर 2025, वर्ष 4, अंक 77, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये

पहले चरण में रिकॉर्ड 64.66% मतदान, उप मुख्यमंत्री पर हमला

पटना के बख्तियारपुर में एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए कतार में प्रतीक्षा करते मतदाता। ● एजेंसी

● डिप्टी सीएम विजय सिन्हा की कार पर राजद समर्थकों ने चप्पल और पत्थर फेंके
● चुनाव आयोग बोला सख्त एक्शन लेंगे

पटना/लखीसराय एजेंसी

बिहार संग्राम

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को 121 सीट पर मतदान संपन्न हो गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि शाम तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 3.75 करोड़ मतदाताओं में करीब 64.66 प्रतिशत ने मतदान किया, जो राज्य के इतिहास में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत है।

उन्होंने बताया कि यह आंकड़ा कुल 45,341 मतदान केंद्रों में से 41,943 केंद्रों से प्राप्त सूचनाओं पर आधारित है। वहीं, लखीसराय में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आरोप लगाया कि मतदान के दिन उनके वाहनों के काफिले पर मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के समर्थकों ने हमला किया। ये लोग इलाके में मतदाताओं को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे थे। मामले में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने घटना पर संज्ञान लेते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुंजियाल ने कहा, यह अनंतिम आंकड़ा है, क्योंकि कुछ मतदान केंद्रों से सूचनाएं अभी आनी बाकी हैं। अंतिम मतदान प्रतिशत के आंकड़े के इससे अधिक रहने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हुआ। कुछ स्थानों पर छिटपुट घटनाओं के अलावा कहीं से कोई बड़ी गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

सीएम नीतीश, तेजस्वी, सम्राट चौधरी समेत दिग्गजों ने डाले वोट

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उनके दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह व राजीव रंजन सिंह 'ललन' सहित कई प्रमुख नेताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने गृह नगर बख्तियारपुर में मतदान किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "मतदान लोकतंत्र में नागरिकों का अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है।

आरजेडी में सिखाया जाता है 'ए' से अपहरण और 'फ' से फिरौती : मोदी

भागलपुर में प्रधानमंत्री बोले- जंगलराज लाने वालों को जनता देगी जवाब

● कहा- इनकी पाठशाला में 'घ' से घोटाला और 'प' से परिवारवाद की ट्रेनिंग

भागलपुर/अररिया, एजेंसी

भागलपुर में रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मान देते भाजपा नेता। एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि बिहार की जनता, विशेषकर माताएं और बेटियां, बड़ी संख्या में मतदान कर रही हैं ताकि राजद के जंगलराज को वापस आने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि फिर एक बार बिहार में सुशासन की सरकार बननी चाहिए। बिहार के भागलपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन दलों ने बिहार के गरीबों और महिलाओं के हितों के बारे में कभी नहीं सोचा।

राजद पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, जंगलराज की पाठशाला में 'ए' का मतलब होता है अपहरण और 'फ' का मतलब फिरौती सिखाया जाता है। इनकी पाठशाला में 'घ' से घोटाला और 'प' से परिवारवाद की ट्रेनिंग भी दी जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भागलपुर दंगा और सिख नरसंहार कांग्रेस के काले अध्याय हैं जिन्होंने देश को शर्मसार किया था। उन्होंने कहा, राजद और कांग्रेस ने कभी महिलाओं के खाते खोलने के बारे में नहीं सोचा। आज वे पोस्टरों में साथ तो दिखते हैं, लेकिन एक-दूसरे का चेहरा देखने को भी तैयार नहीं हैं। राजद के पोस्टरों में कांग्रेस के नामदार का चेहरा तक गायब है। राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा, राजद ने कांग्रेस से मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवारी बंदूक की नोक पर छीन ली, और कांग्रेस को यह पसंद नहीं आया। दोनों दल सत्ता की लड़ाई में एक-दूसरे को खत्म करने पर उतारू हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार एक जिला, एक उत्पाद योजना के माध्यम से बिहार के हर जिले के स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित कर रही है।

टेक्नोलॉजी, टूरिज्म और टेक्सटाइल का हब बनाएंगे हम

बिहार के विकास के लिए राजग सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, हम बिहार को टेक्नोलॉजी, टूरिज्म और टेक्सटाइल का हब बनाना चाहते हैं। हमने रोजगार सृजन के लिए ठोस रोडमैप तैयार किया है और निवेशक बिहार में निवेश को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कांग्रेस पर छठ महापर्व का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस के नामदार ने छठ महापर्व का अपमान किया जो बिहार का अपमान है। वे तुष्टिकरण की राजनीति के चलते बिहार की आस्था का भी मजाक उड़ा रहे हैं। अब वही लोग घुसपैठियों की रक्षा करने में जुटे हैं। लोगों से अपील की कि वे बड़े पैमाने पर मतदान कर विकास, सुरक्षा और सुशासन की सरकार को फिर से सत्ता में लाएं।

ब्रीफ न्यूज

जुबिन की मौत के मामले में असम के सीआईसी का इस्तीफा

गुवाहाटी। असम के मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) भास्कर ज्योति महंत ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। भास्कर के भाई श्यामकानु को गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार किया गया है। सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक लंबी पोस्ट में असम के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) भास्कर महंत ने अपने इस्तीफे की घोषणा की और कहा कि उन्होंने पहले ही राज्यपाल को इस संबंध में पत्र भेज दिया है।

दिल्ली की वायु गुणवत्ता फिर बहुत खराब

नई दिल्ली। दो दिनों तक मामूली सुधार के बाद गुरुवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता फिर खराब हो गई और यह 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई। निकट भविष्य में इससे राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। वायु गुणवत्ता बिगड़ जाने का एक प्रमुख पराली जलाना बताया जा रहा है। सीपीसीबी की ओर से जारी किए गए आंकड़े के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में अपरान्ह चार बजे 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 311 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली सबसे प्रदूषित शहरों में चौथे स्थान पर है।

रैना और धवन की 11.14 करोड़ की संपत्ति अटैच

नई दिल्ली, एजेंसी

● ईडी ने सट्टेबाजी एप मामले में की कार्रवाई
● कई अन्य पूर्व क्रिकेटरों और अभिनेताओं से भी की पूछताछ

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत पूर्व भारतीय क्रिकेटरों सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति कुर्क की। कुर्की में सुरेश रैना के नाम पर 6.64 करोड़ रुपये मूल्य के म्यूचुअल फंड निवेश और शिखर धवन के नाम पर 4.5 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्ति शामिल है।

ईडी ने जांच के तहत इन दोनों क्रिकेटर के अलावा युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा जैसे अन्य पूर्व क्रिकेटरों, अभिनेता सोनू सूद, उर्वशी रौतेला, मिमी चक्रवर्ती (तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद) और अंकुश हाजरा (बंगाली अभिनेता) से भी पूछताछ की है। कैरेबियाई द्वीप कुराकाओ में पंजीकृत '1एक्सबेट' को पोर्टल द्वारा सट्टेबाजी उद्योग में 18 वर्षों के अनुभव के साथ विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सट्टेबाज बताया गया है। ईडी ने दोनों क्रिकटरों की चल-अचल संपति की कुर्की की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी जांच विभिन्न राज्य पुलिस एजेंसियों द्वारा अवैध विदेशी सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म '1एक्सबेट' के खिलाफ दर्ज की गई कई प्राथमिकियों पर आधारित है।

'1एक्सबेट' एक ऑनलाइन जुआ कंपनी है। कंपनी की स्थापना 2007 में हुई थी और इसका मुख्यालय साइप्रस में है। ईडी की जांच से पता चला है कि वन एक्स बीईटी और उसके सरोगेट ब्रांड वन एक्स बीएटी और '1एक्सबेट' स्पोर्टिंग लाइन्स ने पूरे भारत में अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के संचालन को बढ़ावा दिया। एजेंसी की जांच से पुष्टि हुई कि दोनों क्रिकेटरों ने जानबूझकर वन एक्स बीईटी के प्रतिनिधियों के माध्यम से उसे बढ़ावा देने के लिए विदेशी संस्थाओं के साथ विज्ञापन समझौते किए।

ईडी ने चार राज्यों के 16 ठिकानों पर मारा छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● फर्जी मार्कशीट-डिग्री बनाने वाले गिरोह व संस्थाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई
● मोनाड विवि, सरस्वती मेडिकल कॉलेज, फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत, दिल्ली में दस्तावेज खंगाले

अमृत विचार: ईडी ने गुरुवार को फर्जी मार्कशीट-डिग्री बनाने वाले गिरोह व संस्थानों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई। ईडी की 10 टीमों ने उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा व पंजाब के 16 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। उन्नाव के सरस्वती मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल के गोमतीनगर स्थित आवास पर भी छापेमारी की गई।

टीम ने हापुड़ के मोनाड यूनिवर्सिटी, सरस्वती मेडिकल कॉलेज उन्नाव के अलावा फरीदाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत व दिल्ली में दस्तावेज खंगाले। ईडी के हाथ कई अहम दस्तावेज लगे हैं। लखनऊ जोन की टीम ने एसटीएफ की जांच में सामने कई तथ्यों के आधार पर कार्रवाई शुरू की। जांच में पता चला था कि मोनाड यूनिवर्सिटी से मेडिकल, इंजीनियरिंग और एमबीए की फर्जी डिग्री बांटने का नेटवर्क चल रहा है। उसके साथ यूपी, दिल्ली और हरियाणा के कई और कालेज भी इस फर्जीवाड़े में शामिल हैं।

सरस्वती मेडिकल कॉलेज व प्रिंसिपल के घर छापा

ईडी की टीम उन्नाव के कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सोहरामऊ स्थित सरस्वती मेडिकल कालेज में गुरुवार पहुंची। प्रशासनिक भवन के कर्मचारियों और प्रिंसिपल समेत सभी के मोबाइल जब्त कर लिए। कालेज के सभी कम्प्यूटरों की हार्ड डिस्क कब्जे में लेने के साथ ही सर्वर रूम को सील कर दिया। उन्नाव के सरस्वती मेडिकल कालेज से कई तथ्य हाथ लगने के बाद प्रिंसिपल अखिलेश मौर्य के गोमतीनगर विस्तार में बने घर में भी छापा मारा, यहां से कई दस्तावेज जब्त किए।

मोनाड यूनिवर्सिटी के चेयरमैन के ठिकानों की तलाशी

ईडी ने मोनाड यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन विजेन्द्र हुड्डा के कई ठिकानों पर भी दबिश दी। विजेन्द्र का नाम फर्जी डिग्री मामले में सरगना के तौर पर सामने आया था। उस समय एसटीएफ ने उसे गिरफ्तार भी किया था। उसके ठिकानों से कई इलेक्ट्रानिक वस्तुएं ईडी ने जब्त की है। एसटीएफ ने वर्ष 2023 में मोनाड यूनिवर्सिटी में फर्जी डिग्री व मार्कशीट के बड़े नेटवर्क का खुलासा किया था। उस समय सामने आया था कि किसी भी विश्वविद्यालय के फेल विद्यार्थियों को 50 हजार से दो लाख रुपये लेकर नकली डिग्री व मार्कशीट यहां से मिल जाती थी। यह भी पता चला था कि पांच साल में इस फर्जीवाड़े से करीब 20 करोड़ रुपये की वसूली की गई थी।

इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर 2027 तक छूट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● बोले परिवहन मंत्री, भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहन ही परिवहन का मुख्य आधार

अमृत विचार : प्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छ परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के प्रयासों से अब इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स में अक्टूबर 2027 तक शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी।

परिवहन मंत्री ने बताया कि सतत एवं स्वच्छ गतिशीलता सुनिश्चित करने के लिए वर्ष 2022 में लागू उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022 में संशोधन किया गया है। इस संशोधन को पांच नवंबर 2025 की अधिसूचना के तहत प्रभावी किया गया है। इसके अनुसार 14 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर 2027 के बीच खरीदे गए और पंजीकृत शुद्ध विद्युत वाहनों को पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स से पूर्णतः मुक्त किया गया है। यह छूट प्रदेश में दोपहिया, तीनपहिया, चारपहिया वाहनों, ई-बसों और ई-गुड्स कैरियर पर लागू होगी। मंत्री ने बताया कि शुद्ध विद्युत वाहनों की बिक्री को और प्रोत्साहित करने के लिए एग्रीगेटर या फ्लिट ऑपरेटरों को भी सब्सिडी का लाभ दिया गया है। अब वे अधिकतम दो, तीन या चार पहिया वाहनों के 10 यूनिट, तथा ई-बस अथवा ई-गुड्स कैरियर के 25 यूनिट तक पर सब्सिडी प्राप्त कर सकेंगे। दयाशंकर सिंह ने कहा कि सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन और उपयोग को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ परिवहन व्यवस्था को भी सुचारु बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जीवाश्म ईंधन की उपलब्धता कम होती जाएगी।

सम्मान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम से मुलाकात की। जिसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर ने उन्हें सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली टीम जर्सी भेंट की। (विस्तृत खेल पेज पर)

फांसी घर विवाद में केजरीवाल व सिसोदिया तलब

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा ने 'फांसी घर' विवाद मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तत्कालीन उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को तलब किया है।

आम आदमी पार्टी के तीनों नेताओं को 13 नवंबर को विशेषाधिकार समिति के समक्ष पेश होना होगा। यह समिति पिछली सरकार के 'फांसी घर' संबंधी दावों की जांच कर रही है। विस अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अगस्त में मानसून सत्र के दौरान सदन को बताया था कि जिस तथाकथित ब्रिटिशकालीन 'फांसी घर' का उद्घाटन केजरीवाल ने 2022 में नवीनीकरण के बाद बड़े धूमधाम से विधानसभा परिसर में किया था, वह मूल रूप से एक 'टिफिन' रूम था।

जनसभा

मुख्यमंत्री ने बिहार के लौरिया, बेतिया और परिहार विधानसभा क्षेत्र में भरी हुंकार

जो राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं : योगी

बेतिया, एजेंसी

● सीएम ने कहा, यूपी की तरह बिहार में भी खानदानी माफिया की उलटी गिनती शुरू

बिहार के बेतिया में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बिहार के लौरिया, बेतिया और परिहार विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में ताबड़तोड़ सभाएं कर विपक्ष पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जो राम का नहीं, वह हमारे किसी काम का नहीं। अब बिहार में भी यूपी की तरह माफिया राज समाप्त होगा। जो खानदानी माफिया हैं, उनकी उलटी गिनती शुरू हो चुकी है।

जनसभाओं में योगी ने चेतावनी दी कि जैसे यूपी में माफिया पस्त हुआ, वैसे ही बिहार में भी एनडीए की सरकार बनते ही माफिया का अंत निश्चित है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में रुझान बता रहे हैं कि 14 नवंबर को परिणाम आने पर फिर एनडीए सरकार का नारा बुलंद होगा। नौजवान, किसान, माताएं, बहनें सब एनडीए के साथ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद की दलाली रोक दी गई है, इसलिए वे मोदी जी को गाली देते हैं। बिजली एनडीए देगी, लालटेन की लाइट में मोबाइल-लैपटॉप नहीं चार्ज हो सकता। योगी ने कमल और तीर के निशान पर बटन दबाकर बिहार को विकास के पथ पर अग्रसर करने का आह्वान करते हुए कहा कि अयोध्या में श्रीराम के भव्य मंदिर के बाद अब सीतामढ़ी में मां जानकी धाम पर भी भव्य मंदिर का निर्माण होगा। यह कार्य केवल एनडीए ही कर सकता है।

मोदी-नीतीश की जोड़ी से बदला भारत और बिहार

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश की जोड़ी ने देश और बिहार का चेहरा बदल दिया है। पिछले 11 वर्षों में भारत की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली हैं। सड़क, बिजली, पानी, रेलवे, एयर कनेक्टिविटी, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज हर क्षेत्र में विकास हुआ है। एनडीए सरकार ने 80 करोड़ को मुफ्त राशन, 50 करोड़ को स्वास्थ्य बीमा, 12 करोड़ को उज्ज्वला गैस, 4 करोड़ को आवास व 3 करोड़ को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिए।

मुख्यमंत्री बोले- सड़क और पुल तक का होता था अपहरण

बेतिया में योगी ने कहा कि राजद शासन में सड़क और पुल तक का अपहरण हो जाता था। वर्ष 1990 से वर्ष 2005 के बीच 60 से अधिक जातीय नरसंहार और 30 हजार से ज्यादा अपहरण हुए। इंजीनियर, डॉक्टर, बच्चे, व्यापारी तक सुरक्षित नहीं थे। योगी ने कहा कि जब भी माफिया और अपराधियों को सत्ता का स्वाद चखाओगे, जनता को कीमत चुकानी पड़ेगी। दंगाइयों और अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने देना है।

अमृत विचार

कानपुर, शुक्रवार,7 नवंबर 2025

वाद्ययंत्रों की खरीद में सामने आई 25 लाख रुपये की गड़बड़ी

शासन ने घटाई आवंटित धनराशि, जांच के बाद पुराने आदेश रद्द, संस्कृति विभाग से चयनित गांवों में खरीदे गए हैं 825 वाद्ययंत्र सेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : संस्कृति विभाग से चयनित ग्राम पंचायतों के लिए 825 वाद्ययंत्र सेटों की खरीद में गड़बड़ी की जांच के बाद शासन ने पहले स्वीकृत लगभग तीन करोड़ रुपये की धनराशि में कटौती करते हुए नया आदेश जारी किया है। 2,95,11,100 रुपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति को रद्द करते वास्तविक व्यय के आधार पर 2,70,73,002 रुपये की स्वीकृति दी गई है।

दैनिक अमृत विचार ने सबसे पहले इस गड़बड़ी को 4 अप्रैल, 2025 को उजागर किया था। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मामले की जांच का आदेश दिया। प्राथमिक जांच में सहायक निदेशक डॉ. राजेश अहिरवार और वैयक्तिक सहायक कुलदीप सिंह को निलंबित कर दिया गया था। साथ ही, शासन ने किट के वितरण और भुगतान पर रोक लगा दी थी। अब नए शासनादेश के बाद सामने आया है कि करीब 25 लाख रुपये हड़पने की तैयारी थी। नए शासनादेश में कहा गया है कि वर्ष 2024-25 में चयनित ग्राम पंचायतों के लिए 825 वाद्ययंत्र सेट क्रय किए गए थे। इसके लिए शासनादेश संख्या 385/2024 दिनांक 27 नवंबर 2024 के तहत 2,95,11,100 रुपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति दी गई थी। मगर खरीद प्रक्रिया में अनियमितताओं की शिकायत पर जांच शुरू होने से भुगतान रोक दिया गया था। अब जांच पूर्ण होने के बाद संस्कृति अनुभाग द्वारा जारी नवीन शासनादेश संख्या 323/2025 में पुराने आदेश को निरस्त करते हुए वास्तविक व्यय के आधार पर 2,70,73,002 रुपये की स्वीकृति दी गई है।

संस्कृति विभाग की संयुक्त सचिव उमा द्विवेदी की ओर से जारी शासनादेश में यह भी स्पष्ट किया है कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल वाद्ययंत्र खरीद के लिए ही किया जाएगा और किसी अन्य मद में खर्च नहीं किया जा सकेगा। साथ ही वित्तीय नियमों और नीतिगत दिशा-निर्देशों के सख्त अनुपालन के निर्देश दिए गए हैं।

अमृत विचार में 4 अप्रैल,2025 के अंक में प्रकाशित खबर।

12 हजार की किट 32,800 में खरीदने का था आरोप

लोक कल्याण वाद्य यंत्र योजना के तहत लोक कलाकारों को पांच वाद्ययंत्रों- हारमोनियम, तबला, घुंघरू, मजीरा और ढोलक की किट दी जानी थी। पिछले दिनों प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर 825 किट की खरीद और वितरण के निर्देश दिए गए थे। शिकायत के बाद पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के आदेश पर हुई जांच में सामने आया कि संस्कृति विभाग ने सहायक निदेशक की अध्यक्षता में एक क्रय समिति गठित की थी, जिसने बाजार मूल्य से लगभग तीन गुना अधिक दर पर खरीद की संस्तुति दी। औसतन 12 हजार की किट कुछ जगह 32,800 में खरीदी गईं, जिससे लगभग 25 लाख की गड़बड़ी उजागर हुई।

ओपीडी बंद है तो मरीज के मोबाइल पर आएगा मैसेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू प्रशासन जल्द शुरू करेगा नई व्यवस्था

अमृत विचार: किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) ने मरीजों की सुविधा के लिए एक नई व्यवस्था शुरू करने की तैयारी की है। अब अगर ओपीडी बंद होगी तो उसकी जानकारी सीधे मरीज के मोबाइल नंबर पर मैसेज के जरिए दी जाएगी। इससे दूर-दराज के जिलों जैसे गोरखपुर, जौनपुर, बाराबंकी, देवरिया आदि से आने वाले मरीजों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी।

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि कई बार मरीजों को ओपीडी बंद होने की जानकारी समय पर नहीं मिलती। ऐसे में वे सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर लखनऊ पहुंचते हैं और यहां आकर पता चलता है कि ओपीडी बंद है। इस वजह से उन्हें समय और पैसे दोनों का नुकसान झेलना पड़ता है। नई व्यवस्था से इस समस्या का समाधान होगा। उन्होंने बताया कि मरीज जब ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेते हैं या पंजीकरण कराते हैं, तब अपना मोबाइल नंबर दर्ज करते हैं। इसी नंबर पर ओपीडी बंद होने की सूचना भेजी जाएगी। उम्मीद है कि यह व्यवस्था अगले एक महीने के भीतर लागू कर दी जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

पीजीआई में बच्चों के दिल का उपचार शुरू

अमृत विचार, पीजीआई/लखनऊ: एसजीपीजीआई में जन्मजात हृदय रोगों से जूझ रहे बच्चों के लिए राहत की खबर है। अब संस्थान में बच्चों के दिल के छेद और वॉल्व संबंधी सर्जरी शुरू हो गई है। इसके लिए पीजीआई में बच्चों के लिए छह बेड का विशेष आईसीयू, 30 बेड का वार्ड और एक ऑपरेशन थिएटर आरक्षित किया गया है। पहले जहां ऐसे मामलों में बच्चों को इलाज के लिए दिल्ली या अन्य बड़े शहरों के अस्पतालों में जाना पड़ता था, अब यह सुविधा लखनऊ में ही उपलब्ध हो गई है। सीवीटीएस विभागाध्यक्ष डॉ. एसके अग्रवाल ने बताया कि अब पीजीआई में हर माह 10 से अधिक बच्चों के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। पीजीआई में बच्चों के हृदय रोगों के समग्र उपचार के लिए 200 बेड का अत्याधुनिक केंद्र स्थापित किया जा रहा है। इसमें 100 बेड आईसीयू के होंगे। नवजात से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए यह सेंटर एक बड़ा सहारा बनेगा।

डी. फार्मा की काउंसिलिंग की तिथि बढ़ाई गई

अमृत विचार, लखनऊ: संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित डिप्लोमा इन फार्मेसी (डी. फार्मा) पाठ्यक्रम की पांचवें चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग में विकल्प चयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विकल्प चयन की अंतिम तिथि 4 से 6 नवंबर थी, जिसे अब 7 नवंबर दोपहर 12 बजे तक के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी काउंसिलिंग से जुड़ी विस्तृत जानकारी परिषद की वेबसाइट www.jeecup.admissions.nic.in पर प्राप्त कर सकते हैं या सहायता के लिए परिषद के दूरभाष 0522-2630106, 2630695, 2630667, 2636589 पर संपर्क कर सकते हैं।

रालोद का राष्ट्रीय अधिवेशन 16 को

अमृत विचार, लखनऊ: राष्ट्रीय लोकदल का राष्ट्रीय अधिवेशन 16 नवंबर को मथुरा में आयोजित किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में उत्तर प्रदेश के 2000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिवेशन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की घोषणा होगी। रालोद का यह अधिवेशन संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक दिशा तय करने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अधिवेशन में प्रदेश भर से आए पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ एवं किसान प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि भाग लेंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन में वर्ष 2026 के पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनावों की रूपरेखा एवं रणनीति पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

50 लाख डुप्लीकेट नाम बने चुनौती

मतदाता सूची से काटे जाएंगे नाम, 15 तक सत्यापन का कार्य पूरा करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में पंचायत चुनाव की मतदाता सूची से 52 लाख डुप्लीकेट नाम कटेंगे। तमाम जिलों को राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से भेजे गए पत्र में 15 नवंबर तक सत्यापन का काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। 15 जनवरी को अंतिम वोटर लिस्ट जारी होगी।

इस बीच सामने आ रहीं त्रुटियों के मद्देनजर 15 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची जारी करने से पहले यह काम पूरा होना बड़ी चुनौती बना हुआ है। दरअसल, नामों की डुप्लीकेसी को देखते हुए नाम काटने के निर्देश जिलाधिकारियों को अगस्त में ही दिया गया था, लेकिन माना जा रहा है कि अधीनस्थ अधिकारी ढुलमुल रवैया दिखाते रहे। फिलहाल मात्र 13.28 लाख डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन किया गया है और इसमें से 1.63 लाख मतदाता गलत मिले हैं।

वहीं, 2.14 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन किया जाना बाकी है। अकेले पीलीभीत के पूरनपुर ब्लॉक में ही 97 हजार डुप्लीकेट मतदाता हैं। सैदपुर गाजीपुर में 71 हजार, पडरौना के 63 हजार और हापुड़ में 61 हजार डुप्लीकेट मतदाता हैं। ऐसे ही वाराणसी, बिजनौर, आजमगढ़, जौनपुर व अंबेडकरनगर इत्यादि जिलों में बड़ी संख्या में डुप्लीकेट वोटर हैं।

अप्रैल तक संपन्न हो जाएंगे पंचायत चुनाव : प्रदेश में वर्ष 2026 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत स्तर पर होने हैं, जो हर 5 वर्ष में होते हैं। माना जा रहा है कि चुनाव अप्रैल तक संपन्न हो जाएंगे। राज्य में लगभग 58000 पंचायतें, 8000 पंचायत वार्ड और 800 से जिला पंचायत वार्ड हैं, जिनमें 50 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इन पंचायत चुनाव के लिए जनवरी 2026 में अधिसूचना जारी हो सकती है और फरवरी-मार्च 2026 में कई चरणों में चुनाव हो सकते हैं। एससी/एसटी आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया पूरी होते ही आयोग चुनाव कार्यक्रम घोषित करेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

- चुनाव से पहले मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी आई सामने
- राज्य चुनाव आयोग की जांच में पीलीभीत, वाराणसी, बिजनौर और हापुड़ सहित कई जिलों में नामों के बड़े पैमाने पर दोहराव का पता चला
- अकेले पीलीभीत के पूरनपुर ब्लॉक में ही लगभग 97,000 नाम दोहराए गए

खर्च सीमा में बढ़ोतरी

पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच आयोग ने प्रत्याशियों के लिए खर्च सीमा में भी बढ़ोत्तरी की है। ग्राम प्रधान अब अधिकतम 1.25 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे, जबकि जिला पंचायत सदस्य के लिए यह सीमा 2.5 लाख रुपये है। सर्वाधिक 7 लाख रुपये जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए तय किए गए हैं। आयोग ने पारदर्शिता बनाए रखने और खर्च पर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक, बैलेट पेपर की छपाई का काम भी शुरू हो चुका है।

लापरवाही पर कठोर कार्रवाई तय

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर गुरुवार की बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी, शामली के बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका स्पष्टीकरण मांगे जाने के निर्देश दिये। साथ ही सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान किसी भी स्तर पर कार्य में लापरवाही तथा दिये गये निर्देशों की अवहेलना पाये जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और मतदाताओं से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की है।

मतदाताओं के लिए बुक ए कॉल विद बीएलओ की सुविधा

अमृत विचार, लखनऊ: मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा गुरुवार को सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि मतदाताओं की सुविधा के मद्देनजर बुक ए कॉल विद बीएलओ की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके तहत कोई भी मतदाता voters.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से अपने बीएलओ से बात करने की रिक्वेस्ट डाल सकता है। जिसे बीएलओ को अगले 48 घंटों के भीतर आवेदक से संपर्क कर निस्तारण करना है। बुक ए कॉल सुविधा का वोटर हेल्पलाइन 1950 की ही भांति प्रचार-प्रसार करते हुए क्रियाशील रखने के निर्देश सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए। समीक्षा बैठक में सामने आया कि सभी जिलों में गणना प्रपत्र की छपाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। वितरण में धीमी प्रगति वाले जिलों को वितरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जिन मतदाताओं के नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में शामिल है उनकी वर्तमान मतदाता सूची से मैपिंग के कार्य को अगले तीन दिनों के भीतर पूरे किए जाने के निर्देश मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये।

प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित शुक्रवार के दौरे को लेकर वाराणसी में रेलवे स्टेशन पर तैयारी का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : मुख्यमंत्री

योगी ने बनारस रेलवे स्टेशन पर की तैयारी की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों से स्टेशन परिसर के सुंदरीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाओं, और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल से जुड़ी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु, व्यवस्थित और उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अपने वाराणसी प्रवास के दूसरे दिन धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री ने रेलवे और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और सभी व्यवस्थाओं को सर्वोच्च स्तर पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बाबा विश्वनाथ व काल भैरव के किए दर्शन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिवसीय वाराणसी प्रवास के दूसरे दिन गुरुवार को बाबा काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की।

प्रधानमंत्री मोदी का काशी दौरा आज

अमृत विचार, लखनऊ: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे। वहां पीएम मोदी का स्वागत राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस दौरे पर प्रधानमंत्री वाराणसी से रेल यातायात को बड़ी सौगात देंगे। वहीं, बनारस से लेकर बेंगलुरु तक को चार नई वंदे भारत ट्रेन भी मिलेंगी। इस कड़ी में प्रधानमंत्री बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत को हरी झंडी दिखाएंगे। कुल मिलाकर यात्री सुविधाओं और पर्यटन को बढ़ावा मिलने जा रहा है। वहीं पीएम मोदी वाराणसी में प्रबुद्धजनों से भी संवाद करेंगे। इस दौरान सीएम योगी भी साथ रहेंगे।

आबकारी राजस्व लक्ष्य हासिल न करने पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 63 हजार करोड़ रुपये का लक्ष्य आबकारी मंत्री ने दी चेतावनी

अमृत विचार : आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कहा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग को 63 हजार करोड़ रुपये राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य मिला है। इसके लिए निर्धारित मासिक राजस्व लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करना होगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन जिलों ने अक्टूबर माह में निर्धारित आबकारी राजस्व लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया है और लगातार उनकी परफारमेंस खराब चल रही है, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में आबकारी मंत्री ने बताया कि इस वर्ष माह अप्रैल से अक्टूबर तक निर्धारित लक्ष्य 32,500 करोड़ के सापेक्ष प्राप्ति 30,657.54 करोड़ (94.33 प्रतिशत) रही। प्रदेश में गत वर्ष इसी अवधि में 26,330.87 करोड़ की आबकारी राजस्व प्राप्त हुआ था। इस तरह गत वर्ष के सापेक्ष प्राप्त 4326.67 करोड़ (116.43 प्रतिशत) का अधिक राजस्व अर्जित किया गया है। मंत्री ने मदिरा की संभावित नई दुकानों के लिए सर्वे कराकर 15 दिन के अंदर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

आगरा में बनेगा प्रदेश का तीसरा साइंस पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/आगरा

- 39 करोड़ 62 लाख की लागत वाले साइंस पार्क और नक्षत्रशाला की रखी गई नींव

अमृत विचार: लखनऊ और गोरखपुर के बाद अब आगरा में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त साइंस पार्क और नक्षत्रशाला की स्थापना होगी। कोठी मीना बाजार मैदान के सामने, एसीपी लोहा मंडी कार्यालय के पीछे आयोजित कार्यक्रम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और केंद्रीय राज्य मंत्री (सांसद) प्रो. एसपी सिंह बघेल ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया।

कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन एवं हवन कर 39.62 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले साइंस पार्क व नक्षत्रशाला की नींव रखी गई। आगरा का साइंस पार्क प्रदेश का तीसरा उच्च सुविधा युक्त पार्क होगा, जहां छात्र-छात्राएं और आमजन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक साइंस और साइबर सुरक्षा जैसी आधुनिक तकनीकों से रूबरू होंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने बताया कि अब प्रदेश के हर मंडल मुख्यालय पर साइंस पार्क की स्थापना की जाएगी।

आगरा में साइंस पार्क व नक्षत्रशाला का शिलान्यास करते मंत्री अनिल कुमार, मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, साथ में अन्य।

पटेल जयंती पदयात्राओं की तैयारी को लेकर कसी कमर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मंत्रियों, सांसदों, विधायकों व भाजपा नेताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष ने की वर्चुअल बैठक

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित होने वाली विधानसभा स्तरीय पदयात्राओं की तैयारियों को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को प्रदेश सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, प्रदेश पदाधिकारियों और जिला प्रभारियों के साथ वर्चुअल संवाद किया।

बैठक में प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, एके शर्मा, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', बेबी रानी मौर्य, जेपीएस राठौर, धर्मवीर प्रजापति, अनिल राजभर और दारा सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में मंत्री, सांसद, विधायक और प्रदेश पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि पदयात्राएं सरदार पटेल के विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेंगी। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बताया कि इन पदयात्राओं की तैयारियां विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिलकर करेंगे।

कवायद | छह शैक्षणिक संस्थानों की मदद से बनेगी वार्षिक ग्राम पंचायत विकास योजना

जरूरतों को पूरा कर गांवों को मॉडल बनाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हर जिले की 10 ग्राम पंचायत चयनित, 1.50 करोड़ बजट

अमृत विचार : पंचायती राज विभाग ने प्रदेश की ग्राम पंचायतों को शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से मॉडल बनाने की कवायद शुरू कर दी है। इस कवायद में शामिल लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, डॉ. बीआर आम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस व डॉ. भीमराव आम्बेडकर यूनिवर्सिटी आगरा के पीएचडी स्कॉलर ग्राम सचिवों के साथ क्षेत्रों में जाकर वार्षिक ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने में लगे हैं। 31 जनवरी तक प्लान तैयार करके अपलोड किया जाएगा।

विभाग ने पहले चरण में सभी 75 जिलों की 10-10 ग्राम पंचायतें वार्षिक योजना बनाने के लिए चयनित की हैं। पीएचडी स्कॉलर गांव में शोध करके ग्रामीणों की जरूरतों को समझकर प्लान में शामिल करेंगे, जो विकास कार्यों के लिए बेहद जरूरी होगा। इसके अलावा बजट के हिसाब से जो कार्य नहीं होते हैं, उन पर विशेष फोकस रहेगा, क्योंकि विभाग द्वारा जो विकास की योजना बनाई जाती है, उनमें इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य ज्यादा होता है। गांव में किन चीजों की जरूरतें हैं, उनकी जानकारी कर प्लान में दर्शाया जाएगा और आने वाले वित्तीय वर्ष में वही कार्य कराए जाएंगे। ताकि अच्छे से अच्छा कार्य कराकर ग्रामों को मॉडल बनाया जा सके। पहले चरण में कुल 1.50 करोड़ रुपये बजट प्रस्तावित किया गया है। इसमें प्रति ग्राम पंचायत पर 20 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे।

वार्षिक योजना में शामिल मुख्य कार्य

- तकनीकी, प्रबंधन, योजना निर्माण संबंधी सहायता देना
- निर्माण में गुणवत्ता एवं सहभागी दृष्टिकोण तय करना
- ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और सचिवों का क्षमता विकास
- स्थिति विश्लेषण एवं आवश्यकता मूल्यांकन, सर्वे, बैठक
- ग्राम सभाओं और योजना बैठक की सुविधा, मॉनिटरिंग एवं प्रगति रिपोर्टिंग

विश्वविद्यालयों को आवंटित जिले

- लखनऊ विश्वविद्यालय - 13 जिले
- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी - 12 जिले
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी - 12 जिले
- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी - 13 जिले
- डॉ. बीआर आम्बेडकर इंस्टीट्यूट - 12 जिले
- डॉ. भीमराव आम्बेडकर यूनिवर्सिटी आगरा - 13 जिले

लखनऊ में कोठी नहीं, फिर भी घोषित कर दिया भूमाफिया: आजम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अचानक लखनऊ पहुंचे आजम खां, बढ़ा सियासी तापमान
- प्रधानमंत्री के कट्टा वाले बयान पर कसा तंज, कहा- कट्टा बेचने वाले का बेटा विधायक बना

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मो. आजम खां गुरुवार को अचानक लखनऊ पहुंचे। उन्होंने कहा कि 50 साल की सियासत के बावजूद लखनऊ में मेरी कोई कोठी नहीं है, फिर भी मुझे भूमाफिया घोषित किया गया। उन्होंने तंज भरे अंदाज में कहा, "अगर मैं भूमाफिया होता तो लखनऊ में मेरे पास भी कोठी होती। रामपुर में जहां रहता हूं, बारिश में पानी भर जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री के बिहार में कट्टा वाले बयान पर तंज कसा कि कट्टा बेचने वाले का बेटा विधायक बना और उसे कमांडो मिले हैं।

आजम खां का यह दौरा पूरी तरह गोपनीय रखा गया था। शहर के एक होटल में ठहरने की सूचना मिलने के बाद राजनीतिक हलकों में सरगर्मी बढ़ गई। दिनभर सपा नेताओं का होटल में आना-जाना लगा रहा। हालांकि सपा मुखिया लखनऊ में नहीं हैं। इस दौरान पहुंचे पत्रकारों के सवालों पर आजम खां ने कई राजनीतिक और समसामयिक मुद्दों पर बेबाकी से अपनी बात रखी। आजम खां ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर व्यंग्य कसते हुए कहा कि बहुत बेहतर है। बिहार की कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए कहा कि वहां आज भी जंगलराज कायम है। इसी वजह से वह चुनाव प्रचार के लिए बिहार नहीं गए। जिनके पास हथियार हैं, वही वहां जा रहे हैं, मेरे पास सुरक्षा नहीं, इसलिए उस जंगल तक नहीं गया।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

सिटी हॉस्पिटल में खामियां पंजीकरण किया निरस्त

मानक अनुरूप नहीं मिले डॉक्टर और नर्स, सीएमओ ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिलाधिकारी की तरफ से स्वास्थ्य सेवाओं को चाक चौबंद रखने के क्रम में विभाग पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। सीएमओ की ओर से भेजी गई टीम ने तिर्वा स्थित सिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। इसमें तमाम अनियमितताएं पाई गईं जिस पर पंजीकरण को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया।

गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सिटी हॉस्पिटल, तिर्वा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में मानक के अनुरूप डॉक्टर, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट नहीं पाए गए। इसके अलावा भी कई अनियमितताएं पाई गईं। तमाम अव्यवस्थाओं और नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि किसी भी निजी अस्पताल के संचालन के तमाम मानक होते हैं। उदाहरण के तौर पर प्रत्येक 10 बेड पर एक एमबीबीएस डॉक्टर, तीन स्टाफ नर्स के अलावा अन्य स्टाफ का होना अनिवार्य है। इस अस्पताल में न तो डॉक्टर मिले, न स्टाफ नर्स पर्याप्त पाई गईं। और भी मानक नहीं पूरे मिले। चूंकि जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर नो टालरेंस की नीति अपनाई जा रही है, इसलिए तत्काल प्रभाव से अस्पताल का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया। कहा कि जनपद में किसी भी निजी अस्पताल में लापरवाही, अनियमितता अथवा बिना योग्य चिकित्सक के संचालन की स्थिति पाई जाती है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। चेतावनी दी कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी निजी चिकित्सालयों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित मानकों का पूर्ण पालन करें, अन्यथा उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

जांच के दौरान सिटी हॉस्पिटल के बाहर मौजूद टीम में शामिल अधिकारी।

'वंदे मातरम' गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर कल से कार्यक्रम

कन्नौज। 'वंदे मातरम' गीत के 150 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसके उपलक्ष्य में जनपद में वर्षभर विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर यह आयोजन होगा।

उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम्' गीत, जिसे बंकिम चंद्र चटर्जी ने वर्ष 1875 में रचा था। गीत हमारे राष्ट्रीय गौरव, एकता और स्वाभिमान का प्रतीक है। संस्कृति मंत्रालय से अनुमोदित कार्यक्रमों के तहत यह आयोजन 07 नवंबर 2025 से 07 नवंबर 2026 तक चार चरणों में होगा। प्रथम चरण 07 से 14 नवंबर 2025 तक सभी विद्यालयों में सुबह 10 बजे 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन एवं परिचर्चा होगी। साथ ही रैली, प्रभात फेरी, निबंध, भाषण, काव्यपाठ एवं रंगोली जैसी देशभक्ति प्रतियोगिताएं भी होंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि शहीद स्मारकों, पुलिस एवं पीएसी बैंड की ओर से 'वंदे मातरम्' ध्वनि वादन तथा संस्कृति विभाग की ओर से विषय आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रदर्शनी आयोजित की जाएं। कार्यक्रमों की जानकारी https://culturalevents.in पोर्टल पर अपलोड करने को कहा।

धरने पर बैठे विद्युत कर्मचारी अमृत विचार

दो महीने से मानदेय, छह महीने से ईपीएफ नहीं

संवाददाता, छिबरामऊ (कन्नौज)

- बिजली कर्मचारियों ने धरना देकर किया विरोध-प्रदर्शन
- कर्मचारियों ने ठेकेदार, विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाए

अमृत विचार। मैहर इंटरप्राइजेज के माध्यम से आउटसोर्सिंग पर बिजली घर में तैनात लाइनमैन व अन्य कर्मचारी पिछले कई महीनों से मानदेय और ईपीएफ से वंचित हैं। कुछ कर्मचारियों को दो महीने तो कुछ को चार महीने से मानदेय नहीं मिला, जबकि छह महीने से ईपीएफ की राशि जमा नहीं हुई। कर्मचारियों ने भुगतान की मांग को लेकर धरना देकर प्रदर्शन किया।

गुरुवार को अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया। कर्मचारियों का साफ कहना है कि "जब तक पूरा वेतन और ईपीएफ नहीं मिलेगा, तब तक कोई काम पर नहीं लौटेगा। कर्मचारियों ने ठेकेदार और विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

धरने पर बैठने वालों में गुड्डू, प्रवीण, रवि, उपदेश, प्रवेश, विक्रम, कल्लू, रमेश चंद्र, कृष्ण कुमार, आशीष, दिनेश, अमित, आलोक, मनजीत, आदेश, विमलेश, रजनीश, रत्नेश सहित दर्जनभर कर्मचारी शामिल हैं।

मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

गुरसहायगंज, कन्नौज। मोटरसाइकिल ले जाने को लेकर गांव के ही लोगों ने युवक से गालीगलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम नैनापुर निवासी ललिता देवी पत्नी बृजनंदन ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि 02 नवंबर की शाम करीब 04 बजे मोटरसाइकिल ले जाने के विवाद को लेकर गांव के दंपति ने बाग के पास उसके पति बृजनंदन (25) पुत्र कन्हैयालाल को घेर लिया और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। उसका उपचार गुरसहायगंज के सीएससी से चल रहा था। इस दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़ित ने देकर शव का पोस्टमार्टम करा कर कार्रवाई करने की मांग की है। सराय प्रयाग चौकी प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि मृतक नशे का आदी बताया जा रहा है। जो काफी दिनों से बीमार भी चल रहा था। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

न्यूज ब्रीफ

दुर्घटना में अज्ञात व्यक्ति की मौत, शव क्षत-विक्षत

छिबरामऊ। कांशीराम कॉलोनी के निकट देर रात अज्ञात वाहन ने अज्ञात व्यक्ति को कुचल दिया। शव क्षत विक्षत हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को इकट्ठा कर शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इस पर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। नगर के कांशीराम कॉलोनी के पास जीटी रोड पर देर रात 12 बजे के करीब अज्ञात वाहन ने एक युवक को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि युवक का शव क्षत विक्षत हो गया। घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त की कोशिश की। मृतक के हाथ पर ए आर, नीतू, टी डी राम, हंसा गुदा हुआ है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेज दिया।

मजदूरी के पैसे मांगने पर महिला के साथ अभद्रता की

सौरिख। मजदूरी के पैसे मांगने पर महिला के साथ गालीगलौज एवं मारपीट की गई। पीड़िता ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के गांव मिसुरपुर निवासी रीता देवी पत्नी प्रेमचंद ने थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। इसमें बताया कि उसने गांव के नीरज पुत्र राम लखन के खेत में पाइप लाइन बिछाने का काम मजदूरी पर किया था। इसकी करीब 14000 रुपये मजदूरी बनती है जो वह काफी समय से नहीं दे रहा है। 3 नवंबर को जब पुन: रुपये मांगे तो उसके साथ गालीगलौज करते हुए मारने पीटने पर आमादा हो गया। जब लोगों ने ललकारा तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।

जितेंद्र राजपूत को खड़नी चौकी का कार्यभार

सौरिख, कन्नौज। चेकिंग के दौरान युवक को बेरहमी से पीटने में चौकी प्रभारी अंकित यादव के निलंबन के बाद यह जिम्मेदारी जितेंद्र कुमार राजपूत को पुलिस अधीक्षक की ओर से सौंपी गई। उन्होंने गुरिवार को चार्ज भी ले लिया।

रिया सिंह बनीं एक दिन की प्रधानाचार्य

सौरिख। विश्वनाथ सिंह इण्टर कालेज खड़नी में एक दिन के लिए प्रधानाचार्य बनी रिया सिंह ने विद्यालय में चल रही अर्धवार्षिक परीक्षा की समीक्षा की। परीक्षा प्रभारी बाबूलाल पटेल से परीक्षा व्यवस्था और रखरखाव की जानकारी ली। अनुशासन समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश से विद्यालय में नियमानुसार कार्य संचालन के निर्देश दिए सभी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ बैठक कर विद्यालय में पठन पाठन एवं साफ सफाई की समुचित व्यवस्था बनाने पर जोर दिया।

खेत में मृत मिला राष्ट्रीय पक्षी

सौरिख,कन्नौज। शिवसिंहपुर गांव के कल्लन सिंह गुरुवार सुबह अपने खेतों पर गये थे। वहां पर उन्होंने राष्ट्रीय पक्षी मोर को में पड़ा देखा तो चौकी सहित थाना सौरिख प्रभारी जयंती प्रसाद और वन विभाग के अनुज बाजपेई को सूचना दी। अनुज वाजपेई ने बताया कि मोर का पोस्टमार्टम कराने के बाद सुरक्षित स्थान पर दफना दिया गया।

100 बीएलओ ने डाउनलोड नहीं किया एप, चेतावनी

तिर्वा। कन्नौज विधानसभा 197, तिर्वा विधान सभा 198 में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में 478 बी एल ओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन्हें डोर टू डोर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करना है। अभी तक 100 बी एल ओ ने पुनरीक्षण एप डाउन लोड नहीं किया है। गुरुवार को उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मौर्य ने सभी बी एलओ की बैठक बुलाई। जिन बीएलओ ने एप डाउन लोड नही किया है उन्हें जल्द एप डाउनलोड करने के साथ अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की चेतावनी दी।

पत्नी के दूसरी शादी करने पर बंदी कारागार में हुआ अचेत

संवाददाता, जलालाबाद

- जेल से अस्पताल रेफर मेडिकल कालेज में कराया गया भर्ती फिनायल पीने की चर्चा

अमृत विचार। बेटी की हत्या के आरोप में कारागार में बंद व्यक्ति पत्नी द्वारा दूसरी शादी किए जाने की खबर से आहत होकर अचेत हो गया। आनन फानन जेल प्रशासन ने जिला कारागार में प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। फिनायल पीने से बंदी की हालत बिगड़ने की चर्चा तेज है।

बंदी जानू उर्फ जान आलम।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सौसरापुर निवासी विचाराधीन बंदी जानू उर्फ जान आलम (25) पुत्र इस्माइल खां पर पत्नी ने 04 वर्षीय पुत्री की हत्या का केस दर्ज कराया था। इससे 25 सितंबर 2022 से वह कारागार में है। 05 नवंबर को मां शमसीदा बेगम, बहन रोशन शमीम बानो ने उससे मिलाई की थी। मां व बहन ने उसे बताया था कि उसकी पत्नी शुक्रवार को दूसरी शादी कर रही है। इससे जानू परेशान हो गया। बुधवार की दोपहर लगभग 03 बजे वह चिकित्सालय की पाकशाला के पास गिर कर अचेत हो गया। जेल प्रशासन ने बंदी का कारागार अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया। हालत में सुधार न होने पर कड़ी सुरक्षा के बीच राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा में भर्ती कराया। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि बंदी पत्नी द्वारा शादी किए जाने की खबर से परेशान हो गया था। चिकित्सालय की पाकशाला में बीमार बंदियों के लिए खाना बनाते समय बेहोश हो गया। उधर बंदी के द्वारा पाकशाला में रखी फिनायल पीने की बात भी सामने आ रही है।

कला, संस्कृति और धरोहरों को संवारने के लिए दिल्ली से आई टीम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मंत्री की पहल पर राष्ट्रीय कला न्यास एवं सांस्कृतिक विरासत संगठन के सदस्य आए
- न्यास की टीम ने किया जनपद के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण

अमृत विचार। जनपद की कला संस्कृति और धरोहरों को संवारने और संरक्षित करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कला न्यास एवं सांस्कृतिक विरासत संगठन, नई दिल्ली की 06 सदस्यीय टीम ने ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया।

सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की पहल पर भारत सरकार की टीम से हरीश बेंजवाल (वरिष्ठ अनुसंधान सहयोगी, अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर प्रभाग) व मिताली विज (परियोजना प्रबंधक, स्थापत्य विरासत प्रभाग) समेत कई लोग आए हैं। टीम ने आल्हा-ऊदल किला, मस्जिद मखदूम जहानिया (बावन खंभा मस्जिद), राजा जयचंद्र किला, सुगंध एवं फ्लेवर विकास केंद्र (एफएफडीसी), कन्नौज संग्रहालय एवं रोमा स्मारक, मां अन्नपूर्णा मंदिर तिर्वा, लाख बहोसी पक्षी विहार, गंगा मेहंदीघाट, आनंद भवन पैलेस तिर्वा सहित अनेक स्थलों का दौरा किया। मंत्री ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टीम ने जनपद की सांस्कृतिक, स्थापत्य एवं धार्मिक विरासत के संरक्षण, सौंदर्यीकरण तथा पर्यटन संभावनाओं को लेकर विस्तृत अध्ययन किया। इस अवसर पर विचित्र वीणा वादक व आल्हा विद्या के जानकार एवं स्थानीय अधिकारियों के साथ संवाद करते हुए टीम ने जनपद की ऐतिहासिक महत्ता, पारंपरिक शिल्पकला एवं इत्र उद्योग की प्राचीनता पर विशेष चर्चा की। इस दौरान टीम ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए। साथ ही सुझाव दिए। टीम ने बताया कि कन्नौज की ऐतिहासिक धरोहरें न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश की संस्कृति और गौरव का प्रतीक हैं। रिपोर्ट के आधार पर इन स्थलों के संरक्षण, संवर्धन एवं सतत पर्यटन विकास की दिशा में ठोस योजनाएं तैयार की जाएंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की प्राचीनता, इसकी ऐतिहासिक भव्यता और सांस्कृतिक गरिमा हमारी विरासत की आत्मा है। इनटैक के सहयोग से इन धरोहरों के संरक्षण एवं पर्यटन विकास के लिए ठोस पहल की जाएगी, जिससे कन्नौज को वैश्विक पहचान मिले।

पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण करती दिल्ली से आई टीम साथ में जिला पर्यटन अधिकारी।

डॉक्टरों ने 'वन हेल्थ, वन नेशन' पर निकाली रैली

संवाददाता, तिर्वा

अमृत विचार। मेडिकल कॉलेज में वन हेल्थ, वन नेशन विषयक रैली का आयोजन किया गया। गुरुवार की राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. सी. पी. पाल एवं विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. डी. एस. मर्तोलिया के नेतृत्व में डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर मेडिकल कालेज कन्नौज में वन हेल्थ, वन नेशन विषय पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आई सी एम आर और आई ए पी एस एम के सहयोग से आयोजित किया गया।

रैली का आरंभ सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह ने फीता काटकर किया। रैली अकादमिक विभाग से होते हुए ओपीडी परिसर में संपन्न हुई। ओपीडी परिसर में आम जनता को वन हेल्थ वन नेशन का उद्देश्य बताया गया क इसमें मनुष्य, पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य में आपसी तालमेल से बीमारी को दूर करके स्वास्थ्य लाभ मिल सकता है। इस दौरान एमबीबीएस छात्र एवं छात्राएं, नर्सिंग,पैरामेडिकल छात्र एवं छात्राएं, कम्युनिटी मेडिसन विभाग के सभी संकाय सदस्य पीजी रेजिडेंट एवं इंटर्न ने प्रतिभाग किया।

जागरूकता रैली निकालते मेडिकल के छात्र।

11 तक कालिंदी समेत दो ट्रेनों का अरौल में ठहराव

कन्नौज। कानपुर जिले के अरौल में आयोजित होने वाले उर्स मेला को देखते हुए रेलवे प्रशासन की तरफ से कालिंदी एक्सप्रेस समेत दो ट्रेनों का 11 नवंबर तक संबंधित स्टेशन पर ठहराव होगा। रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार फर्रुखाबाद-कानपुर अनवरगंज रेल खंड पर स्थित अरौल मकनपुर रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों की भीड़ के दृष्टिगत यह व्यवस्था सीमित अवधि के लिए की गई है। इस क्रम में 15037 कानपुर अनवरगंज - कासगंज सवारी गाड़ी अरौलमकनपुर 12.50 पहुँचकर 12.52 बजे प्रस्थान करेगी। 15038 कासगंज - कानपुर अनवरगंज सवारी गाड़ी अरौलमकनपुर 16.37 पहुंचकर 16.39 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह 14117 प्रयागराज - भिवानी एक्सप्रेस अरौल मकनपुर 19.45 पहुंचकर 19.47 बजे प्रस्थान करेगी। 14118 भिवानी - प्रयागराज एक्सप्रेस अरौलमकनपुर 07.47 पहुंचकर 07.49 बजे प्रस्थान करेगी। इन ट्रेनों के ठहराव का समय 2-2 मिनट रहेगा।

दिखाई प्रतिभा | सदर ब्लॉक स्तरीय गणित ओलंपियाड में 10 परीक्षार्थियों का चयन

आयुष राजपूत, मानसी दुबे व सोनम ने ओलंपियाड जीता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। परिषदीय स्कूलों की ब्लॉक स्तरीय गणित ओलंपियाड परीक्षा हुई। इसमें कक्षा 06 से 08 तक के परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। कुल 10 विद्यार्थियों का चयन जिलास्तर के लिए किया गया है। निर्णायक मंडल ने कक्षा 08 में प्रथम स्थान आयुष राजपूत उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालपुर अमरा, द्वितीय स्थान क्रमशः प्रवेश राजपूत उच्च प्राथमिक विद्यालय महचंदापुर व अकुल शर्मा कंपोजिट विद्यालय लोहामढ़ को मिला। तृतीय स्थान पर रजनी उच्च प्राथमिक विद्यालय पैंदाबाद रहीं।

गुरुवार को बीआरसी सदर सभागार में परीक्षा खंड शिक्षा अधिकारी मधुलिका बाजपेयी की देखरेख में हुई। एआरपी मंजेश कुमार, प्रसेनजीत बैस, अतुल कुमार, राजेंद्र कुमार, नीतू सिंह गौतम एवं तनुज भारती ने बच्चों की कॉपी चेक कीं। कक्षा 07 में प्रथम स्थान मानसी दुबे उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालपुर पनवारा, द्वितीय स्थान अर्जुन कंपोजिट विद्यालय महमूदपुर पैठ व तृतीय स्थान पर उमंग कुशवाहा पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बेहरिन रहे। कक्षा 06 में प्रथम स्थान सोनम उच्च प्राथमिक विद्यालय पैंदाबाद, द्वितीय स्थान आयुष कंपोजिट विद्यालय मधुपुर, तृतीय स्थान प्रतीक कुमार कंपोजिट विद्यालय महमूदपुर पैठ रहे। परीक्षा में उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय के उन बच्चों ने प्रतिभाग किया जो विद्यालय स्तर पर 14 अक्टूबर को हुई परीक्षा में प्रथम आए थे। उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय के उन बच्चों ने प्रतिभाग किया जो विद्यालय स्तर पर आयोजित हुई गणित ओलंपियाड एवं प्रतियोगिता में 14 अक्टूबर को हुई परीक्षा में प्रथम आए थे। इस अवसर पर एआरपी दिनेश चंद्र, परीक्षार्थियों के साथ आए अध्यापक तथा कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। चयनित बच्चे डायट में गणित प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे।

बीआरसी कन्नौज सभागार में परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

गणित ओलंपियाड की परीक्षा देते छात्र, छात्राएं। अमृत विचार

सौरिख में किसई जगदीशपुर के बच्चों का दबदबा

सौरिख,कन्नौज। ब्लाक स्तरीय गणित ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन बीआरसी सौरिख पर किया गया। इसमें कक्षा 8 से काजल यूपीएस किसई जगदीशपुर प्रथम, हर्षिता यूपीएस खानपुर द्वितीय, मान्शी यूपीएस कटिघरा तृतीय, कक्षा 7 से अमित कुमार यूपीएस नगला खरगाई प्रथम, नैतिक यूपीएस मुखड़ा द्वितीय, विकास यूपीएस शिवसिंहपुर तृतीय, कक्षा 6 से प्रिंस यूपीएस किसई जगदीशपुर प्रथम, अमन यूपीएस शिवसिंहपुर द्वितीय, मान्या कुमारी यूपीएस बिजनौरा तृतीय स्थान पर रहीं। सभी चयनित छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी अमित कुमार सिंह एआरपी, संजीव कुमार यादव एआरपी, ब्लाक नोडल अशोक कुमार नीरज यादव, नितेंद्र बिहारी हजेला, नैमिष द्विवेदी, उदयभान सिंह, हिमांशु दिवाकर, आशुतोष गुप्ता आदि रहे।

जलालाबाद में रंजीत प्रथम, 36 बच्चों ने गणित ओलंपियाड में किया प्रतिभाग

जलालाबाद। ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालाबाद में गणित ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें 36 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें कंपोजिट विद्यालय फतेहपुर जसोदा के रंजीत ने प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय बछज्जापुर के मुकेश ने द्वितीय व उ. प्रा. वि. नेकपुर कायस्थ के अंकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एआरपी राकेश कुमार ने बताया कि सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 छात्र-छात्राओं को जनपद स्तर के लिए चयनित किया जाएगा। इस दौरान पंकज त्रिवेदी, रमाकांत पाल, साहबे आलम, राम नारायण बौद्ध रहे।

महिला की मौत, हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता, तिर्वा

- खेत में बिगड़ी तबीयत, अस्पताल ले जाते समय गई जान

अमृत विचार। जिले के ठठिया थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालात में महिला की मौत हो गई। मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। इस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया गया कि ठठिया थाना क्षेत्र के खैरनगर चौकी के सुमेरपुर गांव निवासी रानी (35) पत्नी सुनील राजपूत, गुरुवार सुबह परिजनों के साथ धान की मड़ाई के लिए खेत पर गई थी। सुबह करीब 11 बजे उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। उल्टी और चक्कर आने के साथ बेहोश हो गई। परिजन उसे निजी वाहन से तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए ठठिया पुलिस बुला ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका के पुत्र अश्वनी ने बताया कि ट्रैक्टर से कटाई चल रही थी कि मां को चक्कर आया और वह बेहोश हो गई। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। ठठिया थाना प्रभारी देवेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

New DASTAK Classes
दस्तक, आपके सफलता की
The classes are known for preparing students for various exams like
SSC, BANK, UPSI, UPP
Address: Sharada Nagar Crossing No 9, Infront of Anurag Hospital, Kakadeo Kanpur Uttar Pradesh.
CONTACT: 7607780084, 7080270066
Vikash Pathak

अमृत विचार
कानपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025
कन्नौज-फर्रुखाबाद

न्यूज ब्रीफ

किसान नेताओं ने बीडीओ को बताईं किसानों की समस्याएं

छिबरामऊ। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव ने बुधवार को पदाधिकारियों के साथ ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर ग्राम अकबरपुर की गंभीर समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी बीडीओ से मुलाकात की। बीडीओ ने तुरंत संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता की और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

फ्री मेडिकल कैंप में भारी संख्या में पहुंचे मरीज

छिबरामऊ। फातेह बिलग्राम मिशन द्वारा आजाद मकतब पाठशाला के पास मोहल्ला बिरतिया में तक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। हुजूर अनीसुल मशाइख हजरत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी जैदी बिलग्रामी की सरपरस्ती में यह कैंप। इसमें हकीम अब्दुल हक ने मरीजों को देखा और मर्ज के हिसाब से दवाइयां दीं। कैंप इंचार्ज फैसल बास्ती, महमूद मंसूरी आदि लोगों की मौजूदगी में मरीजों को देखा गया।

लाठी-डंडों से हमला कर मां-बेटी को लहूलुहान किया

फर्रुखाबाद। मिलकिया पहाड़पुर निवासी अर्चना देवी (पत्नी शिवकुमार सक्सेना) बुधवार रात करीब आठ बजे अपनी बेटी के साथ घर पर खाना खा रही थीं। तभी गांव के ही एक युवक ने उनके घर आकर खेत पर लगी समर के कमरे की चाबी निकालने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। जब अर्चना देवी ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो युवक और उसके साथियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अपनी मां को बचाने आई बेटी खुशबू को भी हमलावरों ने लाठी-डंडों से पीटा। इस मारपीट में अर्चना देवी और उनकी बेटी खुशबू घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलने पर पीआरवी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। एम्बुलेंस पायलट दल सिंह और ईएमटी अंकित कुमार ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

पांच दिवसीय 24 कोसी परिक्रमा शुरू

फर्रुखाबाद। गुरुवार, 6 अक्टूबर को पौराणिक तीर्थ नगरी कम्पिल में 24 कोसी परिक्रमा का शुभारंभ हुआ। पांच दिवसीय इस परिक्रमा में सैकड़ों संत और नगरवासी शामिल हुए। इसका नेतृत्व कालेश्वर नाथ मंदिर के महंत सत्यगिरि महाराज ने किया। महंत सत्यगिरि महाराज ने बताया कि परिक्रमा का पहला पड़ाव कायमगंज स्थित हनुमान गढ़ी में होगा। इसके बाद यह ईमानपुर बिलसड़, द्रौपदी स्वयंवर स्थल बेदू बाबा आश्रम और शेखपुर होते हुए आगे बढ़ेगी। परिक्रमा का समापन कालेश्वर नाथ विसर्जन स्थल पर होगा। इस प्राचीन तीर्थ नगरी की परिक्रमा वर्ष 2014 से लगातार आयोजित की जा रही है।

भाकियू अखंड प्रदेश का धरना दूसरे दिन भी रहा जारी

फर्रुखाबाद। कायमगंज में भारतीय किसान यूनियन (अखंड प्रदेश) का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बताया कि किसान विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों की प्रमुख मांगों में से एक विद्युत कनेक्शन से संबंधित है। उन्होंने बताया कि कायमगंज क्षेत्र के ग्राम नगला सेठ निवासी राम तीरथ ने अपनी पत्नी रानी राठौर के नाम पर झटपट योजना के तहत बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि विद्युत विभाग ने गलत रिपोर्ट लगाई है। किसान इस मामले की निष्पक्ष जांच और सही रिपोर्ट लगाने की मांग कर रहे हैं।

सभी विभाग समय से पौधरोपण का करें सत्यापन: डीएम

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे 09 जुलाई 2025 को विभिन्न विभागों द्वारा किये गये वृहद वृक्षारोपण के सत्यापन की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग समय से वृक्षारोपण का सत्यापन करना सुनिश्चित करे, वृक्षारोपण की गणना पंजिका तैयार की जाये, अगले वर्ष के वृक्षारोपण के लिए जमीन का चिन्हांकन अभी से कर लिया जाये।

करोड़ों रुपये खर्च करने में आपत्तियां, निस्तारण नहीं

आठ ग्राम विकास अधिकारियों को निलंबित करने की चेतावनी मिली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीपीआरओ व सीडीओ ने भेजे पत्र ऑडिट के लिए नहीं लिया संज्ञान
- 2017-18 व 2018-19 का मामला डीडीओ ने जारी किए नोटिस



अमृत विचार। जिले के 08 ग्राम विकास अधिकारियों को निलंबित, अनुशासनात्मक व विभागीय करने करने का नोटिस भेजा गया है। आरोप है कि वर्ष 2017-18 व 2018-19 के लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के संबंध में ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण नहीं कराया है। इसको लेकर डीपीआरओ व सीडीओ ने कई पत्र भेजे लेकिन उसका संज्ञान अब तक नहीं लिया गया।

डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने ऑडिट आपत्तियां निस्तारित न कराने वाले 08 ग्राम विकास अधिकारियों से कहा है कि अनुस्मारक भेजे जाने के बाद भी जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायत कन्नौज को अब तक अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। 03 से 4 दिनों में अभिलेख उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान यदि अभिलेख नहीं दिए गए या ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण नहीं किया तो संबंधित सचिवों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। साथ ही जिला विकास अधिकारी ने साक्ष्यों समेत स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब न करने पर निलंबन किया जाएगा।

बताया गया है कि संबंधित ग्राम विकास अधिकारी कई विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में तैनात रहे। विकास कार्य कराने के नाम पर उन्होंने खूब खर्च किया। इसका ऑडिट हो रहा है लेकिन बिल-वाउचर नहीं दिए हैं। इस पर आपत्ति लगाई गई है। मामला करोड़ों रुपये का बताया जा रहा है।

इन ग्राम विकास अधिकारियों को भेजा गया नोटिस

नाम	तैनाती ब्लॉक
अश्वनी कुमार	गुगरापुर
विनीत कुमार	जलालाबाद
अशोक यादव	तालग्राम
योगेंद्र सिंह	छिबरामऊ
देवेंद्र प्रताप सिंह	कन्नौज
जयप्रकाश	उमर्दा
विमलेश कुमार	कन्नौज
नसीबुद्दीन	कन्नौज

सेवा समाप्ति की बात पर भड़का नर्सिंग स्टाफ

कन्नौज। कुछ माह पहले राजकीय मेडिकल कॉलेज में हुई तैनाती के बाद अचानक सेवा समाप्ति की बात कहे जाने पर नर्सिंग स्टाफ भड़क गया। इसके साथ ही हंगामा शुरू हो गया। जानकारी पर विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत पहुंचे तो उनके सामने भी नर्स हंगामा करती रहीं। करीब चार महीने पहले जून में ही मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग माध्यम से 83 महिला और पुरुषों की नर्स के पद पर तैनाती की गई थी। इनको नौकरी शिवम इंटरप्राइजेज कम्पनी की ओर से मिली थी जिसका टेंडर मई 2025 में हुआ था। अचानक टेंडर निरस्त कर दिया गया। इस कारण कर्मियों की नौकरी के साथ मानदेय पर संकट खड़ा हो गया। स्टाफ ने प्राचार्य सीपी पाल से बात की तो उन्होंने जल्द ही मानदेय मिलने का भरोसा तो दिया लेकिन साथ में सेवा समाप्ति की बात भी कही। इस पर नर्सों ने हंगामा शुरू कर दिया। भाजपा के क्षेत्रीय विधायक कैलाश राजपूत पहुंचे और प्राचार्य से बात की। इसके बाद सभी को आश्वासन दिया कि मानदेय दिलाया जाएगा। किसी की नौकरी नहीं जाएगी।

राम दरबार का चित्र भेंट करते डॉ. प्रत्युष दुबे व अन्य। अमृत विचार

फिल्म जीरो के हीरो 'छोटू' को किया गया सम्मानित

संवाददाता, छिबरामऊ

- बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम कर चुके हैं आशीष कुमार सिंह

अमृत विचार। बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम करने वाले मशहूर एक्टर आशीष कुमार सिंह उर्फ छोटू को शहर आगमन पर युवाओं ने सम्मानित किया। मैनपुरी जिले की किशनी तहसील के गांव जासमई के रहने वाले छोटू की शिक्षा शहर के नेहरू कॉलेज में हुई। गुरुवार को शहर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रत्यूष दुबे के प्रतिष्ठान सरोजनी देवी नेत्र चिकित्सालय पर युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। यहां डॉ. दुबे ने साथियों के साथ राम दरबार के चित्र को भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर आनंद गुप्ता, गौरव गोयल, अतुल वर्मा, शरद गुप्ता, वीर सिंह चौहान, रामजी गुप्ता मौजूद रहे।

समितियों के लिए एक हजार एमटी एनपीके का आवंटन मिला

कन्नौज। जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता ने बताया कि फर्रुखाबाद से कन्नौज जनपद की 39 सहकारी समितियों के लिए एनपीके खाद का आवंटन मिल गया है। जल्द ही एक हजार मीट्रिक टन उर्वरक आ जाएगा। उन्होंने बताया कि पीसीएफ बफर में 500 एमटी 16:16:16 एनपीके मिलेगी। 250-250 मीट्रिक टन 20:20:0:13 और 15:15:15 एनपीके का आवंटन आया है। जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि तिखवा, उदैतापुर, आंटी, मौसमपुर मौरारा, महमूदपुर पैठ, बरौली, सीहपुर, कन्नौज कछोहा, नजरापुर, सरायमीरा, जलालाबाद, फत्तेपुर, बदलेपुर्वा, जसपुरापुर, हसेरन, नादेमऊ, इंदरगढ़, चांदापुर, तिर्वा, ठठिया, हांसापुर, अगौस, जदेपुर्वा, छिबरामऊ पूर्वी व पश्चिमी, सिकंदरपुर, प्रेमपुर, सौरिख, सकरावा, गुरसहायगंज, तालग्राम, भुन्ना, कन्नौज, विजनापुर, मियांगंज, फगुहा व तेराजाकेट का आवंटन आया है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

बच्चों को सम्मानित करते कमेटी के लोग। अमृत विचार

बच्चों को किया गया पुरस्कृत

संवाददाता, छिबरामऊ

अमृत विचार। लगभग 35 वर्षों से कार्तिक माह की नवमी को निकलने वाली मां दुर्गा की शोभायात्रा में शामिल बच्चों को मां नव दुर्गा समिति की तरफ से पुरस्कृत किया गया।

नगर में एक अक्टूबर को मां नव दुर्गा सेवा समिति ने शोभायात्रा का आयोजन किया था। यात्रा में नगर के 61 बच्चों ने देवी माँ व विभिन्न देवी देवताओं के स्वरूप रखे थे।बुधवार को मोहल्ला बजरिया स्थित गेस्ट हाउस में समिति द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र, अंग पट्टिका, ईश्वर चित्र व प्रोत्साहन धनराशि देकर सम्मानित किया गया। मोहल्ला कटरा के अजय शर्मा, सागर सैनी के साथ उनकी टीम व मोहल्ला चौधरीयान के दीपक शाक्य व उनके सहयोगी बच्चों को ट्राफी, दुशाला, प्रमाणपत्र व ईश्वर चित्र देकर सम्मानित किया गया।

रामलीला : कान्हा नाइट के कलाकारों ने किया जीवंत झाकियों का प्रदर्शन

संवाददाता, जलालाबाद (कन्नौज)

राम राज्याभिषेक में आरती करते शुभम त्रिपाठी।

अमृत विचार। श्री रामचरित मानस अखिल चेतना मंच के तत्वाधान में स्व. राम नारायण शुक्ल के दरवाजे पर चल रही रामलीला में श्री राम का राज्याभिषेक किया गया। भक्तों ने पुष्पवर्षा कर श्री राम के जयकारे लगाए।

बुधवार रात राम के राज्याभिषेक में भक्तों का सैलाब उमड़ा। भक्तों ने श्रीराम का तिलक कर पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। एटा से आए कान्हा नाइट के कलाकारों ने सजीव झांकियों का प्रदर्शन किया। कान्हा के स्वरूप में सजे कलाकारों ने भजनों पर देर रात तक नृत्य किया गया। इस दौरान अध्यक्ष श्यामू तिवारी, अनिल द्विवेदी, सुनील श्रीवास्तव, सत्येंद्र दुबे, गोलू पाठक छिबरामऊ, अजय शर्मा, स्वदेश मिश्रा, सचिन मिश्रा, अमन तिवारी, शुभम दुबे, पीयूष दुबे, हिमांशु दुबे, अजय शर्मा, सोनम तिवारी, विभू तिवारी, राघव तिवारी, नंदन दुबे, लवलू दिवाकर, गोविंद चौरसिया आदि मौजूद रहे।

ईएमटी को आपातकालीन सेवाओं का दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

क्लस्टर आधारित प्रशिक्षण में ईएमटी को डेमो दिखाते प्रशिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार। जनपद में क्लस्टर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सभी ईएमटी को आपातकालीन सेवाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान लखनऊ से आए ट्रेनर हरिकिशोर ने 108/102 एम्बुलेंस सेवा की भूमिका, "गोल्डन ऑवर्स" के महत्व, ट्रॉमा पेशेंट की हैंडलिंग, प्राथमिक उपचार, सीपीआर प्रोपर ऑक्सीजन मेडीकल उपकरण एवं सड़क सुरक्षा पर विशेष जानकारी दी। क्वालिटी टीम से आए प्रशिक्षक धनंजय ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता और प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा।

सहायक कमांडेंट अशुतोष को केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक

- ग्राम चांदपुर फर्रुखाबाद के निवासी हैं आशुतोष अवस्थी

सहायक कमांडेंट अशुतोष अवस्थी।

फर्रुखाबाद। जनपद के गौरव, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक कमांडेंट अशुतोष अवस्थी को वर्ष 2025 का केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्तूबर) के अवसर पर विशेष अभियानों में उत्कृष्ट नेतृत्व व साहसिक योगदान के लिए दिया गया।

अशुतोष अवस्थी मूलतः ग्राम चांदपुर फर्रुखाबाद के निवासी होकर एक साधारण ग्रामीण परिवार से हैं। उनके पिता भारतीय सेना में सेवारत रहे हैं, जिससे उन्हें देश सेवा की प्रेरणा बचपन से मिली। वर्ष 2025 के ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट (अप्रैल-मई 2025) के दौरान उन्होंने कर्रगुट्टालू पर्वत श्रृंखला में सक्रिय नक्सली-माओवादी तंत्र को निष्क्रिय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा की सफल पुनर्स्थापना की। उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जनपद ही नहीं, बल्कि पूरा प्रदेश गर्व महसूस कर रहा है।

सहायक कमांडेंट अवस्थी ने यह साबित किया है कि देशभक्ति, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने वाला हर युवा राष्ट्र की सुरक्षा का सशक्त आधार बन सकता है। उनकी इस उपलब्धि से चांदपुर सहित पूरे जनपद में खुशी की लहर है।

सड़क किनारे खड़े युवक को स्कूली बस ने कुचला, गई जान

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। नगर पंचायत खीमसेपुर में गुरुवार को एक स्कूली बस की टक्कर से सड़क किनारे खड़े युवक की मौत हो गई।

कोतवाली मोहम्मदाबाद के मोहल्ला विद्यापति नगर वार्ड नंबर 6 निवासी 35 वर्षीय शैलेश सक्सेना पुत्र लालाराम एक भूमि विवाद के मामले में अपने साथी राघवेंद्र पुत्र लोचन सिंह के साथ एसडीएम सदर कार्यालय जाने के लिए निकला था। वह नदसा नगर पंचायत खिमसेपुर कार्यालय के निकट खड़ा था, उसी समय अवंतीबाई नगर वार्ड नंबर 8 स्थित एक इंटर कॉलेज की बस ने उसे कुचल दिया, जिससे शैलेश गंभीर रूप से घायल हो गया, गंभीर रूप से घायल शैलेश को 108 एंबुलेंस से सीएससी मोहम्मदाबाद लाया गया। परीक्षण के उपरांत चिकित्सक ने शैलेश को मृत घोषित कर दिया, शैलेश की पत्नी कामना देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर उप निरीक्षक जयवीर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि शैलेश पापड़ी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

दो ट्रकों की भिड़त में दोनों चालक गंभीर घायल

- **फर्रुखाबाद।** इटावा-बरेली हाईवे पर जमापुर के पास देर रात दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गये। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना राजेपुर थाना क्षेत्र में जमापुर मोड़ से लगभग 200 मीटर आगे सूरज हॉस्पिटल के सामने रात करीब 9 .30 बजे हुई। फर्रुखाबाद निवासी अजीत (30) आलू से भरा ट्रक लेकर शाहजहांपुर की ओर जा रहा था। वहीं, मुरादाबाद निवासी मोहम्मद चांद (28) भूसे से भरा ट्रक लेकर शाहजहांपुर की तरफ से आ रहा था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आलू से भरे ट्रक के चालक अजीत ने गलत साइड में जाकर भूसे से भरे ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में आलू से भरे ट्रक के चालक अजीत पुत्र संतराम मिश्रा को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। दूसरे ट्रक के चालक मोहम्मद चांद पुत्र भूरे के हाथ में चोट लगी है। दोनों घायलों को जिला लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बाइक फिसलने से महिला गिरी, घायल

- **फर्रुखाबाद।** मऊ दरवाजा थाना क्षेत्र के चैरसिया मझोला गांव निवासी अनुभव शाक्य अपनी मां अंजलि के साथ बाइक से मैनपुरी के नगला कोटी स्थित अपने जीजा सत्यपाल के यहां से लौट रहे थे। नवाबगंज थाना क्षेत्र के बबना गांव के पास अचानक एक बकरा सामने आ गया। बकरे से बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे अंजलि घायल हो गई।

रोने से परेशान मां बच्चों को लेकर गंगा में कूदी

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- एनडीआरएफ की टीम ने तीनों को बचाया

अमृत विचार। मां बच्चों के रोने से इतनी आजिज आ गयी कि बच्चों सहित उफनाती गंगा में छलांग लगा दी। भला हो एनडीआरएफ की टीम का, जिसने तीनों को सुरक्षित गंगा से बाहर निकाल लिया।

शमशाबाद ब्लॉक क्षेत्र के न्यामतपुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार अपनी पत्नी अर्चना और दो बच्चों के साथ हरदोई स्थित ससुराल से लौट रहे थे। ढाई घाट गंगा पुल पर मेला लगा था, जहां जितेंद्र घर के अन्य बच्चों के लिए खिलौने लेने चले गए। उन्होंने अपनी पत्नी और बच्चों को पुल पर ही छोड़ दिया। इसी दौरान, अर्चना ने पहले अपने दोनों बच्चों को गंगा में फेंक दिया और फिर खुद भी छलांग लगा दी। गंगा तट पर मौजूद लोगों ने यह देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया। एनडीआरएफ की टीम ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया और तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पति जितेंद्र मौके पर पहुंचे और तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया।

सीएचसी के चिकित्सक विश्वदीप ने बताया कि तीनों की हालत स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। जितेंद्र खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करता है। बताया एक वर्ष के आशीष और तीन वर्ष की आशिका को गंगा में फेंका था। जबकि घर पर आयुष और आरुष थे। महिला के पति जितेंद्र ने बताया पत्नी अर्चना को मायके से लेकर आ रहे थे। कहा घर पर बच्चे थे उनके लिए खिलौना लेने चला गया। इस दौरान ही इन्होंने गंगा में छलांग लगा दी। वहां मौजूद लोगों ने बताया की महिला ने पहले बच्चों को गंगा में फेंका था। बाद खुद छलांग लगाई। अर्चना ने बताया कि बच्चे रोते बहुत है इसलिए फेंक दिया था। सोचा बच्चों के साथ हम भी मर जाएं।

कार्रवाई

कायमगंज नगर पालिका ने 25 हजार का जुर्माना भी लगाया

पालिका ने जब्त की सिंगल यूज प्लास्टिक

संवाददाता, कायमगंज

सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाते नगर पालिका के अधिकारी।

अमृत विचार। कायमगंज नगर पालिका प्रशासन ने बुधवार को सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्त कदम उठाते हुए नगर के बाजारों में छापेमारी कर 64 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन और डिस्पोजल सामान जप्त किया। इस दौरान दुकानदार पर 25000 का भारी जुर्माना भी लगाया गया। यह अभियान नगर अधिशासी अधिकारी डॉक्टर लव कुमार के निर्देश पर चलाया गया।

नगर पालिका परिषद की टीम ने जब गंगा दरवाजा स्थित कौशल की दुकान पर पहुंच कर भारी मात्रा में पॉलिथीन थर्माकोल प्लेट ग्लास दोना पत्तल चम्मच बरामद होने पर प्रशासन ने सामग्री को जब्त कर दुकानदार के खिलाफ जुर्माना किया। बाजार में इस करवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपनी दुकानों से पॉलिथीन हटाना शुरू कर दिया। इस अभियान में नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक अंशुमान शुक्ला अवर अभियंता (जल) प्रशांत कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद सफाई नायक सुभाष चंद्र कार्यालय सहायक अरशद और धर्मेंद्र शामिल रहे। टीम ने पूरे अभियान के दौरान दुकानदारों को चेतावनी दी कि भविष्य में प्लास्टिक का प्रयोग करने पर सख्त कार्रवाई होगी। ईओ लव कुमार मिश्रा ने बताया की नगर में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा पर्यावरण बचाने के लिए जरूरी है की सभी व्यापारी और नागरिक पॉलिथीन का इस्तेमाल बंद करें और कपड़े या जूट के थैलों का इस्तेमाल करें। नगर पालिका ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वह स्वच्छ एवं हरित शहर बनाने के लिए प्रशासन का सहयोग करें।

सपा के प्रदेश सचिव का जन्मदिन मनाकर जीत का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

डॉ. जितेंद्र यादव के जन्मदिन पर केक काटते देवेन्द्र सिंह यादव एडवोकेट व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव के जन्मदिन पर समाजवादियों ने 2027 के विधानसभा चुनाव में सूबे में समाजवादी परचम फहराने का संकल्प लिया। जिले भर में समर्थकों ने केक काटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का जन्मदिन जनपद में धूमधाम से मनाया गया। सभी ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और दीर्घायु होने की कामना की और इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. जितेंद्र सिंह यादव के समाजसेवी कार्य, सरल स्वभाव, अन्तिम व्यक्ति को शिक्षित करने की ललक, फर्रुखाबाद को विश्व के मानचित्र पर पहुंचाने का सपना सभी के लिए प्रेरणा की बात है। सभी ने उनके चित्र के समक्ष केक काटकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। एक स्वर से सभी ने साल के दिन हो पचास हजार का उद्घोष किया। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि आप और अधिक यशस्वी हों। कायमगंज में मनीष गंगवार, नवाबगंज में साजिद अली, संजीव यादव प्रधान, प्रदीप यादव, कचहरी फतेहगढ़ में देवेंद्र यादव एडवोकेट, डॉ. सुभाषपाल आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

भरथना। डीएफसी रेलवे लाइन पर बुधवार की देर रात एक युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। क्षेत्र के गांव घमुरिया निवासी 25 वर्षीय अजय बुधवार की देर रात करीब दो बजे गांव के पास से गुजरी डीएफसी रेलवे लाइन के उस पार खेतों में पड़ी धान की फसल को देखने जा रहा था। डीएफसी लाइन पार करने के दौरान वह तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गयी।

सड़क दुर्घटना में डॉ. अक्षय कुमार घायल

बकेवर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा महेवा में गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में स्थानीय महेवा ब्लॉक में तैनात फसल सुरक्षा प्रभारी महेवा डॉ. अक्षय कुमार घायल हो गए। जानकारी के अनुसार डॉ. कुमार अपनी मोटरसाइकिल से ब्लॉक मुख्यालय की ओर आ रहे थे। इस दौरान स्टेट बैंक महेवा के सामने एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में वे फिसलकर सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही विभागीय सहकर्मी, ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्रीय लोग अस्पताल पहुचे जहां डॉ गौरव त्रिपाठी की देखरेख में प्राथमिक उपचारकिया गया।

पटेल जयंती समारोह की तैयारियां पूरी

इटावा। उत्तर प्रदेश सरदार पटेल विचार मंच के तत्वावधान में इटावा में सरदार पटेल की मूर्ति स्थापना के 25 साल पूर्ण होने तथा उनके 150 वें जन्म दिन के उपरांत 7 नवम्बर को केके कालेज में प्रात: 10 बजे से आयोजित होने जा रहे सरदार पटेल जयंती के भव्य समारोह की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक आशीष पटेल ने बताया कि कार्यक्रम में समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व में इटावा में पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे चुके सेवानिवृत डीआईजी राजू बाबू सिंह, पूर्व एम एल सी रामनरेश यादव, पूर्व एमएलसी राकेश यादव, सांसद इटावा जितेंद्र कुमार दोहरे, विधायक राघवेंद्र गौतम, अशोक यादव, मिथलेश कटियार, प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक डॉ अजंट सिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता आदि लोग मोजूद रहेंगे।

आज से 19 तक होगा मृत्युञ्जय महायज्ञ

इटावा। हिन्दू हॉस्टल ग्राउंड रामलीला रोड पर 7 नवम्बर से 19 नवम्बर तक 1108 कुण्डीय मृत्युञ्जय माँ पीताम्बरा महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य संयोजन पूज्य स्वामी रामदास जी महाराज के निर्देशन में हो रहा है। आयोजन समिति के अनुसार यह महायज्ञ राष्ट्र के आध्यात्मिक उत्थान, पर्यावरण संतुलन, समाज में एकता और सद्भाव तथा भारतीय संस्कृति के पुन: जागरण का प्रतीक होगा। प्रत्येक परिवार से पति-पत्नी संयुक्त रूप से आहुति देंगे। स्वामी रामदास जी महाराज ने कहा कि यज्ञ केवल अग्नि में आहुति देना नहीं बल्कि आत्मा को शुद्ध करने का माध्यम है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में 1108 कुण्डीय यज्ञ, उपनयन संस्कार, प्रायश्चित कर्म, नांदीमुख श्राद्ध और मातृशक्ति कलश यात्रा शामिल हैं।

बासमती धान के दामों में आई गिरावट

इटावा। क्षेत्र के किसानों को इस वर्ष धान की फसल से अच्छी आमदनी की उम्मीद थी, लेकिन बाजार भाव उम्मीदों के बिल्कुल विपरीत रहे। किसानों का कहना है कि धान का न्यूनतम भाव ढाई हजार रुपये प्रति क्विंटल भी नहीं मिल रहा, जिस कारण लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। इस बार मौसम की मार औसत पैदावार मात्र तीन क्विंटल प्रति बीघा से कम रही, जिससे किसानों को भारी निराशा हाथ लगी है। किसानों के अनुसार एक बीघा धान की खेती पर करीब पांच हजार रुपये का खर्च आता है, जिसमें खाद, बीज, मजदूरी, जुताई, सिंचाई और कटाई जैसी लागत शामिल है। लेकिन कम पैदावार और घटे हुए बाजार भाव की वजह से किसानों के हाथ में एक हजार रुपये प्रति बीघा की बचत ही रह गई। किसानों का कहना है कि यदि सरकार धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कड़ाई से खरीद कराए या मंडियों में नियंत्रण व्यवस्था मजबूत करे, तभी उन्हें उचित दाम मिल सकते हैं। इस संबंध में एडीओ कृषि शिवम कुमार ने बताया कि किसानों को बासमती धान का भाव नहीं मिलने से नुकसान है, जिसकी रिपोर्ट जिले से शासन को भेजी जायेगी।

डीबीए चुनाव को लेकर वकीलों में गहमा-गहमी, दो पक्ष आमने-सामने

एक पक्ष की आज मतदान की तैयारी वहीं दूसरे पक्ष ने कहा 12 को होगा मतदान, उसी दिन शाम को आयेगा परिणाम

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर गहमा गहमी बढ़ गई है। इस मामले में दो पक्ष सीधे-सीधे आमने-सामने आ गए है। एक पक्ष की ओर से 7 नवंबर को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार मतदान कराए जाने की तैयारी की गई है। इसके लिए कचहरी में टेंट भी लगवा दिया गया है। इसके विपरीत दूसरे पक्ष का कहना है कि मतदाता सूची का संशोधन होने के बाद मतदान 12 नवंबर को कराया जाएगा।

जिले में डीबीए के चुनाव को लेकर पिछले चार-पांच दिनों से गहमा गहमी की स्थिति चल रही है। इसमें दो पक्ष आमने-सामने है। पहले एल्डर्स कमेटी का अध्यक्ष शांति स्वरूप पाठक को बनाया गया था। बाद में जिला बार एसोसिएशन ने बार काउंसिल के निर्देश पर

मतदान के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते शांति स्वरूप पाठक।

बैठक करते एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन प्रेम शंकर शर्मा व डीबीए अध्यक्ष अनिल गौर।

प्रेम शंकर शर्मा को एल्डर्स कमेटी का अध्यक्ष बनाया लेकिन शांति स्वरूप पाठक का कहना है कि वे एल्डर्स कमेटी के अभी भी अध्यक्ष हैं। अध्यक्ष के नाते पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार 7 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। यह मतदान सुबह 8:30 बजे शुरू होगा। इस संबंध में शांति स्वरूप पाठक ने बताया है कि उनकी एल्डर्स कमेटी की बैठक इंदिरा पार्क में हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 नवंबर को मतदान कराया जाए। यह मतदान सुबह 8:30 बजे शाम 4:00 बजे तक इंदिरा गांधी पार्क में चलेगा। उन्होंने बताया कि शाम 5 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी और परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। इंदिरा गांधी पार्क में मतदान कराए जाने को लेकर तैयारी चल रही है। शांति स्वरूप पाठक ने बताया कि 7 नवंबर को मतदान की पूरी तैयारी कर ली गई है।

दूसरी ओर डीबीए अध्यक्ष अनिल कुमार और एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन प्रेम शंकर शर्मा की अगुवाई में एक बैठक डीबीए सभागार में हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया कि 12 नवंबर को मतदान कराया जाएगा जो सुबह 8:30 बजे शुरू होकर 4:00 बजे तक चलेगा। उसी दिन शाम 5:00 बजे मतगणना कराई जाएगी। इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 7 नवंबर को मतदान करने के मामले में अब विलंब हो गया है। अब बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आदेश पर मतदाता सूची में यदि कोई त्रुटि हुई है तो उसमें 10 नवंबर तक सुधार कर लिया जाएगा और 12 नवंबर को चुनाव कराया जाएगा। डीबीए अध्यक्ष अनिल गौर ने बताया कि अब प्रेम शंकर शर्मा एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष हैं और 12 नवंबर को मतदान कराया जाएगा।

इस बैठक में राघवेंद्र नारायण सेंगर, विद्याराम भारती, देवेंद्र पाल सिंह, प्रशांत दुबे, वीरेंद्र यादव, हैप्पी ठाकुर, रामेंद्र चौहान, हरविलास दोहरे, संतोष सिंह चौहान, दीपू भदोरिया व अभिनेंद्र चौहान मौजूद रहे। इसे लेकर गुरुवार को पूरे दिन कचहरी परिसर में चर्चाएं चलतीं रहीं। दोनों पक्षों के लोगों की बैठकें चलती रहीं।

अंडरपास के पानी में मिला ठेकेदार का शव

कार्यालय संवाददाता इटावा

- तीन दिन से लापता थे 70 वर्षीय ठेकेदार श्रीकृष्णा यादव

अमृत विचार। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में गुरुवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे स्थित संचेतना कॉलेज के पास रेलवे अंडरपास में भरे पानी में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव उतराता हुआ मिला। मृतक की पहचान 70 वर्षीय ठेकेदार श्रीकृष्णा यादव निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी के रूप में हुई है, जो पिछले तीन दिनों से लापता थे। सूचना पर थाना प्रभारी अमित मिश्रा पुलिस टीम और फॉरेंसिक यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे। गहरे पानी में दलदल जैसी स्थिति के कारण शव को बाहर निकालने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मौके से उनकी मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी पड़ा मिला।

परिजनों के अनुसार, श्रीकृष्णा यादव सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे घर से नगला कन्हई निवासी कमल सिंह के पास जाने की कहकर निकले थे। शाम 6 बजे पत्नी से उनकी फोन पर अंतिम बार बातचीत हुई। इसके बाद फोन बंद हो गया, जिससे परिजनों को लगा कि वह शायद अपने पैतृक गांव चले गए होंगे। इस भ्रम में परिवार ने पुलिस से कोई शिकायत नहीं की। क्योंकि वह अक्सर गांव चले जाते थे, लेकिन दूसरे दिन भी फोन ऑफ आने पर परिवार को चिंता हुई। तब जाकर कई जगह उनकी तलाश की गई, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। गुरुवार को उनकी बेटी ने दोपहर में इनको फोन लगाया तो फोन पुलिस ने रिसीव किया और इस घटना की जानकारी दी। जिसके बाद सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। मृतक के दामाद यशपाल ने बताया कि श्री कृष्णा यादव घर से सामान्य रूप से निकले थे। उनकी अचानक मौत कैसे हुई, यह कहना अभी मुश्किल है। घटनास्थल पर उनकी बाइक भी पानी में डूबी मिली है। किसी दुर्घटना या अन्य कारण की बात पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया यह मामला पानी में गिरने से हुई दुर्घटना जैसा प्रतीत हो रहा है।

मरीज लेकर जा रहे एंबुलेंस चालक व परिजनों को पीटा

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। सड़क हादसे में घायल मरीज को घर ले जा रही एंबुलेंस को रास्ता देने को लेकर हुए विवाद में लोडर सवार तीन लोगों ने एंबुलेंस ड्राइवर, मरीज की पत्नी और उसकी बहन के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने सोने की जंजीर और दस हजार रुपयेभी छीन लिए। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है।

औरैया के एरवाकटरा थाना क्षेत्र के चिरैयापुर गांव निवासी 30 वर्षीय रूबी देवी ने बताया कि आठ दिन पहले उनके पति प्रदीप सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी होने के बाद वह घर जा रहे थे तभी रास्ते में चितभवन गांव के पास एक लोडर आ गया। मरीज होने के कारण एंबुलेंस ड्राइवर ने लगातार हूटर बजाकर रास्ता देने का संकेत दिया, लेकिन लोडर सवार रास्ता देने को तैयार नहीं थे। इसी दौरान अचानक लोडर ड्राइवर ने ब्रेक लगा दिए, जिससे एंबुलेंस लोडर से हल्की टकरा गई। इसके बाद लोडर में सवार तीन लोगों ने एंबुलेस चालक के साथ मारपीट की। बीच बचाव करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की। आरोप है मारपीट करने वालों ने उसके पास से नकदी व जेवर भी छीन लिए। पुलिस ने बताया मारपीट हुई है, छिनैती नहीं हुई है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बाइक से गिरकर महिला की गई जान

महेवा। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम निवाड़ी खुर्द के पास पति के साथ बाइक से जा रही महिला ब्रेकर आने से बाइक से उछल कर नीचे गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के जिला अस्पताल भेजा गया जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

ग्राम परसौली निवासी हरिओम अपनी पत्नी माया को लेकर बाइक से अछल्दा जा रहे थे तभी निवाडी के पास ब्रेकर आने से माया बाइक से सडक पर जा गिरी जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई उसे सीएचसी लाया गया जहां गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

इस सरकार में महिलाओं को मिल रहा त्वरित न्याय

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में महिला जनसुनवाई की। उन्होंने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना। इसके अलावा उन्होंने नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति के तहत प्रेरक महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

जनसुनवाई के दौरान 11 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिसमें सबसे ज्यादा महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सदस्य पूनम द्विवेदी ने मौके पर 4 शिकायतों का निस्तारण किया एवं उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए

छात्रा को प्रमाण पत्र देतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी। अमृत विचार

- मिशन शक्ति के तहत प्रेरक महिलाओं को किया सम्मानित

कहा कि शेष प्रकरणों का 15 दिन के अंदर निस्तरण किया जाए। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं, शिकायतों को सुनते हुए कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके हक के प्रति सजग किया जा सके और उन्हें सशक्त बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का भी दायित्व बनता है कि वे महिलाओं एवं बालिकाओं की छोटी-बड़ी शिकायतों को गम्भीरता से लें और त्वरित कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को न्याय के लिए इधर- उधर भटकना न पड़े और उनका मान-सम्मान प्रत्येक दशा में कायम रहे।

उन्होंने दिव्यांगजन द्वारा कैंप लगाने के निर्देश दिए, जिसपर दिव्यांगजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि समस्त विकास खण्डों में कैंप लगाए जा रहे हैं एवं पात्रों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शादी अनुदान में दिव्यांग को आच्छादित किया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी न्यायिक चकरनगर, सीओ जसवन्तनगर आयूषी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप तिवारी, समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल आदि रहीं।

पुरावली में धूमधाम से शुरू हुआ मेला

संवाददाता महेवा इटावा

अमृत विचार। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरावली में वार्षिक पारंपरिक मेला मंगलवार की रात धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल के साथ शुरू हुआ। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडवोकेट मनोज उपाध्याय, मेला अध्यक्ष बृजेंद्र पांडे एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य व सपा नेता मिथुन पांडे ने फीता काटकरकिया।

अतिथियों ने ग्रामीणों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मेले के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पूर्व प्रधान सुभाष यादव, मुकेश कुमार राठौर सहित कई गणमान्य ग्रामीण व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच संचालन के दौरान मेले की सांस्कृतिक झलक ने पूरा माहौल भक्तिमय बना दिया। रात्रि कार्यक्रम में राजा हरिश्चंद्र की कथा का मनमोहक मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने अभिनय

मेले का उद्घाटन करते क्षेत्र पंचायत सदस्य मिथुन पांडे।

से दर्शकों को भावुक कर दिया। यह कथा देखने के लिए पुरावली के अलावा आसपास के कई गांवों - ढकाताल, महेवा, , लाखी अंदावा कई गांव आदि से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

मेले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए बकेवर थाना प्रभारी विपिन मालिक, चौकी इंचार्ज दया शंकर वर्मा अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे और लगातार निगरानी करते रहे। मेले की शुरुआत के साथ ही पूरे क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा और उमंग का वातावरण बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मेला गांव की परंपरा, आस्था और आपसी मेल-जोल का प्रतीक है।

ग्राम पंचायत सचिवों ने खोला मोर्चा

इटावा। ग्राम पंचायत सचिवों ने अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है और आंदोलन का ऐलान भी किया है। यह निर्णय लिया गया है कि एक सप्ताह में समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो कार्य बंद करके विकास भवन गेट पर आंदोलन किया जाएगा। पंचायत सचिव की जिम्मेदारी संभालने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारियों की संयुक्त बैठक में अधिकारियों पर तानाशाहीपूर्ण रवैया अपनाने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया। सिंचाई विभाग के संघ भवन पर दोनों संघों के अध्यक्ष पूरन सिंह व दीपक कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें कहा गया कि जिला स्तरीय अधिकारी तानाशाहीपूर्ण रवैया अपना रहे हैं। इसका एक स्वर से विरोध किया गया।

ट्राला से दबकर मजदूर घायल

भरथना। गांव तुरुकपुर पीपरीपुर निवासी रवि 26 वर्ष एक मिल में पल्लेदारी करता है। नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति में धान की गाड़ी लोड करने जा रहा था। तभी ट्रैक्टर ट्राला की चपेट में आ गया। जिससे ट्राला का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना में भर्ती कराया।

कार्यालय ग्राम पंचायत इटायल विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्रांक :– मेमो/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक 06.11.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग, एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/ पन्द्रहवाँ वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अंर्तगत ग्राम पंचायत इटायल में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 13.11.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक ग्राम पंचायत इटायल के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जायेगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 07/11/2025 से दिनांक 13/11/2025 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

क्र0 सं0	योजना का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत/ सामग्री	धरोहर धनराशि 2%	निविदा का मूल्य + टी.टी.	कार्य पूर्ण होने की अवधि
1	केन्द्रीय/ राज्य वित्त	ग्रा0पं0 इटायल में गौशाला में मेनगेट से शेड तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	1,71,305.00	3,426.1 रू0	225+41	03 माह

अन्य शर्ते–

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दर मान्य नहीं होगी। 3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट – बढ़ सकती है। 4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें। 5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी। 6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

प्रधान
ग्राम पंचायत इटायल
विकास खण्ड– गोहाण्ड
(हमीरपुर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत इटायल
विकास खण्ड– गोहाण्ड
(हमीरपुर)

मांग

बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा दे सरकार : अनिल

किसान सभा ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

संवाददाता भरथना इटावा

अमृत विचार। किसान सभा ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि जनपद की सभी तहसील क्षेत्रों में धान की फसल कटने के लिए तैयार थी। ऐन वक्त पर कई दिनों तक हुई बेमौसम बारिश से किसानों की फसल बर्बाद हो गई। लेकिन वर्तमान किसान विरोधी सरकार ने न तो फसल नुकसान का सर्वे कराया और न ही उसके लिये मुआवजा दिलाने की अभी तक कोई घोषणा की। किसान सभा सरकार के इस रवैये की घोर निंदा करती है।

कामरेड अनिल दीक्षित ने किसान सरकार से फसल नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर नुकसान के आधार पर किसान को मुआवजा दिलाने की मांग की है। मुआवजे की मांग को लेकर कामरेड अनिल दीक्षित के नेतृत्व में दर्जनों किसानों

तहसीलदार को ज्ञापन देते किसान सभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

ने बुधवार को प्रदर्शन किया और भरथना तहसील मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित मांगों वाला एक ज्ञापन भरथना तहसीलदार दिलीप सिंह को सौंपा।

किसानों को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला कोषाध्यक्ष कामरेड अनिल दीक्षित ने कहा कि सरकारी खरीद केंद्र सफेद हाथी साबित हो रहे हैं, मानक के नाम पर किसान का धान क्रय नहीं किया जा रहा है और किसान अपनी फसल को सरकारी रेट से आधे में बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि पतले धान जिसका भाव आज से तीन साल पहले पांच हजार रुपये क्विंटल था लेकिन वर्तमान में वही पतला धान 2200 रुपये क्विंटल बिक रहा है और शासन प्रशासन अपनी आंखों में पट्टी बांध कर किसानों से हो रही लूट को देख रहा है। उन्होंने कहा कि अगर तत्काल सुधार न हुआ तो किसान सभा सरकारी खरीद केंद्रों का घेराव करेगी। किसान सभा इटावा के उपाध्यक्ष शिवराम सिंह यादव ने डीएपी की किल्लत का हवाला देते हुए कहा कि किसान को खाद के लिए दिन भर लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है इसके बावजूद किसान को एक बोरी तक नहीं मिल रही है। समस्याओ के निस्तारण के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र भरथना तहसीलदार को सौंपा गया है। प्रदर्शन के दौरान आपेन्द्र कुमार प्रधान, सुरेश सिंह, राम प्रकाश यादव, राम नारायन, सुरेश चन्द्र, दुर्ग विजय सिंह, इंद्रेश बाबू, प्रदीप कुमार, रामकृष्ण, चन्द्रभान, भारत सिंह आदि किसान मोजूद रहे।

अमृत विचार

कानपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025 औरैया

न्यूज ब्रीफ

महायज्ञ की तैयारी करते कमेटी के सदस्य।

गायत्री परिवार की कलश यात्रा आज

अछल्दा (औरैया)। कस्बे के मेला ग्राउंड में 51 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ चल रहा है। इस महायज्ञ के तहत सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कलश यात्रा मेला ग्राउंड स्थित पंडाल से शुरू होगी। यह सब्जी मंडी तिराहा, नहर बाजार, सराय बाजार, रेलवे फाटक, हरीगंज बाजार, महेवा रोड और ब्लॉक चौराहे से होते हुए वापस स्टेशन बाजार स्थित मेला ग्राउंड में समाप्त होगी। इस यात्रा में 151 महिलाएं और पुरुष पीले वस्त्र धारण कर शामिल होंगे। महायज्ञ के लिए बनाए गए 51 कुंडों को रंग-रोगन कर सुंदर बनाया गया है।

किशोरी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज

औरैया। थाना क्षेत्र के ग्राम हजरतपुर काजीपुर में एक किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना परिजनों ने अजीतमल थाने में दी है। ग्राम हजरतपुर काजीपुर निवासी मनोज कुमार राजपूत पुत्र बडेलाल राजपूत ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 4 नवम्बर 2025 की शाम लगभग पांच बजे उनकी 17 वर्षीय पुत्री बकरी चराने के लिए खेत की ओर गई थी। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास और खेतों में तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला। रातभर खोजबीन करने के बाद भी जब किशोरी का पता नहीं चला, तो मनोज कुमार ने 5 नवम्बर 2025 को थाना अजीतमल पहुंचकर इसकी लिखित सूचना दी और कानूनी कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी अजीतमल ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

अजीतमल में श्याम महोत्सव आज

औरैया। जनता महाविद्यालय अजीतमल के मैदान में शुक्रवार चतुर्थ श्री श्याम जन्मोत्सव होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 6 बजे अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलन से होगा। इसके बाद भव्य दरबार, राधा-कृष्ण झांकी, इत्र वर्षा, छप्पन भोग और पुष्प होली के माध्यम से पूरा वातावरण भक्ति रस से भर उठेगा।

डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान कर सूची से हटाएं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जूम मीटिंग के माध्यम से योजनाओं की समीक्षा की। डीएम ने योजनाओं के संचालन तथा समस्या संबंधी आवेदन पत्रों के कम संतुष्ट पूर्ण निस्तारण पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा करते हुए योजनाओं का संचालन व प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण हो, जिससे संतुष्ट प्रतिशत में बढ़ोतरी हो। डीएम ने डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान कर मतदाता सूची से हटाए जाने की प्रक्रिया को पूर्ण कराने के लिए आज ही कार्य पूर्ण करते हुए अपलोड करने के निर्देश दिए।

डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कम संतुष्ट पूर्ण निस्तारण संबंधी विभागीय अधिकारियों को आगाह किया कि निस्तारण प्रक्रिया में स्वयं संज्ञान लेकर जिम्मेदारी के साथ गुणवत्ता के साथ संतुष्ट पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं। इससे निस्तारण के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हो। उन्होंने कहा कि यह सभी विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह प्रार्थना पत्र की समीक्षा कर गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराएं। निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी लाभपरक योजनाओं का धरातल पर बेहतर ढंग से संचालन हो और पात्रता के अनुरूप योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समस्या संबंधी आवेदन पत्र के साथ-साथ योजनाओं के संबंध में विकासखंड स्तर पर प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों का शीघ्र सत्यापन करते हुए अग्रिम कार्रवाई हेतु संबंधित को प्रेषित करें। इससे पात्रता के अनुरूप संबंधित को योजना का लाभ दिया जा सके और कोई भी आवेदन पत्र लंबित की श्रेणी न रहे। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि निराश्रित गोवंशों को पकड़े जाने के उपरांत गोआश्रय स्थलों में संरक्षित की जाने की नियमित रूप से समीक्षा कर आख्या उपलब्ध कराएं, इससे कार्य की समीक्षा सुनिश्चित की जा सकें और निराश्रित गोवंश अन्नदाताओं की फसलों को क्षतिग्रस्त न कर सकें। उन्होंने जूम मीटिंग में समय से प्रतिभाग नहीं करने वालों पर नाराजगी जताई। कहा इससे कार्यों की समीक्षा में समस्या होती है।



स्नातक शिक्षक मतदाता बनाएं

उन्होंने स्नातक शिक्षक मतदाता बनाए जाने के कार्य में तेजी लाते हुए अधिकाधिक पात्रों के आवेदन पत्र पूर्ण कराते हुए कार्रवाई के लिए कहा। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि हर संभव प्रयास कर विभागीय योजनाओं के साथ-साथ प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करते हुए संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाएं, जिससे जनपद की रैंकिंग में प्रगति हो। मीटिंग में प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक कमलेश पाण्डेय के समय से प्रतिभाग न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

- जिलाधिकारी ने ऑनलाइन बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की
- समस्याओं के निस्तारण में अधिकारी स्वयं जिम्मेदारी निभाएं

खाद्य पदार्थों के 6 नमूने फेल, लगाया जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। खाद्य पदार्थों में मिलावट के छह नमूने जांच में फेल होने पर एडीएम कोर्ट ने छह मिलावटखोरों पर 1.45 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अपर जिलाधिकारी न्यायालय में मामलों को दायर किया था।

जालौन के कुठौंद निवासी राजन सिंह पर दूध में पानी की मिलावट के लिए 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। सहायल निवासी विनोद पर क्रीम निकालने के बाद बचे दूध से पनीर तैयार कर बेचने पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगा। इसके अतिरिक्त, खानपुर निवासी साहिबे आलम पर खराब वनस्पति तेल में खाद्य पदार्थ बनाने के आरोप में 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। कुतबपुर निवासी संजय सिंह पर दूध की बर्फी में फैट कम पाए जाने पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगा। पिपरौली निवासी दीपू पर अरहर की दाल में अन्य दाल की मिलावट करने के लिए 15 हजार रुपये और फतेहपुर के गांव दुधौली निवासी फैजली अली पर बिना आवश्यक जानकारी के पैक्ड पाव बेचने पर 50 हजार रुपये का जुर्माना ठोका गया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जुर्माना जमा न किए जाने पर आरसी (राजस्व वसूली प्रमाणपत्र) जारी कर वसूली की जाएगी।

निर्माण कार्यों को गुणवत्ता व मानक के अनुरूप पूर्ण कराएं

प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जनपद में संचालित विकास कार्यों के अंतर्गत निर्माण कार्यों में शासन द्वारा निर्धारित मानकों व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही निर्माणाधीन कार्यों का समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण कराते हुए भौतिक प्रगति व गुणवत्ता की जांच कराई जाए, जिससे निर्माणाधीन भवनों की प्रगति समय से परिलक्षित हो और भवन निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता व मानक के अनुरूप होने पर व्यय धनराशि का सदुपयोग हो। यह निर्देश राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में जनपद में संचालित विकास कार्य एवं लाभपरक योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए।

राज्यमंत्री ने कहा कि लाभार्थी परक योजनाओं में शासन की मंशा के अनुरूप तथा शासनादेश में वर्णित पात्रता नियमों के आधार पर ही लाभार्थियों का चयन किया जाए, जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करते हुए उसे सामाजिक समानता का अधिकार दिलाया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अवगत कराया कि सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने हेतु स्थान का चयन कर लिया गया है तथा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है, विद्युत विभाग द्वारा नियम के अनुसार निर्धारित विद्युत आपूर्ति की जा रही तथा कार्यों में शिथिलता बरतने पर 01 जूनियर इंजीनियर तथा मीटर रीडिंग में गड़बड़ी करने वाले 04 मीटर रीडरों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। कृषि विभाग द्वारा उन्नति किस्म के बीजों का वितरण चयनित लाभार्थियों को पात्रता के अनुसार किया जा रहा है योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थियों द्वारा स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जाता है। जनपद में आगामी माह से आरोग्य मेला तथा स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में निर्मित ट्रामा सेंटर चिकित्सकों की उपलब्धता न होने के कारण पूर्ण रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है, जिसके लिए शासन को पत्र भेज कर आवश्यकता के अनुरूप चिकित्सकों की मांग की गई है। बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने जनपद में होने वाले महिला अपराधों, अनुसूचित जाति, जनजाति प्रकरणों, गैंगेस्टर की कार्रवाई आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु समय-समय पर पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त किया जाता है तथा मिशन शक्ति 5.0 के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को विधिक जानकारी के साथ-साथ विभिन्न हेल्पलाइन नंबर यथा- 1090 आदि की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने बताया कि जनपद में स्टेडियम निर्माण, कृषि विज्ञान केंद्र निर्माण आदि की भौतिक प्रगति संतुष्टि पूर्ण है तथा शत्तेस्वर के तालाब के जीर्णोद्धार, जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय, शेरगढ़ घाट यमुना नदी पर पुल का निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक नीरज प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार, वनाधिकारी सीपी सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विनायक शर्मा सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदाई संस्था आदि मौजूद रहे।

बैठक के दौरान निर्देश देतीं प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

निर्माणाधीन रिजर्व पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- मानक और गुणवत्ता सही न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त कर कार्रवाई को कहा
- जिले की प्रभारी मंत्री ने शेरपुर सरैया जाकर परखीं व्यवस्थाएं काम समय से पूरा करने के निर्देश

अमृत विचार। जनपद प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने शेरपुर सरैया में निर्माणाधीन रिजर्व पुलिस लाइन के आवासीय/ अनावासीय भवनों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य को देखा और संबंधित कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्य को मानक और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कार्य में मानक और गुणवत्ता सही न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिए कि इसमें सुधार किया जाए और संबंधित कार्यदाई संस्था के संबंध में लिखा जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रतिदिन के कार्य की मॉनिटरिंग के लिए जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए किसी जेई और एई की तैनाती की जाए जिसके द्वारा कार्य में प्रयोग किए जाने वाली सामग्री की जांच करते हुए आख्या में लिखा जाए। उन्होंने कहा कि इसकी सतत गहन मॉनिटरिंग की जाए जिससे निर्माण की गुणवत्ता में किसी प्रकार कोई कमी न रहने पाए। उन्होंने पूर्व से डम्प की गई मौरम, बालू को हटवाने, बैरीकेडिंग कराते हुए कैंप किया जाए साथ ही साक्ष्य के रूप में फोटोग्राफ व वीडियोग्राफी सुरक्षित रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि भवन की मजबूती को दृष्टिगत रखते हुए रिसाइकिल सरिया का किसी भी दशा में प्रयोग न किया जाए यदि आगामी निरीक्षण में दिए गए निर्देशों के अनुरूप अनुपालन सुनिश्चित न किया पाया गया तो कार्यदाई संस्था के साथ साथ संबंधित ठेकेदार आदि के विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही हेतु शासन को लिखा जायेगा।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मानक का पूरा ध्यान रखा जाए साथ ही सभी निर्माण कार्य को समय सीमा के भीतर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती, मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार मौर्य, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमर सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्यदाई संस्था, ठेकेदार आदि उपस्थित रहे।

युवक ने महिला पर फावड़े से किया हमला, घायल

औरैया। लखनापुर गांव में खेत की मेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में एक महिला पर फावड़े से हमला किया गया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने घटना के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में शिवप्रसाद दोहरे ने बताया कि उनकी भाभी अमरवती देवी अपने खेत पर गेहूं बोने गई थीं। वहां उन्होंने रामौतार (पुत्र मुंशीलाल), राजीव कुमार और संजीव (पुत्रगण गजराज सिंह) को खेत की मेड़ काटते देखा। जब अमरवती देवी ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और जातिसूचक गालियां दीं। आरोप है कि इस दौरान राजीव कुमार ने अमरवती देवी पर फावड़े से हमला कर उनकी नाक काट दी। हमले के बाद अमरवती देवी मौके पर ही बेहोश होकर गिर गईं। शोर सुनकर गांव के लोग इकट्ठा होने लगे, जिन्हें देखकर आरोपी भागने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राजीव कुमार तथा संजीव कुमार को पकड़ लिया। गंभीर रूप से घायल अमरवती देवी को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

छात्राओं को जानकारी देते थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा। अमृत विचार

छात्राओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

अछल्दा (औरैया)। कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें जुडो-कराटे के गुर सिखाए गए, जिससे वे किसी भी परिस्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकें। कार्यक्रम में थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने छात्राओं को फ्रॉड और साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने किसी भी प्रकार की ठगी या धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने की सलाह दी। पंकज मिश्रा ने मिशन शक्ति अभियान के तहत 1090 महिला हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को सरकार द्वारा महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के लिए लागू किए गए तीन नए कानूनों से अवगत कराया।

धूमधाम से हुआ शालिग्राम-तुलसी विवाह

संवाददाता, अयाना

अमृत विचार। कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार को बीहड़ पट्टी के गांवों में भगवान शालिग्राम और मां तुलसी का विवाह धूमधाम से कराया गया। सेंगनपुर में करवाए गए विवाह में आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु भी शादी समारोह में शामिल हुए। सेंगनपुर कई दिनों से चल रहे विवाह कार्यक्रम में भक्तों ने हल्दी आदि की रस्में पूरी कीं। बुधवार को मंढा व भात भरने की रस्म की गई। इसके बाद गांव के मुकुंद दीक्षित के घर से बारात निकाली गई। गांव की स्नेहलता ने कुआ व्याहा। इसके बाद गाजे बाजे के साथ बारात गांव की गलियों का भ्रमण करती हुई सुरेश नारायण शर्मा के घर पहुंची। वहां रवि, कल्लू, वैभव शर्मा ने द्वारचार की रश्म पूरी की। इसके बाद आचार्य राजेश दीक्षित ने विधि विधान के साथ चढ़ावा, भांवर आदि की रश्म पूरी करवाई। देर शाम को विदाई की रश्म के साथ विवाह पूर्ण हुआ। इस दौरान राहुल शर्मा, पिंकी, छोटे राजा गुर्जर, अनूप दुबे, अमन दीक्षित, राकेश दुबे, आदित्य पांडेय, टप्पू दीक्षित, यतींद्र नाराय, रामू दीक्षित, राहुल त्रिपाठी, आदित्य पांडेय, भाईजी दुबे आदि मौजूद रहे।

शालिग्राम और तुलसी विवाह में मौजूद लोग। अमृत विचार

फायरिंग करने का वीडियो वायरल

अछल्दा। थाना क्षेत्र में तमंचे से फायरिंग करते एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो में एक युवक रात के अंधेरे में छत पर खड़ा होकर खुलेआम हवाई फायरिंग करता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो अछल्दा थाना क्षेत्र की इटैली चौकी के अंतर्गत आता है। चर्चा के अनुसार, यह फायरिंग किसी कार्यक्रम या आपसी विवाद के दौरान की हो सकती है, हालांकि इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है।

कार्यालय ग्राम पंचायत ममना वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

पत्रांक मेमो/ मनरेगा / रा0वि0–चौ0वि0/ विज्ञप्ति / 2025–26 दिनांक 06/11/2025

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मनरेगा / केन्द्रीय वित्त आयोग पंचम वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदायें दिनांक 12/11/2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत ममना वि0ख0 सरीला में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 07/11/2025 से दिनांक 12/11/25 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 12/11/25 को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 12/11/2025 को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत ममना सरीला से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

क्रमांक	योजना	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रू0 में	कार्य पूर्ण होने में की की अवधि	ग्राम पंचायत का पता
01	5th/15th	मेन सड़क से कन्या प्राथमिक विद्यालय तक सी0सी रोड मरम्मत कार्य	1,14,782	3 माह	ममना
2	5th/15th	मुख्य सड़क से बाबूलाल के मकान तक सीसी रोड मरम्मत मरम्मत कार्य	1,60,305	3 माह	ममना
3	5th/15th	मुख्य सड़क से वीरेन्द्र साहू के मकान तक सीसी रोड मरम्मत कार्य	2,23,767	3 माह	ममना

अन्य शर्ते-

1. सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी।
3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा।
7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।
8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है।
10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

ग्राम पंचायत /विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ममना
वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

आस्था | डीएम ने किया शुभारंभ, भव्य आरती और शृंगार देख श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

देव दीपावली पर 50 हजार दीपों से जगमगाया यमुना तट

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। शहर के यमुना तट पर बुधवार शाम देव दीपावली का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। यहां जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने शेरगढ़ घाट पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीप प्रज्ज्वलन के लिए 1000-1000 दीपों के क्लस्टर बनाकर 50 हजार दीपों से सजाया गया।

कार्यक्रम की देखरेख के लिए चार सेक्टरों हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, तीन सेक्टरों हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी और तीन सेक्टरों हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को नामित किया गया था। प्रत्येक क्लस्टर के लिए दो-दो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जिम्मेदारी दी गई थी, जबकि 10 क्लस्टरों के पर्यवेक्षण हेतु एक-एक मुख्य सेविका प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा नामित की गई थीं। इस दीपदान कार्यक्रम में शहर और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। विभिन्न समाजसेवी संगठनों ने भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती, एसडीएम सदर अजय आनंद वर्मा, तहसीलदार, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता, अधिशासी अधिकारी रामआसरे कमल और विचित्र पहल के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

देव दीपावली पर सजा भव्य देवकली मंदिर। अमृत विचार

कार्तिक पूर्णिमा पर किया दीपदान

- **फफूंद (औरैया)।** कार्तिक पूर्णिमा पर बुधवार को देर शाम हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वावधान में कस्बे में स्थित चौबे के तालाब पर श्मशानेश्वर महादेव मंदिर पर देव दिवाली के अवसर पर दीपदान किया गया। सबसे पहले हिन्दू युवा मोर्चा संघ के पदाधिकारियों ने शिव जी के मंदिर में आरती उतार कर सभी ने तालाब पर दीपदान किया। दीपों की रोशनी से पूरा तालाब रोशनी से जगमगा उठा। इस दौरान हिन्दू युवा मोर्चा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा ने बताया कि वैदिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा का दिन भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य रूप में प्रकट होकर मनु को प्रलय के समय वेदों की रक्षा करने और सृष्टि को पुनः स्थापित करने का मार्ग दिखाया था। इस मौके पर हिन्दू युवा मोर्चा संघ के संरक्षक अशोक शर्मा, ओबरन सिंह राजपूत, विनोद कोस्टा, अनिल कुशवाहा, भारत कुशवाहा, उदय शंकर शुक्ला, गौरव श्रीवास्तव, अनुराग धनगर, प्रशांत मिश्रा, नितिन त्रिपाठी, दीपक तिवारी, अन्ना तिवारी, नवीन दीक्षित, अखिलेश दुबे, तन्नू तिवारी, नन्दू मिश्रा, गोपाल अवस्थी, पन्ना लाल, संजीव राजपूत, ब्रजेश राजपूत, शिवम् राजपूत, अखिलेश कुमार रहे।

न्यूज ब्रीफ

फार्म देते सुरेंद्र सिंह व शंकर सिंह।

स्नातक वोटर बनाने के लिए सौंपे फार्म

राठ। स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए सपा के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी ने एडीओ पंचायत मुस्करा ताज मुहम्मद को वोटर फार्म सौंपे। यहां सपा ब्लॉक अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह यादव, शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष शिव सिंह यादव, जयदीप द्विवेदी, विपिन यादव गुंदेला रहे। गोहांड में पूर्व चेयरमैन शंकर सिंह लोधी, शिव सिंह यादव ने एडीओ अनूप शर्मा को सौंपे।

नाबालिग के अपहरण में चार वर्ष की सजा

हमीरपुर। मौदहा में 10 साल पूर्व एक किशोरी को भगा ले जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कीर्तिमाला ने अभियुक्त को चार साल के कठोर कारावास व 11 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। बिवांर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बेटी को बहलाकर भगा ले जाने का मामला 28 मार्च 2015 को दर्ज कराया था। अभियोजक एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोर्ट ने अभियुक्त लक्ष्मी पुत्र गोपाल को चार साल के कठोर कारावास व 11 हजार रुपये के जुर्माना की सजा सुनाई है।

मजदूर ने घर में फांसी लगाकर दे दी जान

कुरारा। थाना क्षेत्र के बिलौटा गांव में मजदूर ओम बाबू (45) ने बुधवार की शाम घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। इसके तीन पुत्रियों व दो पुत्र है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

महिला ने बेतवा पुल से लगाई छलांग, भर्ती

हमीरपुर। कुरारा निवासी संगीता (33) के पति जगदीश द्वारा दूसरी शादी करने से परेशान होकर गुरुवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के बेतवा पुल से नदी में छलांग दी। सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने मछुआरों की मदद से संगीता को सकुशल नदी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसके मामूली चोटें आने पर उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने पीड़िता के परिवार वालों को सूचना दे दी है।

दवा लेने गई युवती गायब, दी तहरीर

बिवांर। थाना क्षेत्र के बांधुर बुजुर्ग गांव के रमेश ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 18 वर्षीय पुत्री एक सप्ताह पहले घर से मेडिकल स्टोर दवा लेने गई थी। शाम तक वापस न आने पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग रहा। एसआई विजय बहादुर ने बताया कि युवती की तलाश की जाएगी। उधर, एक गांव में परिजनों ने युवती की शादी तय कर दी थी। युवती शादी को तैयार नहीं है। भाई के मारपीट करने पर 2 दिन पहले युवती गायब हो गई। चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि युवती को हमीरपुर में रिश्तेदारी से बरामद किया गया है, वह घर जाने को तैयार नहीं है।

वाहन ने कार में मारी टक्कर, तीन घायल

बिवांर। जनपद कानपुर के घाटमपुर निवासी सानू पुत्र राजन पांडेय, अमर सिंह पुत्र सुखलाल व चांद खां पुत्र अब्दुल मजीद बुधवार की रात को राठ से घाटमपुर आल्टो कार से घर जा रहे थे। तभी हीरानंद महाविद्यालय के आगे पेट्रोल पंप के पास रात 11:00 बजे के करीब पीछे से अज्ञात वाहन के टक्कर के मारने से आल्टो कार क्षतिग्रस्त हो गई है। जबकि सानू सहित तीन लोग घायल हो गए। पेट्रोल पंप कर्मियों के फोन से सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने घायलों को छानी सीएचसी में भर्ती कराया। सानू की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

महिला को ट्रैक्टर ने कुचला, हालत गंभीर

सुमेरपुर। मथुरा के कोसीकला की मोना (30) अपनी बहन पायल के साथ हाईवे किनारे नवीन गल्ला मंडी के पास वाहन के इंतजार में खड़ी थी। दोपहर करीब 2 बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मारकर कुचल दिया, जिससे दाहिना पैर टूटा गया। सूचना पर 112 की टीम ने उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और परिजनों को सूचना दी। हालत गंभीर होने पर मोना को सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बताते हैं कि मोना मेले में दुकान लगाकर परिवार का भरण पोषण करती है।

भाजपा नेता का सुराग नहीं, वकीलों का प्रदर्शन

राठ कोतवाली पुलिस पर गायब करने का आरोप, अधिवक्ताओं ने हड़ताल के साथ की नारेबाजी

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। अधिवक्ता संघ के सदस्य वीर सिंह राजपूत के छोटे भाई भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह किसान के कोतवाली से गायब होने और अभी तक सुराग नहीं मिलने को लेकर गुरुवार को अधिवक्ता संघ ने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने आक्रोश जताते हुए राठ कोतवाली पुलिस पर गायब करने का आरोप लगाया।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह किसान के बड़े भाई वीर सिंह राजपूत अधिवक्ता संघ के सदस्य हैं। बीती 18 अक्टूबर को प्रीतम सिंह किसान के पेट्रोल पंप पर कुछ लोगों का मामूली विवाद हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंच प्रीतम सिंह को हिरासत में ले लिया था और पूरी रात कोतवाली में बैठाए रखा था। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने प्रीतम सिंह को गायब कर दिया, जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। अधिवक्ता के प्रार्थना पत्र देने पर अधिवक्ता संघ ने इस मामले को लेकर आंदोलन का रुख अख्तियार किया है।

राठ तहसील में नारेबाजी के साथ ज्ञापन देने जाते अधिवक्ता। अमृत विचार

- अधिवक्ता के छोटे भाई प्रीतम सिंह भाजपा के जिलाध्यक्ष रह चुके
- अधिवक्ताओं ने हड़ताल के साथ राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

गुरुवार को अधिवक्ता संघ ने न्यायिक कार्यों से विरत रहने की घोषणा की। सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे, जहां एसडीएम के नहीं मिलने पर अधिवक्ताओं ने तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में कहा है कि यदि इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं होती तो अधिवक्ता अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। अधिवक्ताओं ने पुलिस और प्रशासन से शीघ्र ही प्रीतम सिंह किसान का पता लगाने की मांग की।

प्रदर्शन और ज्ञापन देने के दौरान अधिवक्ता सूरज पाल सिंह, एमडी लोधी, सत्यम सोनी, जमुनादीन, महामंत्री दिलीप कुमार राजपूत, वीर सिंह राजपूत, लतीफ उल्ला खां, शिवम खरे, जयसिंह राजपूत, जयप्रकाश अग्रवाल, सुरेंद्र द्विवेदी, अखिल नगाइच, वीरेंद्र अहिरवार, बारेलाल अहिरवार, शेर मोहम्मद अंसारी, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र पाल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

राठ तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

गल्ला व्यापारी का कैश भरा बैग ले गए टप्पेबाज

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- राठ-सैना मार्ग पर हुई वारदात पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी

अमृत विचार। कस्बे के सैना रोड पर दुकान पर बैठे विकलांग दुकानदार का टप्पेबाज रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। टप्पेबाजी की इस घटना से लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

व्यापारी इंद्रपाल।

गुरुवार की सुबह टप्पेबाजों ने एक गल्ला व्यापारी का रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गए। अटगांव निवासी इंद्रपाल गुप्ता पुत्र प्रभुदयाल हाल मुकाल फरसौलियाना ने बताया कि वह सैना रोड़ पर फुटकर गल्ला की खरीद करता है। बताया कि वह दोनों पैरों से विकलांग है। गुरूवार की सुबह करीब साढे आठ बजे वह अपनी दुकान पर गल्ला की खरीद कर रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात युवक उसकी दुकान पर बाइक से उतर कर आया और गेहूं खरीदने की बात करने लगा। बताया कि इसी दौरान बाइक पर सवार एक अन्य युवक दुकान से कुछ दूर आगे खड़ा हो गया। इसी दौरान युवक ने बगल में रखे रूपयों से भरे बैग में झपटटा मारा और बैग लेकर भाग खड़ा हुआ। बताया कि कुछ दूर पर खडी बाइक में बैठ कर फरार हो गया। पीड़ित गल्ला व्यापारी ने बताया कि बैग में 1 लाख 32 हजार रुपये नकद और कागजात रखे हुए थे। दोनों पैरों के विकलांग के कारण वह भाग नहीं सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी। कोतवाल अमित कुमार ने बताया पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

गुड़ व्यापारियों की मनमानी से गुस्साए किसानों ने लगाया जाम

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे के गल्ला मंडी में गुड़ व्यापारियों की मनमानी से परेशान किसानों ने राठ पनवाड़ी मार्ग पर मंडी गेट के बाहर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझा बुझाकर शांत कराया। मंडी सचिव ने गुड़ व्यापारियों से वार्ता कर किसानों के गुड़ की खरीद शुरू कराई।

व्यापारियों द्वारा किसानों के गुड़ की खरीद न करने से गुस्साए किसानों ने मंडी गेट पर जाम लगा दिया। जाम करीब एक घंटे तक लगा रहा। सूचना पर पहुंचे मंडी सचिव राजेश कुमार व पुलिस ने किसानों को समझा-बुझाकर शांत कराया, तब जाकर किसानों ने जाम खोला। जाम लगने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। टोला गांव के हेमंत, हरिचरन, प्रताप, बरेल निवासी प्रदीप, बकरई के पवन तिवारी, अरशद देवरा, इलेंद्र, अंशुल, इटकौर निवासी शिवम रामलाल ने बताया कि वह गल्ला मंडी में गुड़ बेचने आए थे। आरोप लगाया कि व्यापारी अपने मनमाफिक तरीके से किसानों का गुड़ खरीद रहे हैं। विरोध करने पर व्यापारी किसानों का गुड़ नहीं खरीद रहे हैं। बताया कि गुड़ व्यापारी किसानों का शोषण कर रहे हैं। जिससे किसान अपना माल बेचने के लिए दर दर भटक रहा है। मंडी सचिव राजेश कुमार ने बताया कि गुड़ व्यापारियों से वार्ता की गई है। वह किसानों का गुड़ खरीद रहे हैं।

गल्ला मंडी गेट के बाहर जाम लगाए किसानों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

- मंडी सचिव ने किसानों को समझा कर जाम खुलवाया, पुलिस पहुंची

मांचा में छज्जा ढहने से वृद्धा की गई जान

मौदहा। घर की सफाई कर रही वृद्धा के ऊपर दिव्यांग छज्जे सहित गिर गया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से दोनों को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है, जहां वृद्धा की मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा निवासी आमना (70) पत्नी उस्मान अपने घर की सफाई कर रही थी। तभी दिव्यांग रफीक पुत्र कदीर छज्जे पर चढ़ा हुआ था, लेकिन अचानक छज्जा गिरने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां दोनों का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन इलाज के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। घायल रफीक का इलाज चल रहा है। घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

जान जोखिम में डाल एसडीएम ने भाग रहे ट्रक-चालक को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- अवैध परिवहन के खिलाफ चेकिंग के दौरान चालक ने दौड़ाया ट्रक
- कई बार एसडीएम की कार में टक्कर मारने का किया प्रयास

अमृत विचार। अवैध परिवहन कर भाग रहे ट्रक को सदर एसडीएम ने जान जोखिम में डालकर पकड़ लिया। ट्रक चालक ने कई बार एसडीएम की गाड़ी में टक्कर मारने का प्रयास किया लेकिन एसडीएम की सूझबूझ के बाद ट्रक चालक को दबोचकर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश पर जिले में अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध टास्क फ़ोर्स अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर बुधवार और गुरुवार की देर रात सदर एसडीएम केडी शर्मा द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। देर एक ट्रक यूपी 91टी 8540 का चालक नंबर प्लेट को कपड़े से ढककर अवैध परिवहन करने की जुगत लगाकर लक्ष्मीबाई तिराहा पहुंचा, तभी चेकिंग अभियान चला रहे एसडीएम केडी शर्मा ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया तो ट्रक चालक ने चालाकी दिखाते हुए उसकी रफ्तार बढ़ा दी। जिस पर एसडीएम ने संदेह कर उसका पीछा किया तो ट्रक चालक ने कई बार एसडीएम की कार को टक्कर मारने का प्रयास करते हुए यमुना नदी का पुल पार कर लिया।

इस दौरान एसडीएम और उनके ड्राइवर ने सूझबूझ से काम लेते हुए ट्रक को रोहाइन नाला के पास पकड़ लिया और प्रपत्र की जांच पड़ताल की। इसके बाद एसडीएम ने ट्रक के चालक को कार में बैठाकर सदर कोतवाली लेकर पहुंचे, जहां चालक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। इस पूरी घटना का पीछे चल रहे एक बाइक सवार ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

प्रतिबंधित मशीनों से मौरंग का अवैध खनन

- **हमीरपुर।** जिले में मौरंग का खनन कार्य शुरू होते ही माफिया सक्रिय हो गए। माफिया प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर स्वीकृत पट्टे पर प्रतिबंधित मशीनों से भारी भरकम गड्ढे कर मौरंग की निकासी का खेल खेल रहे है। गुरुवार को खनन क्षेत्र में प्रतिबंधित मशीनों से भारी भरकम गड्ढे कर मौरंग निकालने का एक वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। वायरल वीडियो सुमेरपुर थाना क्षेत्र के पत्योरा खंड 03 का बताया जा रहा है। जिला प्रशासन के अवैध खनन पर सख्त निर्देश के बावजूद वायरल वीडियो में खनन माफिया दिन के उजाले में स्वीकृत पट्टे में चार से पांच प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनों से भारी भरकम गड्ढा कर मौरंग की निकासी करने में मशगूल है। यहां खनन माफिया बेतवा नदी की जल धारा से मौरंग की निकासी कर सैकड़ों ओवरलोड ट्रकों से अवैध परिवहन कर रहे है। माफिया लोकेटरों को लगाकर जिला प्रशासन के आने जाने की सूचना आदान प्रदान कर अवैध खनन धंधा चला रहा हैं।

बच्चा चोर समझ युवक को दबोचा

हमीरपुर। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के देवगांव में बालिका के अपहरण की अफवाह पर ग्रामीणों ने एक युवक को दबोचकर जमकर पीटा और पुलिस को सौंप दिया।

देवगांव में शाम करीब 5:30 बजे एक युवक के नशे की हालत में सात वर्षीय बालिका को दबोचने की अफवाह फैल गई। ग्रामीणों ने युवक को दबोचकर जमकर मारपीट की। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने युवक को अपनी हिरासत में ले लिया। जब बालिका से पूछा गया तो उसने ऐसी घटना से इनकार कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चंदौलीतीर निवासी बालवीर केवट शाम करीब 4 बजे ट्रैक्टर में निर्माण सामग्री लेकर आ रहा था, तभी मंडी गेट के पास उसने महिला को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसी भय से वह ट्रैक्टर को छोड़कर भाग निकला और देवगांव पहुंच गया, जहां लोगों ने बच्चा चोर समझ कर पकड़ लिया और पीटा।

फर्जी मुहर और हस्ताक्षर से बनाए जा रहे जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

ग्राम समाज की जमीन पर निर्माण में रिपोर्ट दर्ज

- **बिवांर।** कुनहेटा गांव में गाटा संख्या 1033 रकबा 0.406 नवीन परती के रूप में दर्ज है, जिसमें गांव का गणेशा डेढ़ सौ वर्ग फुट क्षेत्रफल में निर्माण कराने के लिए ईंट डालकर और दरवाजा लगाकर कब्जा कर लिया। लेखपाल के मना करने पर गणेशा व उसके पुत्र संदीप व नंदराम और पत्नी ममता ने अभद्रता करते हुए बहस की। लेखपाल धीरेंद्र सिंह ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर पिता दोनों पुत्र, उसकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

अमृत विचार। सुमेरपुर ब्लाक के सुरौली बुजुर्ग में पंचायत के कर्मचारी अधिकारियों के मुहर व हस्ताक्षर फर्जी तरीके से बनाकर प्रमाण पत्र जारी कर ग्रामीणों की आंखों में धूल झोंक रुपये ऐंठ रहे हैं। इस धांधली का खुलासा ग्राम प्रधान ने किया है। उन्होंने जिलाधिकारी सहित सीएमओ को शिकायती पत्र देकर आरोपी कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात कही है।

ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग प्रधान रामप्यारी ने अधिकारियों को दिए ज्ञापन में कहा है कि उनकी ग्राम पंचायत में कर्मचारी मनमानी तरीके से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। यह खेल लंबे समय से चल रहा है। उन्होंने कहा ग्राम पंचायत सचिवालय में एक बार अभिलेख देखे तब इस गोरखधंधे की जानकारी हो सकी। बताया कि ग्राम पंचायत के मजरा चुनकी डेरा निवासी मोहन लाल की पुत्री अक्शी एवं दिव्यांशी, शकुंतला पत्नी रामचंद्र के पुत्र मंगली एवं नवल, गोल्डी पत्नी लल्लू की पुत्री आकांक्षा, आशा पत्नी फुलवा की पुत्री काजल, करही डेरा निवासी जयकरन के पुत्र खुशीराम व सुरौली बुजुर्ग निवासी नाथूराम पुत्र कल्लू के मृत्यु जन्म प्रमाण-पत्र सहित उपरोक्त लोगों के बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। इनके अलावा अन्य जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए गए है। उपरोक्त जन्म प्रमाण-पत्र आवेदन पत्रों की जानकारी से पता चला कि प्रभारी अधिकारी (मृत्यु-जन्म) कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, एसडीएम सदर, एडीओ (पंचायत) तथा ग्राम पंचायत सचिव सुरेंद्र पटेल आदि के हस्ताक्षर व मुहर फर्जी प्रतीत होते हैं। ग्राम प्रधान ने आवेदन-पत्रों से संबंधित अधिकारियों के हस्ताक्षर व मुहर की किसी सक्षम अधिकारी से जांच कराकर दोषी कर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

कार्यालय ग्राम पंचायत अलकछवा विकास खण्ड गोहाण्ड, (हमीरपुर)

पत्रांक :– मेमो / विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक:–05–11–2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग, एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचाय अलकछवा में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते है जो दिनांक 12–11–2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत अलकछवा के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 06–11–2025 से दिनांक 12–11–2025 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

क्रमांक	योजना का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत /सामग्री	धरोहर धनराशि 10%	निविदा का मूल्य + टी0टी0	कार्य पूर्ण होने की अवधि
01	अन्येष्ठि स्थल निर्माण योजना	ग्रा.प. अलकछवा में अन्येष्टि स्थल (शमशान घाट) निर्माण कार्य	24.38 लाख रु0	2.43 लाख रू0	(1000)+(180) रू0	03 माह

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नही होगी।
3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें।
5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एमद्वएमद्व–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा कि स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी।
6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

ग्राम पंचायत /विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत अलकछवा
विकास खण्ड-गोहाण्ड (हमीरपुर)

तैयारी मौदहा में 9 तारीख से अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट और मुशायरे का आयोजन

हॉकी टूर्नामेंट में डेढ़ लाख का पुरस्कार

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे में 9 नवंबर से मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट एवं अखिल भारतीय मुशायरे का आयोजन होगा। इसको लेकर रहमानिया खेल ग्राउंड में तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। हॉकी टूर्नामेंट में विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपये और उपविजेता टीम को एक लाख रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

टूर्नामेंट और मुशायरे को लेकर गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी जिन्नूरैन और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मौलाना खान ने तैयारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पत्रकार वार्ता में बताया कि बुंदेलखंड के सबसे बड़ी इनामी राशि के हॉकी टूर्नामेंट और मुशायरे को सफल बनाने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हॉकी टूर्नामेंट में विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपये और उपविजेता को एक लाख रुपये नकद इनाम दिया जाएगा। इस दौरान शमशाद जमील, चुन्ना दरोगा जी, मोहम्मद लारैब, निजामुद्दीन पावर, जाहिद सिद्दीकी, डा.आसिफ परवेज, बबलू भोपाली, राजू दीवान सहित कस्बे के गणमान्य नागरिक और कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

तैयारी के बारे में जानकारी देते चौधरी जिन्नूरैन। अमृत विचार

स्वामी शिवानंद की याद में होगा भंडारा

- **सुमेरपुर।** गायत्री तपोभूमि अनुसुइया आश्रम के ब्रह्मलीन संत स्वामी शिवानंद महाराज की 18वीं पुण्यतिथि पर 11 नवंबर को भंडारा होगा। महंत स्वामी नारायणानंद महाराज की अध्यक्षता में हुई बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में सपा नेता अजय उर्फ कल्लू यादव, त्यागी जी महाराज, बृजेशानंद महाराज, सुरेश गुप्ता, पुत्तीलाल गुप्ता, विद्याभूषण साहू, रज्जू यादव, संजय यादव, कालका प्रसाद शुक्ला, मुन्ना सोनी, भुन्नी यादव, संजय तिवारी आदि थे।

अमृत विचार

कानपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

समाजसेवी ने बच्चों को कराया नि:शुल्क भोजन

पनवाड़ी। शिरडी साईं बाबा स्कूल निस्वारा में समाजसेवी अमन शर्मा ने छात्र छात्राओं को दोपहर का भोजन कराया। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा है कि कस्बे में एक मात्र निशुल्क संचालित स्कूल है जहां पर छात्र छात्राये सदैव अनुशासन रहते हुए ड्रेस कोड के साथ अच्छी पढ़ाई कर रहे। समाजसेवी ने बताया कि स्वच्छ वातावरण में छात्र छात्राये शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिन्हें स्कूल की ओर से दोपहर में हल्का भोजन खिचड़ी या हलुवा या तिहरी दी जाती है साथ ही शिक्षण कार्य के लिए किताब कॉपी ड्रेस आदि भी निशुल्क प्रदान की जाती है। इस विद्यालय के शिक्षा व अनुशासन से प्रभावित होकर विद्यालय के कक्षा एक से इंटरमीडिएट के बच्चों को बढ़िया भोजन कराया। उन्होंने कहा लोगो को आकर यहां देखना चाहिए और परखना चाहिए और इन छात्र छात्राओं का सहयोग करना चाहिए जिससे यह आगे बढ़ सके। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापन मोतीलाल गुप्ता, प्रधानाचार्य उपेन्द्र द्विवेदी सहित सभी शिक्ष व स्टाफ मौजूद रहे।

पालिका ने अभियान चला हटाया अतिक्रमण

महोबा। आयेदिन जाम की स्थिति से निजात दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका के चलाये गये अतिक्रमण हटाओ अभियान में जिला अस्पताल की बाउंड्री से सटाकर नाला, सड़क पटरी के ऊपर रखी दुकानों को हटवा दिया गया, जिससे अब यातायात सुचारू रूप से हो रहा है। गुरुवार को नगर पालिका, राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम के चलाये गये अवैध अतिक्रमण को अभियान चलाकर अतिक्रम को हटवाया गया। लोगों ने जिला अस्पताल की बाउंड्री में अवैध रूप से दुकाने लगाकर सड़क पटरी एवं नाला के ऊपर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया था, जिसके चलते जिला अस्पताल के बाहर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। जिला प्रशासन ने जन समस्याओं को ध्यान में रखते पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश को पुलिस प्रशासन के सहयोग से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया जिसके चलते पालिका एवं प्रशासन ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से लगभग दो दर्जन से अधिक अवैध गुमटियों को मौके से हटवा दिया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान दौरान नायब तहसीलदार विवेक तोमर, सहायक अभियन्ता विकास शुक्ला, सफाई प्रभारी भूपेन्द्र कुमार, दीपक वाजपेयी, रत्नेश तिवारी आदि पुलिस बल सहित पालिका कर्मी मौके पर उपस्थित रहे।

सूर्य मंदिर का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी गजल भारद्वाज। अमृत विचार

डीएम ने सूर्य मंदिर व कुंड का हाल देखा

महोबा। डीएम गजल भारद्वाज ने गुरुवार को रहेलिया के सूर्य मंदिर और कुंड का निरीक्षण किया। उन्होंने सूर्य कुंड के पानी में गन्दगी देख नाराजगी जताई और अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार को सफाई कराने के साथ सूर्य कुंड के समीप स्थित भूमि में आकर्षक और सुन्दर पार्क विकसित करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण दौरान रहेलिया सूर्य मन्दिर में नगर पालिका की स्थापित करायी गयी सोलर बैंच खराब देख अधिशासी अधिकारी को सोलर बैंच ठीक कराने के लिए निर्देशित किया साथ ही रहेलिया सरोवर की मशीन चलाकर सफाई कराने हुए सरोवर की जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने एक्शियन पीडब्ल्यूडी को निर्देश देते हुए कहा कि सूर्य मंदिर की सड़क को जल्द से जल्द गड्ढा मुक्त कराया जाए। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देशित किया कि जिले के पर्यटन स्थलों का समुचित रख रखाव सही ढंग से किया जाये, जिससे पर्यटकों का आवागमन हो और क्षेत्र का विकास हो सके। निरीक्षण दौरान नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

आग से दो खेतों पर गन्ने की फसल जली

पनवाड़ी। लिधौरा गांव के दो किसानों के खेतों पर गन्ने की फसल जलकर बर्बाद हो गई। किसानों ने पंपिंगसेट की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक फसल जल कर राख हो गई। किसानो को कर्ज लेकर बोई गई फसल बर्बाद होने से परिवार के भरण पोषण और कर्ज अदायगी की चिंता सता रही है। लेखपाल ने आकलन किया है।

लिधौरा में किसान प्रमोद कुमार राजपूत पुत्र मरजू एवं नारायण राजपूत के खेत में गन्ने की फसल लहलहा रही थी। आग लग जाने से बर्बाद हो गई। कड़ी मेहनत एवं फसल की लागत जो किसान ने ऋण लेकर के व्यवस्था की थी वह जलकर राख हो गई। सूचना पर नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा ने हल्का लेखपाल को बर्बाद फसल का आकलन किए जाने के निर्देश दिए, जिस पर लेखपाल ने बर्बाद फसल का आंकलन कर रिपोर्ट भेजकर मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया है।

सर्दी की दस्तक के साथ बढ़ाएं चौकसी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- एएसपी वंदना सिंह ने खरेला थाने के निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश
- बोलीं, हिस्ट्रीशीटर और पेशेवर अपराधियों पर रखें पैनी नजर

अमृत विचार। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने गुरुवार को खरेला थाने के निरीक्षण के दौरान पुलिस को निर्देश दिए कि सर्दी की दस्तक के साथ ही क्षेत्र में गश्त के साथ चौकसी बढ़ाई जाए और इलाके के हिस्ट्रीशीटर व पेशेवर अपराधियों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि आम तौर पर सर्दी में चोरी, लूट की घटनाएं बढ़ने की संभावना रहती है, जिन पर लगाम कसने के लिए पुलिस का चौकन्ना रहना जरूरी है।

खरेला थाने के निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय के अभिलेखों, मालखाना के रखरखाव पर बारीकी से नजर दौड़ाई और थाना परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था भी देखी। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव पर सावधानी बरतने और पुलिसिंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। एएसपी ने निरीक्षण के दौरान यातायात माह, साइबर जागरूकता और मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जाने के लिए थानाध्यक्ष को निर्देशित किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को जनता के प्रति संवेदनशील, विनम्र एवं विनम्र व्यवहार अपनाने के साथ कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने पर जोर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण दौरान कम्प्यूटर कक्ष, बैरक, मालखाना का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। एएसपी ने थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि प्रचलित मिशन 5.0 व साइबर जागरूकता अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विद्यालयों, कॉलेजों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों एवं आमजन को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी जाए।

एएसपी ने कहा कि बढ़ती ठंड में चोरी की घटना व अपराधिक मामले में अंकुश लगाने को लेकर थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही थाना क्षेत्र में अवैध शराब के अड्डों और शराब तस्करों को चिह्नित कर धरपकड़ की कारवाई की जाए। उन्होंने लंबित विवेचाओं को जल्द से जल्द निस्तारित किए जाने के भी निर्देश दिए। यातायात माह के तहत सड़क सुरक्षा, हेलमेट सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, यातायात नियमों के पालन संबंधी जन जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र के प्रमुख कस्बों, बाजारों एवं मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

खरेला थाने का निरीक्षण करतीं एएएसपी वंदना सिंह। अमृत विचार

किशोरी ने बुआ के घर में दी जान मोबाइल फोन खंगाल रही पुलिस

चरखारी कस्बे के रामनगर मोहल्ले की घटना, आत्महत्या की वजह साफ नहीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- दो दिन पहले मां के साथ तेरहवीं में ननिहाल सूपा गांव गई थी
- तेरहवीं में शामिल होने के बाद बुधवार को पहुंची बुआ के घर

अमृत विचार। चरखारी कस्बे के रामनगर मोहल्ले में बुआ के घर एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह परिजनों ने किशोरी का शव लटका देखा तो घर में हड़कंप मच गया। परिवार के लोग आत्महत्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और किशोरी के मोबाइल फोन की काल डिटेल खंगाल रही है। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी घटना के बारे में पूछताछ की है।

खुशी वर्मा।

शहर के भटीपुरा मोहल्ले के रहने वाले हरीश वर्मा की 16 वर्षीय बेटी खुशी वर्मा अपनी मां के साथ दो दिन पहले मंगलवार को चरखारी कोतवाली क्षेत्र के सूपा गांव अपने मामा के घर त्रयोदशी संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। वहां तेरहवीं में शामिल होने के बाद वह मां के साथ ही बुधवार को चरखारी कस्बे के रामनगर मोहल्ले में अपनी बुआ के घर चली गई, जहां शाम को खाना-पीना करने के बाद कमरे में सोने चली गई।

गुरुवार की सुबह जब परिवार के लोग जागे तो कमरे में खुशी का शव फंदे पर लटका मिला। खुशी का शव देखकर घर में हड़कंप मच गया। मां चीख-पुकार करते हुए बेहाल हो गई। बुआ के परिवार वालों ने घटना की जानकारी चरखारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोग आत्महत्या की कोई वजह नहीं बता पा रहे हैं। चरखारी पुलिस ने खुशी वर्मा का मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिया है और उसकी कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। पुलिस व्हाट्स एप की चैट हिस्ट्री भी खंगाल रही है, ताकि आत्महत्या का कारण पता चल सके। पुलिस का कहना है कि फिलहाल आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। परिवार वालों से पूछताछ और मोबाइल फोन के जरिए आत्महत्या की वजह पता करने की कोशिश की जा रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

किशोरी की आत्महत्या के बाद घर के बाहर लगी भीड़। अमृत विचार

छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

महोबा। नगर के साईं डिग्री कालेज में गुरुवार को मिशन शक्ति-05 के तहत सखी वन स्टाप सेंटर ने जागरूकता कार्यक्रम में बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान पर चर्चा की और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर छात्राओं के प्रश्नों का टीम की सदस्यों ने जवाब दिया।

वन स्टाफ सेंटर की काउंसलर पूर्णिमा, स्टाफ नर्स आशा, कालेज के प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी व प्रशासनिक अधिकारी बीके साहू मौजूद रहे। काउंसलर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान न सिर्फ उनका अधिकार है, बल्कि पूरे समाज की प्रगति का प्रतीक है। जब महिलाएं सुरक्षित और सम्मान महसूस करती हैं, तो वे सशक्त होकर समाज के विकास में योगदान देती हैं। उन्होंने नारी की सुरक्षा व सम्मान हमारी पहचान के अंतर्गत विधिक सहायता चिकित्सा सुविधा परामर्श की जानकारी देकर छात्राओं को जागरूक किया।

स्टाफ नर्स आशा ने वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपात कालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर सहायता लेने पर जोर दिया। इस मौके पर डॉ. मैराज खान, प्रवीण वाजपेयी, प्रदीप सिंह, रोमाना खान, अंजना श्रोतीय, रजनी पटैरिया, अर्चना श्रीवास्तव सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

अभियोजन की समीक्षा बैठक में निर्देश देतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

महिलाओं-बच्चों से जुड़े मामलों में विशेष ध्यान दें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक हुई

अमृत विचार। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजपत्रित अधिकारियों और अभियोजन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीएम ने जिले में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समस्त पुलिस अधिकारियों को जल्द से जल्द विवेचानाओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय से निस्तारण करने पर जोर दिया।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिले पुलिस के अधिकारियों, थाना प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में निर्देशों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने 107/16 में अपराधियों को पाबंद करने के पुलिस को निर्देश दिए। उन्होंने निदेशक अभियोजन को सभी न्यायालय के वादों को टेकअप कराने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहृताओं की बरामदगी जल्द करने के लिए निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विवेचनाओं को लटकाया न जाए बल्कि जल्द से जल्द उनका निस्तारण किया जाए, जिससे आगे की कार्रवाई शुरू हो सके। बैठक में शातिर अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, एसडीएम शिवध्यान पाण्डेय, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी आदि रहे।

प्रतियोगिता में दौड़ लगाने के लिए तैयार प्रतिभागी छात्राएं। अमृत विचार

खेलकूद में वीरभूमि का दबदबा

महोबा। वीरभूमि राजकीय स्नाकोत्तर माहविद्यालय में मेरा युवा भारत योजना अंतर्गत ब्लाक स्तरीय कबड्डी, खो-खो, दौड़ की स्पर्धाएं हुईं। कबड्डी व खो-खो में वीरभूमि महाविद्यालय की टीम ने बाजी मारी। विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

कबड्डी में वीरभूमि के कप्तान अभय प्रताप सिंह की टीम अव्वल रही, जबकि रामश्री महाविद्यालय टीम की उपविजेता रही। महिला वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में वीरभूमि महाविद्यालय की टीम कप्तान रिया के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। उप विजेता मां चंद्रिका महाविद्यालय की रही, जिसकी कप्तान छाया रही। बैडमिंटन में बालक वर्ग में सुमित कुमार प्रथम, सिद्धांत द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में योगिता प्रथम और आरती द्वितीय रहीं। दौड़ प्रतियोगिता में नितेश यादव प्रथम, दिलीप द्वितीय तथा राम विवेक प्रसाद तृतीय स्थान रहे। बालिका वर्ग में दौड़ प्रतियोगिता में रिया ने पहला, कशिश द्विवेदी दूसरा जबकि अंजू को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा।

हंगामे के बाद पुलिस के पहरे में बांटी खाद

संवाददाता, बेलाताल

अमृत विचार। अजनर साधन सहकारी समिति में खाद वितरण को लेकर सुबह से ही किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। करीब सात सौ किसान पहुंच गए। भीड़ बढ़ती देख थानाध्यक्ष सत्यपाल सिंह पुलिस के साथ पहुंचे। उनके साथ कानूनगो श्यामलाल व लेखपाल संदीप कुमार की मौजूदगी में खाद बांटी गई। पुलिस ने हो हल्ला कर रहे किसानों को लाइन पर लगाकर नम्बर से खाद वितरण कराई, जिससे किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो सके।

खाद के लिए मारामारी की सूचना मिलने पर मामले की गंभीरता देखते हुए भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजनर सुरेन्द्र राजपूत ने स्वयं समिति पहुंचकर सचिव भूप किशोर के साथ वितरण व्यवस्था संभाली और किसानों से शांतिपूर्ण तरीके से खाद लेने की बात कही। उधर पुलिस और अधिकारियों को देख किसान भी लाइन पर लगकर खाद लेते नजर आए। बावजूद इसके 700 किसानों में मात्र 300 किसानों को खाद मिल सकी, शेष किसान बिना खाद लिए बैरंग लौट गए। सारा दिन लाइन पर लगने के बाद भी खाद न मिलने से किसानों में खासा गुस्सा दिखाई दिया। खाद वितरण के समय कुल 138 टोकन धारकों व 162 चेक धारक किसानों को खाद दी गई। शाम छह बजे तक वितरण का कार्य चलता रहा। हालांकि समिति क्षेत्र के लगभग 300 किसानों को ही खाद मिल पाई, जबकि 400 से अधिक किसान खाली हाथ लौट गए। किसानों ने आरोप लगाया कि सिर्फ समिति क्षेत्र के किसानों को प्राथमिकता दी गई।

खाद के लिए समिति में मौजूद किसान। अमृत विचार

प्रवासी मतदाता की पूर्ण कराएं प्रक्रिया

महोबा। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह ने एसआईआर को बूथ कार्यकर्ताओं को प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए। 12 नवम्बर की पद यात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी का आह्वान किया गया।

बताया गया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में महोबा विधानसभा क्षेत्र में 12 नवंबर को पदयात्रा होगी। कार्यशाला में जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, विधानसभा संयोजक वियोगी शाश्वत, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, पूर्व मंत्री सिद्धगोपाल साहू, विधायक प्रतिनिधि रोहित शर्मा, रविंद्र महेंद्र, योगेश मिश्रा, पदयात्रा संयोजक ओम नारायण तिवारी सहित तमाम वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रामलीला | सीता की खोज के साथ राम-सुग्रीव की मित्रता और बाली वध का हुआ मंचन

पूंछ में आग लगाई, हनुमान ने लंका जलाई

संवाददाता, बेलाताल

अमृत विचार। रामलीला के मंचन से कलाकार दर्शकों को प्रभु राम के जीवन चरित्र और आदर्शों से जोड़ रहे हैं और लोगों को सत्य, धर्म, और कर्तव्य जैसे नैतिक मूल्यों का संदेश दे रहे हैं। बुधवार की रात रामलीला देखने के लिए कस्बे के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों से दर्शकों की भारी भीड़ जुटी।

रामलीला मंचन की शुरुआत सीता की खोज के साथ हुई, जिसमें दिखाया गया कि राम और लक्ष्मण की मुलाकात वानरराज सुग्रीव और हनुमान से होती है। हनुमान राम की भक्ति और साहस से प्रभावित होकर सहयोगी बनने का वचन देते हैं। राम बाली का वध करते हैं और सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बनाते हैं। सीता की खोज में सुग्रीव अपनी वानर सेना को चारों दिशाओं में भेजते हैं। दक्षिण दिशा में हनुमान, अंगद और जाम्बवंत जाते हैं। समुद्र तट पर सम्पाती से उन्हें पता चलता है कि सीता लंका में रावण की कैद में हैं। यहीं से हनुमान समुद्र लांघने और लंका पहुंचने का संकल्प लेते हैं। इसके बाद कलाकारों ने लंका पर चढ़ाई, हनुमान का सीता से मिलन, विभीषण शरणागति और लंका दहन की लीला का मंचन किया। हनुमान जी अशोक वाटिका को तहस-नहस कर देते हैं। रावण के हुक्म पर हनुमान जी की पूंछ पर आग लगाई जाती है तो हनुमान जी लंका में आग लगाते देते है, जिससे पूरा पंडाल जय बजरंग बली के नारों से गूंज उठा। हनुमान और सीता मिलन की भावनात्मक प्रस्तुति देख दर्शकों की आंखें नम हो गईं। लीला का मंचन देर रात तक चलता रहा और भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक इसका आनंद लिया। इस मौके पर व्यास गद्दी पर पप्पू मिश्रा, ढोलक पर धीरेन्द्र राजा ने अपनी संगत से माहौल को भक्तिमय बना दिया।

हनुमान व सीता संवाद का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

कार्यालय ग्राम पंचायत खण्डौत वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

पत्रांक मेमो/ मनरेगा / रा0वि0-चौ0वि0/ विज्ञप्ति / 2025-26 दिनांक 06/11/2025

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से मनरेगा / केन्द्रीय वित्त आयोग पंचम वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदायें दिनांक 13/11/2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत खण्डौत वि0ख0 सरीला में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 07/11/2025 से दिनांक 13/11/25 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 13/11/25 को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 13/11/2025 को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत खण्डौत सरीला से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

क्रमांक	योजना	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रू0 में	कार्य पूर्ण होने में की की अवधि	ग्राम पंचायत का पता
01	5th/15th	दयाशंकर के मकान से प्रधान जी के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य	2,28,533	3 माह	खण्डौत
2	5th/15th	सरमन यादव के मकान से रामसेवक यादव के मकान तक नाला निर्माण कार्य	2,73,290	3 माह	खण्डौत

अन्य शर्तें-

1. सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी।
3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा।
4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा।
7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0-11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।
8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है।
10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

(मुकेश कुमार)
ग्राम पंचायत /विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खण्डौत वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

न्यूज ब्रीफ

ऋण आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवंबर

चित्रकूट। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए जो महिला/पुरुष दस लाख तक का ऋण लेना चाहते हो तो वे अपना आवेदन खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की वेबसाइट पर कर सकते हैं। योजना में पूंजीगत ऋण पर सामान्य पुरुष वर्ग को बैंक द्वारा निर्धारित ब्याज दर चार प्रतिशत ब्याज स्वयं देना होगा। शेष ब्याज में छूट दी जाएगी। आनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में मो. 7408410773 व 6392657391 पर संपर्क किया जा सकता है।

दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

मऊ (चित्रकूट)। एसआई अनिल कुमार ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। 27 मार्च को एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी शंकर उसकी बहन को लेकर चला गया। बहन साथ में रुपये और गहने भी ले गई। 29 अक्टूबर को पुलिस ने शंकर को गिरफ्तार किया था। गुरुवार को न्यायालय में पीड़िता के बयानों के आधार पर विवेचना से प्रकाश में आए एक अन्य आरोपी धीरेंद्र को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।

फिर से साथ रहने को राजी हुए दंपती

चित्रकूट। महिला थाने में दंपती के बीच विवाद खत्म कराया गया। पति पत्नी फिर से साथ रहने को राजी हो गए। सुनीता पुत्री छोटेलाल निवासी भुईधरी माफी ने महिला थाने में शिकायत की थी कि उसका पति रामकिशोर उसके साथ गालीगलौज और मारपीट करता है। थानाध्यक्ष नीलम देवी ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझाया।

महिला घाट में हुआ रीवर रैंचिंग कार्यक्रम

मऊ (चित्रकूट)। गुरुवार को यमुना नदी के महिला घाट में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत रीवर रैंचिंग कार्यक्रम हुआ। इस दौरान रोहू, कतला एवं नैन की मत्स्य अंगुलिकाएं संचय की गईं। कार्यक्रम में विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जयप्रकाश पांडेय, प्रेमचंद्र निषाद, नायब तहसीलदार पारुल सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा मौजूद रहीं।

डीएम ने बच्चों के साथ खाया मिड-डे मील

जिलाधिकारी ने पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कसहाई में देखीं व्यवस्थाएं, शिक्षकों को दिये दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को विकास खंड कर्वी के पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कसहाई का औचक मुआयना किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मिड-डे मील की गुणवत्ता जांचने के लिए बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर खाना खाया। उनके साथ उप जिलाधिकारी पूजा साहू, तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी भी मौजूद रहे।

डीएम ने स्कूल की विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका देखी। यहां पर 14 अध्यापक हैं, जिसमें छह मौके पर मौजूद थे। बताया गया कि अन्य शिक्षक बच्चों के साथ संकुल रैली में गए हैं। विद्यालय में कुल पांच रसोइया हैं। प्राथमिक विद्यालय में 175 छात्र-छात्राएं और उच्च प्राथमिक विद्यालय में 190 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। जब डीएम स्कूल पहुंचे तो बच्चों को एमडीएम परोसा जा रहा था। मीनू के अनुसार, गुरुवार को लौकी मिक्स अरहर की दाल और रोटी बनी थी। इस पर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी भी वहीं जमीन पर बच्चों के साथ बैठ गए और खुद भी एमडीएम खाकर गुणवत्ता परखी। डीएम खाने की गुणवत्ता से संतुष्ट नजर आए। इस दौरान उन्होंने अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से पठन-पाठन के बारे में भी जानकारी की और अध्यापकों को निर्देश दिए कि ससमय विद्यालय पहुंचकर पठन पाठन सुचारू रूप से कराया जाए। विद्यालय में समुचित साफ-सफाई, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।

कंपोजिट विद्यालय कसहाई में बच्चों के साथ बैठकर मिड-डे मील का स्वाद लेते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग व उप जिलाधिकारी पूजा साहू। अमृत विचार

ग्राम प्रधान ने बताई सफाईकर्मी की दिक्कत

- विद्यालय शौचालय साफ न मिलने पर डीएम ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि इसे साफ कराएं। इस पर ग्राम प्रधान ने बताया कि ग्राम पंचायत कसहाई में मात्र एक सफाईकर्मी तैनात है। इससे सफाई कराने में दिक्कत आती है। इस पर डीएम ने निर्देश दिए कि पर्याप्त सफाईकर्मियों की नियमानुसार तैनाती की जाए।

गांव वालों को बताया, कैसे भरा जाएगा गणना प्रपत्र

- **चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने गुरुवार को उप जिलाधिकारी पूजा साहू के साथ ग्राम पंचायत कसहाई में एसआईआर (विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण) के तहत बीएलओ द्वारा डोर टू डोर गणना प्रपत्र वितरण का स्थलीय सत्यापन किया। डीएम ने गांववालों को प्रपत्र भरने के संबंध में बताया। जिलाधिकारी ने गांव के बीएलओ से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। बताया कि गणना प्रपत्र दो प्रतियों में रहेगा। एक प्रति मतदाता के पास रहेगी, जिसमें संपूर्ण विवरण भरा जाएगा। एक प्रति बीएलओ को वापस की जाएगी। डीएम ने बताया कि जिन मतदाताओं द्वारा फार्म भरा जाएगा, उनके सगे संबंधियों के नाम जो वर्ष 2003 की मतदाता सूची में होंगे, भाग संख्या एव इपिक नंबर का विवरण भरा जाएगा। डीएम ने बताया कि जिले में वर्तमान में कुल 738948 मतदाता हैं। एसआईआर के लिए 852 बीएलओ तैनात हैं, जिन्हें गणना प्रपत्र दिया जा चुका है। ये मतदाताओं को प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। एसआईआर चार दिसंबर तक चलेगा। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि इस अभियान के महत्व को समझते हुए गणना प्रपत्र भरकर शीघ्र ही बीएलओ को उपलब्ध करा दें।

बच्चों में नजर आई आश्चर्यमिश्रित खुशी

- गुरुवार का दिन कंपोजिट विद्यालय के बच्चों के लिए अलग था। जिलाधिकारी का उनके साथ जमीन पर बैठकर खाना खाना उनके लिए आश्चर्यजनक तो था ही साथ में सुखद भी। कुछ देर तक तो बच्चे डीएम और अन्य अधिकारियों को खाना खाते हुए देखते ही रहे और आपस में एक दूसरे को देखकर मुस्कुराते रहे।

फर्जी कागजात से भूमि की रजिस्ट्री कराने वाला दबोचा

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

अमृत विचार। पुलिस ने कूटरचित कागजातों से जमीन की रजिस्ट्री कराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

एक मार्च को इम्तियाज अहमद सिद्दिकी निवासी अमरोहा थाना घूरपुर (प्रयागराज) ने थाना मऊ में रिपोर्ट लिखाई थी। उसने बताया था कि वह मैहर में एक सीमेंट फैक्ट्री में जनरल मैनेजर प्रोडेक्शन है। उसने कल्चिहा गांव में अपनी मां के नाम जमीन खरीदी थी। उनकी मृत्यु के बाद उसके साथ तीन अन्य लोगों के नाम वरासत हुई। बताया कि उसके खाते में आई एक चौथाई जमीन को चंद्रजीत यादव निवासी प्रयागराज ने जयप्रकाश मिश्र निवासी जौनपुर ने अनिल कुमार निषाद पुत्र पवन कुमार निवासी मऊ, गुलाब यादव निवासी प्रयागराज को गवाह बनाकर फर्जी दस्तावेज से रजिस्ट्री करा ली। उसने बताया कि गजेंद्र गिरी को फर्जी रूप से उसे (इम्तियाज अहमद) बनाया गया। इसके नाम आधार कार्ड आदि बनवाए गए। रजिस्ट्री चंद्रजीत यादव के नाम की गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने प्रभारी निरीक्षक मऊ को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए थे। पांच नवंबर को एसआई वंश नारायण सिंह ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी गजेंद्र पुत्र राजेश निवासी हिंदुपुरा करछना (प्रयागराज) को छिवलहा में संकटमोचन ढाबा के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी दुर्गेश नंदन पटेल और बृजेंद्र राय शामिल रहे। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

भागवत कथा के पूर्व कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

संगीतमयी भागवत कथा की हुई शुरुआत

संवाददाता,रामनगर (चित्रकूट)

अमृत विचार। पियरियामाफी गांव में सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई और मंदिरों में पूजन किया गया। महिलाएं कलश में गुंता नदी से जल लेकर कथा स्थल पहुंची, जहां आचार्य ने कलश स्थापित कराया।

सात दिन तक कथा व्यास बृज बिहारी तिवारी कथा सुनाएंगे। प्रमुख जजमान शांती देवी लालता प्रसाद बलुआ हैं। पहले दिन की कथा में कथा व्यास ने श्रीमद् भागवत महापुराण का महात्म्य बताया। कथा की व्यवस्था बृजनंदन प्रसाद बलुआ कर रहे हैं।

छात्रावास के लिए छात्र नई लिंक पर आवेदन करें

चित्रकूट। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी ने बताया कि राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास मऊ एवं बेड़ी पुलिया में अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग/सामान्य वर्ग एवं दिव्यांग छात्रों को वरीयतानुसार आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए 25 अक्टूबर को आवेदन पत्र मांगे गए थे। बताया कि निदेशालय समाज कल्याण उप्र लखनऊ ने छात्रावास में प्रवेश के लिए वेबसाइट को संशोधित कर दिया है। अब इच्छुक छात्र नवीन लिंक पर आवेदन कर उसकी हार्ड कापी संलग्नक सहित प्राचार्य / प्रधानाचार्य से प्रमाणित कराते हुए संबंधित छात्रावास के कार्यालय में छह दिसंबर तक जमा कर सकते हैं।

शिक्षा के साथ बच्चों के लिए खेल भी जरूरी

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

अमृत विचार। ग्राम पंचायत छीबों में श्री गोस्वामी इंटर कालेज के ठा. उजागर सिंह क्रीड़ा मैदान में गुरुवार को तीन दिवसीय जनपदीय स्काउट और गाइड रैली की शुरुआत हुई। उद्घाटन करते हुए विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद पर भी ध्यान दें।

विधायक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन किया। चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी के एनसीसी दल ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। छात्राओं ने सरस्वती वंदना की और स्वागत गीत गाया। प्रबंधक संतोष पांडेय, प्रधानाचार्य शिव शंकर ने अंगवस्त्रम् एवं प्रतिमा भेंट की। विधायक ने कहा कि खेलकूद से तन के साथ साथ मन का भी स्वस्थ विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय चाहे निजी हो या सरकारी शिक्षक समर्पित होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने जिले के सभी इंटर कालेज के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों से नियमानुसार विद्यालय के विकास के लिए विधायक निधि से अपेक्षित सहयोग की बात कही। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामनगर राजकुमार मिश्र, जय प्रकाश पांडेय, सारंगधर मिश्र आदि मौजूद रहे। रैली की जिम्मेदारी संजय यादव संभाले हैं।

प्रतिभा प्रदर्शन करतीं छात्राएं। अमृत विचार

- श्री गोस्वामी इंटर कालेज छीबों में स्काउट-गाइड रैली का हुआ आयोजन

राहत : राठ मार्ग का होगा चौड़ीकरण

संवाददाता कालपी जालौन

अमृत विचार। काशीखेरा -राठ मार्ग का एक बार फिर से चौड़ीकरण होगा। क्षेत्रीय विधायक की पहल पर शासन ने जनपद की सीमा तक 22 किमी सड़क के लिए 76 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

कालपी नगर का हमीरपुर के राठ कस्बे से व्यापारिक रिश्ते रहे हैं, जिसके चलते यहां से राठ के लिए सीधा मार्ग था। यह वनखण्डी देवी रोड से पहचाना जाता है । इस रोड से आज भी बारिश के मौसम को छोड़ कर कदौरा ब्लाक क्षेत्र के लोग आवागमन करते हैं। लेकिन समय के साथ यह मार्ग अब खस्ताहाल हो गया है। हालांकि इसके फिर से निर्माण के लिए आवाज भी उठाई जाती रही है। पर वन विभाग की जमीन बीच में आ जाने से यह मांग पूरी नहीं हो सकी है। हालांकि तहसील से काशीखेरा के लिए सम्पर्क मार्ग बनाए जाने की कवायद चल रही है। इतना ही नहीं शासन ने एक दशक पूर्व काशीखेरा राठ मार्ग को सीसी बना दिया था, जिससे उस क्षेत्र की जनता का आवागमन सुलभ हो गया है लेकिन उक्त क्षेत्र में बालू खदाने होने के कारण रात दिन ट्रकों का संचालन होता है, जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी होती है, जिसके चलते क्षेत्र की जनता इसके चौड़ीकरण की मांग कर रही थी। इसी के चलते क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने उक्त रोड के चौड़ीकरण की मांग शासन से की थी जिसे शासन ने मान लिया है। विधायक के अनुसार काशीखेरा से राठ रोड की 22 किमी की दूरी तक 5 मीटर चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। इसके लिये शासन ने लगभग 76 करोड़ रुपये शासन ने मंजूर किये हैं। शासनादेश भी जारी हो गया है।

छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

चित्रकूट। प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना रीता सिंह व आरक्षी शिवम द्विवेदी ने श्री गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के संबंध में बताया। विद्यार्थियों को समझाया कि किसी अनजान व्यक्ति को अपना अकाउंट विवरण व एटीएम कार्ड नंबर, पिन नंबर, ओटीपीन बताएं। अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को कभी भी न दें। आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, नई सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन न करें। बोनस प्वाइंट, रिवार्ड प्वाइंट, कैशबैक, केबीसी आदि लुभावने ऑफर के लालच में अपना बैंक डिटेल फोन पर शेयर न करें। साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नं. 1930 पर तुरंत कॉल करें। इसके पश्चात नजदीकी पुलिस स्टेशन और वेबसाइट पर भी रिपोर्ट दर्ज करायें।

संविदाकर्मियों की छंटनी बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। उप्र पावर कारपोरेशन निविदा कर्मचारी संघ की जिला इकाई ने गुरुवार को धुस मैदान में बैठक की। बैठक में वर्षों से काम कर रहे संविदाकर्मियों की छंटनी पर आक्रोश जताया गया।

प्रदेश संगठन मंत्री रणबहादुर सिंह ने कहा कि संविदा-निविदा कर्मियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। प्रबंधन के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा और संविदाकर्मियों की जगह निजी हितलाभ के लिए नए व अपने सगे संबंधियों की नियुक्ति की जा रही है। कर्मचारियों का कहना था कि अध्यक्ष और मंत्री की नूरा कुश्ती से बड़े पैमाने पर छंटनी हो रही है। वर्षों से कार्यरत संविदाकर्मी सड़क पर आ गया है। जिला प्रभारी अजय मिश्रा ने आरोप लगाया कि अनुबंध के विपरीत मैनपावर की कमी के चलते संविदाकर्मियों से श्रम कानून के विपरीत अल्प वेतन में 18 घंटे तक काम लिया जा रहा है। इससे दुर्घटनाएं भी बढ़ी हैं। जिलाध्यक्ष हेमराज यादव ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। इस मौके पर पहुंचे अधीक्षण अभियंता आरके यादव ने संविदाकर्मियों की समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया। वरिष्ठ पदाधिकारी सुशील जोशी ने बताया कि जिले के संविदाकर्मियों की समस्याओं का निस्तारण संगठन कराएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष हरीओम सिंह ने समय से मानदेय भुगतान, सुरक्षा उपकरण, वर्क टू रूल काम, कम मानदेय के मुद्दे उठाए। इस दौरान जिला कमेटी की घोषणा भी की गई। हेमराज यादव को जिलाध्यक्ष और सतेंद्र पटेल को कर्वी खंड अध्यक्ष बनाया गया।

पेट से निकाला बालों का गुच्छा

चित्रकूट। बलदाऊगंज स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में चिकित्सकों ने एक महिला के पेट से लगभग ढाई किलो का बालों का गुच्छा निकाला। डा. मोहित गुप्ता और डा. वंदना अग्रवाल ने बताया कि जटिल आपरेशन के बाद यह सफलता मिली। बताया कि गनीवां निवासी नीलम 30 कई वर्षों से पेट दर्द की समस्या से जूझ रही थीं। परिजनों ने जब उसे भर्ती कराया तो सीटी स्कैन कराने की सलाह दी गई। जांच में पता चला कि वह 'ट्राइकोबेज़ोर नामक बीमारी से ग्रसित हैं। डा. वंदना ने बताया कि नीलम के पेट में बालों का यह गुच्छा करीब तीन किलोग्राम वजनी था। डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन कर पूरी गांठ को बाहर निकाल दिया।

तैयारी

राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए ज्यादा से ज्यादा वाद चिह्नित करें : जिला जज

13 दिसंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। 13 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में गुरुवार को जिला जज शेषमणि शुक्ला ने नोडल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने ज्यादा से ज्यादा वादों को चिह्नित कर लोक अदालत में निस्तारित कराने के निर्देश दिए।

यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिन कुमार दीक्षित ने दी। बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, बैंक वसूली, विद्युत अधिनियम और जल, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक, भूमि अधिग्रहण, राजस्व/चकबंदी, किरायेदारी आदि वाद, जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आए हैं, का निस्तारण किया जाएगा। इसमें विशेषकर पारिवारिक मामले, उपभोक्ता फोरम के वाद शामिल हैं। जिला जज ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने विभागों से संबंधित मामले चिह्नित करें और पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हे राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराने का प्रयास करें।

राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैठक करते जिला जज शेषमणि शुक्ला व अन्य।

- जिला जज ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

बैठक में राममणि पाठक अपर जिला जज/नोडल अधिकारी लोक अदालत, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज/सहायक लोक अदालत नोडल अधिकारी, अजय कुमार नोडल अधिकारी प्रतिनिधि अपर जिलाधिकारी, राजकमल क्षेत्राधिकारी राजापुर, विनय कुमार पांडेय जिला पूर्ति अधिकारी, रामसुधर तहसीलदार मऊ, सौरभ यादव उप जिलाधिकारी, प्रगति गुप्ता जिला प्रोबेशन अधिकारी, यामीन अहमद सीओ कर्वी, दयाशंकर वर्मा तहसीलदार मानिकपुर, डॉ. एके पटेल , राममिलन आदि मौजूद रहे।

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की दी गई जानकारी

कालपी जालौन। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के मुताबिक तहसीलदार अभिनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बीएलओ की मीटिंग संपन्न हुई। इसमें उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 को लेकर जानकारी दी गई और जिम्मेदारी सौंपी गई। वीआरसी प्रभारी शशांक विश्वकर्मा की मौजूदगी में गुरुवार को तहसील सभागार में आयोजित बैठक में तहसीलदार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक उपलब्ध कराकर संग्रह करेंगे। निर्वाचित नामावली का आलेख प्रकाशन 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई है। निर्वाचित नामावली का आलेख प्रशासन 9 दिसंबर को किया जाएगा।

एच0सी0जे0 फार्म नं0 18 भाग 22
(नमूना काबिल फरोख्त)
समन बिनावर
इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय उपजिलाधिकारी (न्यायिक राठ)
नम्बर मुकदमा :–टी0 202507320205818
मैथा जिगनी
धारा–38(2)
जिला– हमीरपुर मुद्दई
साकिन मुद्दाअजेह
छोटेलाल बनाम सरकार
रूप सिंह पुत्र कमलापत, नि0 ग्राम-डकोर
जिला-जालौन

हरगाह ....ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12 माह 11 सन् 2025 ई0 बावक्त 10.00 बजे दिन के असालतन मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार बाकई बाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके या जिनके साथ कोई और शख्स हो कि जो जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जबाबदेही दाबा की करें और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजबीज हुई है पर आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला गवाहों की जिनकी शहादत पर नीज तमाम दस्ताबेजों को जिन पर आप अपनी जबाबदेही के ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूअ और फैसला होगा। दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 06 ई0 माह 11 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया।

आज्ञा से
न्यायालय उपजिलाधिकारी, राठ

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मैं निक्की शर्मा पत्नी अनूप कुमार शर्मा निवासिनी DS-1107, LDA Colony , कानपुर रोड़, सूचित करती हूँ कि मेरी DS - 1108, LDA Colony , कानपुर रोड़ की LDA द्वारा जारी अलाटमेंट लेटर वास्तव में कहीं खो गया है, इसका अन्यत्र प्रयोग अवैधानिक होगा।

सूचना
पहले मेरा नाम MOHD SHAJIB था अब मैने बदल कर अपना नाम SHAJIB KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे SHAJIB KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O ALEEM KHAN R/O - 152, GOTAIYYA BAGH NEAR MOSQUE, LAKHIMPUR KHERI

सूचना
मेरा नाम पहले फाईज था। अब आधार कार्ड नंबर 430271754861 में फाईज सिद्दीकी हो गया है। मुझे अब फाईज सिद्दीकी नाम से ही जाना पहचाना जाए। **फाईज सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद फाजिल सिद्दीकी, मोहल्ला गांधीनगर उतरौला जनपद–बलरामपुर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं Nur Jahan पत्नी शहाबुद्दीन निवासी–435/384, रज्जब गंज, गढ़ी पीर खाँ, ठाकुरगंज, चौक लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226003, मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरे नाम की स्पेलिंग Noor Jahan लिख गई हैं, बल्कि मेरे आधार अनुसार सही स्पेलिंग नाम Nur Jahan हैं, दोनों ही नाम एक ही महिला के हैं आज से मुझे Nur Jahan के नाम से जाना, पहचाना व दर्ज किया जाये।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम व जन्मतिथि पासपोर्ट में त्रुटिवश EHTISHAM व जन्मतिथि–12.08.1994 अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम व जन्मतिथि मो0 एहतिशाम (MOHD AHETESHAM) व जन्मतिथि–12. 08. 1995 है। अबसे मैं सभी जगह कानूनी रुप से मो0 एहतिशाम (MOHD AHETESHAM) नाम का उपयोग करूंगा और इसी नाम से जाना जाऊँगा। मो0 एहतिशाम (MOHD AHETESHAM) पुत्र ईरशाद निवासी–429/75, पन्नालाल रोड, बन्सल प्लाजा के पास, डालीगंज, निराला नगर, लखनऊ उ0प्र0–226020

सूचना
मै रामनरेश सुत साहबदीन निवासी ग्राम पूरे नेवाजी, मजरे बूबूपुर, थाना बाजार शुक्ल, परगना जगदीशपुर, तहसील मुसाफिरखाना, जिला–अमेठी उ0प्र0, मेरा पुत्र यश प्रताप उर्फ राजा का व्यवहार मेरे व परिवार के प्रति अच्छा नहीं है तथा पूरे परिवार को प्रताड़ित करता रहता है तथा किसी के भी समझाने–बुझाने का उस पर कोई असर नहीं होता है। उसके गलत चाल–चलन व आपराधिक आचरण तथा परिवार के प्रति बुरे व्यवहार के कारण मैने उससे अपना सारा सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा, उससे मेरा कोई लेना–देना नहीं है।

सूचना
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम राज बहादुर अंकित हो गया है। जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड आदि में मेरा सही नाम राज बहादुर मौर्या अंकित है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम संशोधित कर राज बहादुर मौर्या लिखा व पढ़ा जाये एवं भविष्य में राज बहादुर मौर्या के नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/0–स्व0 बेचई मौर्या , नि0–7/753, सेक्टर–7, जानकीपुरम बिस्तार, लखनऊ।**

सूचना
यह कि मेरा एक मकान रानी अवंतीबाई नगर तिर्वा मे है जिसकी लंबाई 60 व चौडाई 30 फीट है। जिसके पूर्व में मकान अरविन्द, पश्चिम में रास्ता, उत्तर मे मकान माया देवी, दक्षिण में मकान कन्हैया का है। जिसका विवाद हाईकोर्ट में द्वितीय अपील संख्या 585/2014 अजयपाल सिहं आदि बनाम कमला वर्मा के नाम विचाराधीन है अगर कोई विवादित मकान खरीदता है तो सारी जिम्मेदारी उसी की होगी। **अजयपाल सिंह पुत्र रामशंकर निवासी रानी अवंतीबाईनगर तिर्वा जन. कन्नौज**

NOTICE
In the High School marksheet of my son Girish Kumar Tiwari his father's and mother's name are written as Peshkar Tiwari and Pushpa Tiwari which are wrong whereas the correct name is Peshkar Tewari and Pushpa Devi which is true. Peshkar Tewari s/o Algawoo Tiwari vill. And post Belwa Bahuta Gonda Uttar Pradesh.

अमृत विचार

शुक्रवार, 7 नवंबर 2025

यदि हम प्रश्न नहीं करेंगे, तो हम यांत्रिक जीवन जीएंगे।

–जे कृष्णामूर्ति, दार्शनिक

ममदानी की मुश्किलें

प्रख्यात फिल्म निर्देशक मीरा नायर के पुत्र और भारतीय मूल के युवा नेता ज़ोहरान ममदानी ने जब न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की थी, तब से ही यह नाम न केवल अमेरिका बल्कि समूचे विश्व में चर्चा का विषय तो बना हुआ था, मगर जीत की संभावना महज एक फीसदी थी। प्रत्याशित तौर पर अरबपतियों के इस शहर में मध्यमवर्ग और वंचितों के अधिकारों की बात करने वाला यह सोशल डेमोक्रेट जीत गया। ज़ोहरान ममदानी पिछले सौ वर्षों में न्यूयॉर्क के सबसे युवा मेयर बने हैं। वे इस पद पर आसीन होने वाले पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम भी हैं। उन्हें 10 लाख से अधिक मत प्राप्त हुए,पिछले सात दशकों में किसी भी उम्मीदवार से अधिक। उन्होंने ट्रंप समर्थक रिपब्लिकन उम्मीदवार को 44 प्रतिशत के बड़े अंतर से हराते हुए तीसरे स्थान पर धकेल दिया। इस जीत ने न केवल अमेरिकी राजनीति में एक नई हवा भरी है, बल्कि प्रवासी समुदायों में आत्मविश्वास भरते हुए कहा, "यह शहर अप्रवासियों ने बनाया, अप्रवासियों ने चलाया और अब एक अप्रवासी के नेतृत्व में बढ़ेगा।"

उनकी पहचान एक प्रगतिशील डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट के रूप में है। उन्होंने मुफ्त बस सेवा, सार्वभौमिक चाइल्ड केयर और 2030 तक न्यूनतम मजदूरी 30 डॉलर प्रति घंटा करने जैसे महत्वाकांक्षी वादे किए हैं, लेकिन इन योजनाओं पर अरबों डॉलर का खर्च आएगा और इसके लिए उन्होंने अमीरों पर कर बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है, जिस पर विरोध के स्वर मुखर हैं, जिससे उनके सामने प्रशासनिक और राजनीतिक चुनौतियों का एक कठिन दौर शुरू होना तय है। इसी बीच पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें 'कम्युनिस्ट' करार देते हुए शहर की संघीय सहायता में कटौती और नेशनल गार्ड भेजने की धमकी दी है। यह खतरा इसलिए बड़ा है, क्योंकि न्यूयॉर्क का बजट काफी हद तक संघीय फंडिंग पर निर्भर करता है। यदि यह सहायता कम होती है, तो ममदानी की विकास योजनाएं गंभीर संकट में पड़ सकती हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी स्वयं इस समय दो हिस्सों में बंटी दिख रही है, जहां बर्नी सैंडर्स और अलेक्जेंड्रिया ओकासियो-कोर्टेज जैसे प्रगतिशील नेता ममदानी के समर्थन में हैं, वहीं कई उदारवादी नेता चिंतित हैं कि उनकी समाजवादी नीतियां पार्टी की पारंपरिक राजनीति को कमजोर कर सकती हैं।

इसके बावजूद, ममदानी की यह विजय केवल एक चुनावी जीत नहीं है, यह उस सोच की जीत है जो सामाजिक न्याय, समान अवसर और नागरिक कल्याण को राजनीति का केंद्र बनाना चाहती है। उन्होंने यह दिखा दिया है कि जनआकांक्षाओं से जुड़ी नीतियां, यदि सच्चे इरादों से प्रस्तुत की जाएं, तो बड़े से बड़ा सत्तातंत्र भी झुका सकता है। ट्रंप के लिए ममदानी ने भविष्य के लिए किंचित कठिनाइयां पैदा तो की हैं, पर सही बात तो यह है कि ममदानी की परीक्षा अभी से शुरू हो गई है। ममदानी को न केवल अपने वादों को पूरा करना होगा, बल्कि एक विभाजित और असमानताओं से भरे शहर को एकजुट भी करना होगा। यदि वे यह कर पाते हैं, तो यह जीत न सिर्फ न्यूयॉर्क की, बल्कि उस वैकल्पिक राजनीति की भी होगी जो आज के अशांत विश्व को नई दिशा दे सकती है।

प्रसंगवश

क्रांतिगीत वंदेमातरम् को भी चाहिए न्याय

वंदेमातरम् की रचना के 150 वर्ष पूर्ण गए। देशभक्ति का स्फूरण है, उत्साह है। रोम-रोम देशभक्ति की भावना से पुलकित है। वंदेमारतरम् दरअसल सिर्फ गीत नहीं है, यह देशभक्ति का प्रेरणापुंज है, यह मंत्र है। इसके शब्द, 'बीज मंत्रों' से आच्छादित हैं। जब यह अवतरित हुआ तब से आज तक भारत की एकता, विविधता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बना है। गीत ने राजनीतिक दूरियां मिटा दी थीं, उत्तर से दक्षिण तक पूर्व से पश्चिम तक राष्ट्रीय एकता का संदेश और क्रांति की प्रेरणा दी। गुलामी की बेड़ियों में जकड़ी 'भारत मां' को मुक्त कराने के लिए क्रांति कर दी थी। लाखों युवाओं को क्रांति की मशाल हाथ में थमा दी थी, और वे स्वतंत्रतता का लक्ष्य लेकर निकल पड़े थे। आज उसी वंदेमातरम् को न्याय की आवश्यकता है। उसके मूल स्वरूप में स्वीकारोक्ति की आवश्यकता है।

सर्वेश कुमार सिंह

वरिष्ठ पत्रकार

अंग्रेजों के क्रूर शासन में जब भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता खंडित की जा रही थी। बंगाल के सरकारी अधिकारी बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के हृदय में अंग्रेज सरकार के एक फैसले से क्षोभ उत्पन्न हो गया। उन्होंने 'भारत माता' की स्तुति में एक गीत लिखने का निश्चय किया। चट्टोपाध्याय ने सात नवंबर 1875 को वंदेमातरम् की रचना कर दी। वंदेमारम् को कांग्रेस के अधिवेशन में प्रथम बार कलकत्ता में 1896 में गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर ने गाया।

कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में 28 अक्टूबर 1937 को प्रस्तुत एक रिपोर्ट के बाद इसे खंडित कर दिया गया। कांग्रेस ने उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया, जिसमें इसके कई महत्वपूर्ण अंशों को काट दिया गया और केवल आरंभ के दो छंद ही स्वीकार किए गए। यह सब कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति के कारण हुआ। दरअसल रामपुर के अली बंधुओं का कांग्रेस में काफी दबदबा था। कांग्रेस उन्हें देश के प्रमुख मुस्लिम नेताओं के रूप में मान्यता देती थी। इन अली बंधुओं के अनुरोध पर ही कांग्रेस ने खिलाफत आंदोलन में भाग लेने का फैसला किया था। अली बंधुओं में छोटे भाई मौलाना मोहम्मद अली जौहर कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। उनकी अध्यक्षता में आंध्र प्रदेश के काकानाडा में 28 दिसंबर 1923 से एक जनवरी 1924 तक अधिवेशन हुआ था।

अधिवेशन में परंपरागत रूप से 'वंदेमातरम्' गायन होना निश्चित था। इसके लिए प्रख्यात संगीतज्ञ, गायक पंडित विष्णु दिगंबर पुलस्कर उपस्थित हुए थे। उन्होंने जैसे ही गायन आरंभ किया तो अधिवेशन की अध्यक्षता कर रहे मौलाना मोहम्मद अली जौहर ने विरोध कर दिया। उन्होंने गायन रोकने को कहा, किंतु वे नहीं रुके और पूरा वंदेमातरम् गायन किया। क्षुब्ध होकर मौलाना जौहर मंच छोड़कर चले गए। इस विरोध पर कांग्रेस के तत्कालीन नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में धार्मिक एकता बनाए रखने के लिए मौलाना जौहर की मांग पर समिति बना दी। समिति की रिपोर्ट पर वंदेमातरम् को खंडित किया गया। इसके साथ ही इसे अनिवार्य गायन से भी मुक्त कर दिया गया। यही खंडित वंदेमातरम् 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकार किया।

अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदेमातरम् के खंडित होने के भारत के दर्द को उजागर किया है। प्रधानमंत्री ने 31 अक्टूबर को एकता नगर (केवडिया) में सरदार पटेल की 150वीं जन्मजयंती पर कार्यक्रम में 'वंदेमातरम्' के भी 150 वर्ष पूरे होने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वंदेमातरम् के साथ वह किया जो अंग्रेज भी नहीं कर सके। यानी कि वंदेमातरम् जैसे क्रांतिगीत और अनन्य राष्ट्रभक्ति की प्रेरक प्रार्थना को खंडित कर दिया।

उत्तराखंड: थोड़ा है और बहुत की जरूरत है

अमित शर्मा

हल्द्वानी

उत्तराखंड के विकास के 25 साल के रोडमैप पर विधानसभा में सुझाव और तर्क दिए गए। पहाड़ों पर शिक्षा और स्वास्थ्य, ये दो मुद्दे आज भी पहाड़ की तरह खड़े हैं।

एक गीत के बोल हैं- थोड़ा है थोड़े की जरूरत है, लेकिन इस छोटे से पर्वतीय राज्य उत्तराखंड के लिए अभी विकास बहुत थोड़ा है और आगे अभी बहुत-बहुत-बहुत की जरूरत है। मूलभूत सुविधाओं और संसाधनों को बढ़ाने के सतत् प्रयास करने होंगे, तो राज्य में स्थायी रोजगार देने के अवसरों के साथ ही, चाहे वह निम्न या मध्यम वर्गीय नागरिक हों, आर्थिक समानता के लिए हर एक को उसकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने की बेहतर स्थिति में लाना होगा। राज्य के विकास का 25 साल का रोडमैप कैसा होना चाहिए, उत्तराखंड विधानसभा में इस महत्वपूर्ण विषय पर सत्ता और विपक्ष के सदस्यों (विधायकों) द्वारा अपने-अपने सुझाव और तर्क भी दिए गए।

विधानसभा के इस विशेष सत्र की खूबी यह रही कि विधायकों ने अपनी बात को बिना किसी लाग-लपेट के रखा और परंपरा से हटकर सार्थक बहस की। चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार का मामला हो या भ्रष्टाचार का, सभी ने अपने-अपने हिसाब से विकास के रोडमैप की परिभाषा बताई। एक वरिष्ठ विधायक का यह दर्द भी सामने आया कि उत्तर प्रदेश से विभाजित होने के बाद भी उत्तराखंड की अभी तक अपना वर्क कल्चर विकसित नहीं हो पाया है।

एक विधायक ने कहा कि हमें उत्तर प्रदेश के बजाय हिमाचल प्रदेश की नीतियों का अनुसरण करना चाहिए, क्योंकि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थितियां और चुनौतियां लगभग एक जैसी ही रहती हैं। एक विधायक का दर्द इस तरह भी छलका कि अभी तक इस राज्य में यह तय नहीं हो पाया है कि आखिर उत्तराखंडी होने की परिभाषा क्या है।

एक वरिष्ठ विधायक को तो यह कहते भी सुना गया कि चर्चा के दौरान मैं अपने उत्तराखंडी होने का प्रमाण भी दे दूंगा। एक तरह से देखा जाए तो उत्तराखंड कई मामलों में उत्तर प्रदेश के रोड मैप पर ही चल रहा है। पहाड़-मैदान का मुद्दा अभी भी मुखर है। विडंबना यह कि उत्तराखंड की विधानसभा में ही, पहाड़-मैदान जैसे संवेदनशील मामले में, जहां मौका लगता है, सदस्य एक-दूसरे पर तीखी टिप्पणी करने से चूकते नहीं। गढ़वाल मंडल में हरिद्वार और कुमाऊं में ऊधमसिंह नगर भले ही भौगोलिक तौर पर मैदानी एरिया हैं, लेकिन मानसिक तौर पर अभी भी इन्हें मैदानी इलाका ही माना जाता है। इस सोच को निश्चित तौर पर बदलना होगा।

अब विकास की बात करें, तो पहाड़ों पर शिक्षा और स्वास्थ्य, ये दो मुद्दे आज भी पहाड़ की तरह खड़े हैं। निःसंदेह सरकार इन दोनों मुद्दों पर बहुत कुछ कर चुकने और भविष्य की योजनाओं का खाका खींचने का दावा भी कर रही है, लेकिन यह आम बात हो चली है कि पहाड़ पर अधिकांश स्वास्थ्य केंद्र रेफरल सेंटर बन चुके हैं। सरकार को इस मिथक को तोड़ना होगा और पहाड़ों पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करना ही होगा। शिक्षा की भी हालत सही नहीं कही जा सकती। चाहे वह मानसून का महीना हो या फिर शीतकाल, भौगोलिक और मौसमी परिस्थितियां ऐसी हैं कि उन्हें जान हथेली पर रखकर शिक्षा के मंदिर तक जाना होता है।

पहाड़ की महिलाओं का दर्द भी कम नहीं है। जीविका चलाने के लिए उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि जंगल में खतरनाक वन्यजीवों से भी सामना करना पड़ता है और दुर्भाग्य यह है कि अक्सर खबर आती है कि अमुक जिले के जंगल में बाघ या भालू ने महिला को मार डाला। जंगली जानवरों के फसलों को उजाड़ने के मामले तो अब आम बात हो गई है।

उत्तराखंड को विश्व का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए अभी भगीरथ प्रयास करने की जरूरत है। दरअसल, विकसित उत्तराखंड के लिए आगामी 25 साल के लिए कई महत्वपूर्ण विकास योजनाएं और मुद्दे हैं, जिन पर अहम तौर पर काम करने की आवश्यकता है। इसमें सतत् विकास कार्यों के साथ प्रदेश की आर्थिकी की निरंतरता के लिए कृषि, पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नवाचार करने होंगे।

जंगलों की आग इस राज्य की बेशकीमती वन संपदा को समूल नष्ट करने पर तुली है। अतिवृष्टि, बादल फटना, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं बिन बुलाए मेहमान की तरह हर साल उत्तराखंड के दर्द को बढ़ाने के लिए आतुर रहती हैं। विकास की दौड़ में वनों और पहाड़ों का सीना चीरने से कई नई चुनौतियां जन्म ले रही हैं। उच्च हिमालय को छोड़ दें, तो पहाड़ों पर हिमपात होना अब सपना हो गया है।

जलवायु परिवर्तन का ऐसा असर हो चुका है कि पता ही नहीं चल रहा है कि मौसम सर्दी का है या गर्मी का। मानव वन्यजीवों के प्राकृतिक बसेरे में घुसपैठ कर रहा है, तो बढ़ते असंतुलन से वन्यजीव शिकार की तलाश में आबादी में पहुंच रहे हैं। राज्य गठन से लेकर अभी तक एक बहुत बड़ी समस्या मूल निवास की भी सामने है, जिसका हल भी निकालना है।

यह सुखद है कि उत्तराखंड सरकार, इन चुनौतियों का सामना करते हुए देवभूमि के स्वर्णिम स्वरूप को संरक्षित रखने के लिए हर जतन कर रही है। सतत् विकास के कार्य भी हो रहे हैं और विकसित उत्तराखंड की दिशा में गंभीरता से प्रयास चल रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उत्तराखंड विधानसभा में ऐतिहासिक अभिभाषण विधायिका को एक नई दिशा दे गया। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सामूहिक प्रयासों से ही हम उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में प्रयास कर सकते हैं। चुनौतियां अभी कम नहीं हैं, इसलिए उपलब्धियों को जारी रखने के लिए सतत् विकास की मंजिल की ओर हमें सामूहिक कदमों के साथ बढ़ना होगा।

आमने

वोटरों के नाम काटने की कोशिश करने वाले भाजपा नेताओं को पेड़ से बांधकर लटका दिया जाना चाहिए। अगर कोई सचमुच वोटरों का नाम काटता है, तो फिर उसे छोड़ा नहीं जाना चाहिए।

–असीमा पात्र

तृणमूल कांग्रेस की विधायक

सामने

अगर कोई विधायक खुलेआम बीजेपी कार्यकर्ताओं को पेड़ से बांधने की धमकी देती हैं, तो क्या पश्चिम बंगाल में अब तालिबानी शासन चल रहा है? राज्य का लोकतंत्र क्या तृणमूल कांग्रेस ने चुरा लिया है?

–स्वपन पाल

बंगाल भाजपा के नेता

क्रिकेट: छोटे शहर की बेटियों का बड़ा कारनामा

विवेक शुक्ला

पूर्व सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी

भारतीय महिला क्रिकेट की विजयी टीम की अधिकांश खिलाड़ी छोटे शहरों या ग्रामीण इलाकों से हैं। उन्होंने बहुत संघर्ष के बाद अपना मुकाम बनाया है।

बीते दो नवंबर का वह ऐतिहासिक पल, जब नवी मुंबई के दर्शकों से खचाखच भरे डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार महिला विश्वकप पर कब्जा जमाया। गौर करें कि इस विजयी टीम की अधिकांश खिलाड़ी छोटे शहरों या ग्रामीण इलाकों से आ रही हैं। रोहतक की शेफाली वर्मा, आगरा की दीप्ति शर्मा, धर्मशाला की रेणुका सिंह, उमा चेत्री असम के, क्रांति गौड़ मध्य प्रदेश के तथा श्री चरनी आंध्र प्रदेश के ग्रामीण इलाकों से संबंध रखती हैं। क्या यह संकेत है कि अब छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से भारत को बड़े खिलाड़ी मिलेंगे? जवाब है हां!

अगर भारतीय क्रिकेट के गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि हमारे देश की क्रिकेट का इतिहास हमेशा से बड़े महानगरों जैसे मुंबई, दिल्ली, बैंगलूरु, कोलकाता, चेन्नई के इर्द-गिर्द घूमता रहा है। छोटे शहरों से आने वाले खिलाड़ी अपवाद थे। महिला क्रिकेट में भी यही सिलसिला चला। 1980-90 के दशक में मिताली राज (हैदराबाद) या झूलन गोस्वामी (कोलकाता के उपनगर) जैसी दिग्गजों ने रास्ता दिखाया, लेकिन टीम का कोर हमेशा बड़े शहरों से ही रहा, लेकिन 2025 विश्व कप की भारतीय टीम में परिवर्तन स्पष्ट है। 15 सदस्यीय स्क्वॉड में कम से कम 10 खिलाड़ी छोटे शहरों या ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं।

उदाहरण के लिए, शेफाली वर्मा का संबंध रोहतक से है, जहां क्रिकेट अकादमियां सीमित हैं। शेफाली ने स्थानीय क्लब से शुरुआत की और 16 साल की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया। इसी तरह, दीप्ति शर्मा आगरा से हैं, जहां क्रिकेट का सपना देखना आसान नहीं था। दीप्ति ने घर पर ही नेट प्रैक्टिस की शुरुआत की और आज वे विश्व कप की हीरो हैं।

नई पीढ़ी की ये लड़कियां और भी प्रेरणादायक हैं। उमा चेत्री, असम के सिलचर जिले के एक छोटे से गांव से, जहां बाढ़ और गरीबी आम हैं, ने विकेटकीपिंग में अपनी छाप छोड़ी। उनकी कहानी फिल्मी लगती है। स्कूल के मैदान पर गेंद पकड़ते हुए सपने बुनना, फिर राज्य स्तर पर चयन और विश्व कप फाइनल में योगदान। मध्य प्रदेश के छतरपुर से आती हैं क्रांति गौड़, जिन्होंने खेतों के बीच गेंदबाजी सीखी। वे स्पिनर हैं और विश्व कप में अपनी किफायती गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका को परेशान किया।

श्रीचरनी आंध्र प्रदेश के एक पिछड़े क्षेत्र से संबंध रखती हैं, जहां क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर न के बराबर है। ये नाम न सिर्फ टीम की ताकत हैं, बल्कि छोटे शहरों की प्रतिभाओं का प्रमाण है। ESPN क्रिकइंफो के अनुसार, भारतीय महिला टीम के 2025 स्क्वॉड में 70 प्रतिशत खिलाड़ी गैर-महानगरीय पृष्ठभूमि से हैं, जो 2017 विश्व कप स्क्वॉड (जिसमें 40 फीसदी थे) से दोगुना है।

यह बदलाव रातों-रात नहीं हुआ। कई कारक जिम्मेदार हैं। सबसे पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला क्रिकेट पर बढ़ती फोकस। 2013 के बाद से, बीसीसीआई ने घरेलू टूर्नामेंट्स जैसे सीनियर महिला ट्रॉफी और सुपर लीग में छोटे राज्यों को अधिक मौके दिए। इससे झारखंड, असम, तेलंगाना जैसे राज्यों से प्रतिभाएं उभरीं। दूसरा, डिजिटल क्रांति का योगदान। यूट्यूब, इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर कोचिंग वीडियो उपलब्ध होने से छोटे शहरों की लड़कियां घर बैठे सीख रही हैं।

उदाहरणस्वरूप, रेणुका सिंह (हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा से) ने ऑनलाइन ट्यूटोरियल्स से स्विंग बॉलिंग सीखी। तीसरा, सरकारी योजनाएं। 'खेलो इंडिया' और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी पहलों ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया। असम सरकार ने उमा चेत्री जैसे खिलाड़ियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति दी। चौथा, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का प्रभाव। 2023 से शुरू हुई डब्ल्यूपीएल ने छोटे शहरों की लड़कियों को प्लेटफॉर्म दिया, जहां वे बड़े कोचों से सीख सकें। छोटे शहरों में सुविधाओं की कमी, जैसे अच्छे ग्राउंड, कोचिंग सेंटर या यहां तक कि सुरक्षित यात्रा अभी भी बाधा हैं। क्रांति गौड़ ने एक इंटरव्यू में कहा, "उन्हें वारंगल से हैदराबाद ट्रेन से जाना पड़ता था, लेकिन मेरे परिवार का समर्थन ही मेरी ताकत था।"

लैंगिक पूर्वाग्रह भी एक मुद्दा है। कई परिवारों में लड़कियों को क्रिकेट खेलने की अनुमति देना ही बड़ी जीत होती है। फिर भी, ये बेटियां साबित कर रही हैं कि सपने शहर की सीमा नहीं मानते। विश्व कप जीत के बाद, रोहतक में शेफाली के सम्मान समारोह में हजारों लड़कियां मैदान पर उतरीं, जो भविष्य की प्रतिभाओं का संकेत है। यह ट्रेंड सिर्फ महिला क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है। पुरुष क्रिकेट में भी छोटे शहरों से खिलाड़ी आ रहे हैं, लेकिन महिलाओं में यह ज्यादा तेजी से हो रहा है, क्योंकि क्रिकेट अब लैंगिक बाधाओं को तोड़ रहा है।

इस जीत का सामाजिक प्रभाव गहरा है। छोटे शहरों की लड़कियां अब देख रही हैं कि क्रिकेट न सिर्फ खेल है, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण का साधन भी। विश्व कप विजेताओं को मिलने वाले इनाम और एंडोर्समेंट डील्स से परिवारों की जिंदगी बदल रही है। उमा चेत्री की मां, जो एक स्कूल टीचर हैं, अब कहती हैं, "मेरी बेटी ने गांव का नाम रोशन किया।" यह प्रेरणा लाखों लड़कियों को क्रिकेट के मैदान की ओर धकेल रही है।

सोशल फोरम

दुनिया भर में हो रही बुजुर्ग पेड़ों की मौत

पिछले दिनों 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' में एक बहुत ही ख़ूबसूरत लेख छपा। लेख बूढ़े, उम्रदराज़ दरख़्तों के बारे में था। वैसे बूढ़े, उम्रदराज़ दरख़्त- जो बहुत कद्दावर भी हों। साइंस की ज़ुबान में इन्हें एल्डरफ्लोरा और मेगाफ्लोरा कहेंगे। लेखक जेरेड फार्मर बतला रहे थे कि दुनिया में हजारों साल पुराने दरख्त मौजूद हैं, लेकिन वो धीरे-धीरे नष्ट हो रहे हैं। हमें उन्हें बचाना चाहिए। क्यों? केवल इसलिए नहीं कि वो बहुत पुराने हैं और गुजरे वक्त की एक शानदार यादगार हैं, बल्कि इसलिए भी कि उनके भीतर वैसी जेनेटिक सूचनाएं संकलित हैं, जो बेशकीमती हैं।

सुशोभित

ब्लॉगर

वे पेड़ अतीत में ऐसे अवसर पर पनपे थे, जब उनके लिए परिवेश अनुकूल था। वैसी परिस्थितियां शायद सदियों तक फिर न दोहराई जा सकें। वे अतीत और भविष्य के बीच एक पुल की तरह हैं और सबसे बड़ी बात यह कि वे अपने आसपास के इकोलॉजिकल सिस्टम को सपोर्ट करते हैं। पर्यावरणविद् मेग लोमैन ने अकारण ही वृक्षों के माध्यम से संचालित होने वाले पारिस्थितिकी-तंत्र को आठवें महाद्वीप की संज्ञा नहीं दी थी।

पेड़ बहुत मिलनसार होते हैं। यारबाश होते हैं। वे समूह में रहना पसंद करते हैं, जिन्हें हम जंगल कहते हैं, वे दरख्तों की बस्तियां हैं। कवियों और शायरों को लगता है कि पेड़ अपने पत्तों की खड़खड़ाहट से आपस में गुफ़्तगू करते हैं। हकीकत यह है कि पेड़ पत्तों नहीं जड़ों के जरिये बात करते हैं और यह सच है। पीतर वोल्लेबेन ने इसी को वुड-वाइड-वेब कहा था। जितना पुराना पेड़ होगा, उतना ही उसका कम्युनिकेशन सिस्टम पुख्ता होगा और वो अपने आसपास के नौजवान दरख्तों की बढ़त में मददगार होगा। जेरेड फार्मर इन्हें मदर-ट्री कहते हैं। ये अपने आसपास के सब्जे को पालते-पोसते हैं। आपने साल के किसी वृक्ष को अकेला नहीं देखा होगा, वो समूह में ही पनपते हैं। तनहाई में वो मर जाते हैं।

जेरेड फार्मर ने चिंता जतलाई कि बूढ़े दरख्त एक-एक कर के मर रहे हैं और किसी को फिक्र नहीं है। हाल के दिनों में दुनिया में ऐसे पूरे-पूरे जंगल जलकर खाक हो गए, जिनमें तीन हजार साल पुराने तक पेड़ थे। इनमें आग-प्रतिरोधक सेकोइआस भी शामिल थे, जो दुनिया के सबसे भीमकाय पेड़ माने जाते हैं। अकाल के दौर में फलने-फूलने वाले ग्रेट बेसिन के ब्रिस्टलकोन पाइन पेड़ भी नष्ट हो गए हैं। ये पेड़ पांच हजार साल तक जीवित रह सकते हैं।

सामयिकी

बच्चों में बढ़ रहे हैं अवसाद व खुदकुशी के मामले

हाल ही में जयपुर के एक पांच सितारा स्कूल की छठी कक्षा की छात्रा ने स्कूल की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई आत्महत्या कई सवाल खड़े करती है। उसकी मौत इतनी दर्दनाक और रोंगटे खड़े कर देने वाली है, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। घटना के बाद छात्रा की मां स्कूल आईं। उस मां ने चीत्कार के साथ कहा कि आई किल्ड माई डॉटर। आप अंदाजा लगाने की कोशिश कीजिए कि उस मां पर क्या बीत रही होगी! वह आजीवन इस आत्म ग्लानि से कैसे उबर पाएगी। वह अपनी बेटी के मन में पनपती उस पीड़ा को भी नहीं समझ पाई, जिसका अंजाम इतना दर्दनाक निकला।

अमित बैजनाथ गर्ग

वरिष्ठ पत्रकार

असल में यह घटना कई सवालों पर सोचने के लिए मजबूर करती है। सबसे पहला सवाल तो यह है कि आखिर इतने छोटे बच्चे आत्महत्या जैसा बड़ा कदम क्यों उठा रहे हैं? दूसरा हम अपने बच्चों को कैसी शिक्षा व्यवस्था में ढाल रहे हैं। तीसरा सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर बच्चे मानसिक रूप से इतने कमजोर क्यों हो रहे हैं? ये सवाल आपस में एक-दूसरे से गहरे तक जुड़े हुए हैं। असल में आत्महत्या का प्रयास करने वाले अधिकांश बच्चे मानसिक स्वास्थ्य विकार और अवसाद से ग्रस्त हो रहे हैं।

छोटे बच्चों में आत्महत्या के प्रयास अक्सर आवेगपूर्ण होते हैं। ये प्रयास उदासी, भ्रम, क्रोध या ध्यान और अति सक्रियता संबंधी समस्याओं से जुड़े हो सकते हैं। वहीं उन पर पढ़ाई और सबसे आगे रहने का दबाव भी बना हुआ है। हमारी शिक्षा प्रणाली उन पर इतना दबाव बना देती है कि वे मानसिक अवसाद में आ जाते हैं और पढ़ाई का बोझ सहन नहीं कर पाते। यह रट्टा मार शिक्षा व्यवस्था हमारे नौनिहालों के जीवन पर भारी पड़ रही है। असल में बच्चों से लेकर युवाओं तक में आत्महत्या एक गंभीर समस्या बनी हुई है। एक अनुमान के अनुसार, 15 से 24 वर्ष की आयु के बच्चों, किशोरों और युवा वयस्कों में आत्महत्या मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है।

किशोरों में आत्महत्या के प्रयास तनाव, आत्म-संदेह, सफलता का दबाव, वित्तीय अनिश्चितता, निराशा और नुकसान की भावनाओं से जुड़ी हो सकती है। वहीं कुछ किशोरों के लिए आत्महत्या उनकी समस्याओं का समाधान लग सकती है। आत्महत्या के विचार और प्रयास अक्सर अवसाद से जुड़े होते हैं। अवसाद के अलावा अन्य जोखिम कारक भी हैं, जैसे आत्महत्या के प्रयासों का पारिवारिक इतिहास, हिंसा के संपर्क में आना, आवेगशीलता, आक्रामक या विघटनकारी व्यवहार, हथियारों तक पहुंच, निराशा या लाचारी की भावनाएं और तीव्र हानि या अस्वीकृति।

अगर बच्चों और किशोरों की बात की जाए तो आत्महत्या के बारे में सोच रहे बच्चे और किशोर खुलेआम आत्मघाती बयान या टिप्पणियां कर सकते हैं, जैसे काश मैं मर जाता या मैं अब ज्यादा समय तक तुम्हारे लिए समस्या नहीं रहूंगा आदि। आत्महत्या से जुड़े अन्य चेतावनी संकेतों में खाने या सोने की आदतों में बदलाव। बार-बार उदासी। दोस्तों, परिवार और नियमित गतिविधियों से दूरी। शारीरिक लक्षणों के बारे में अक्सर शिकायतें होती हैं, जो अक्सर भावनाओं से संबंधित होती हैं, जैसे पेट दर्द, सिर दर्द, थकान आदि। स्कूल के काम की गुणवत्ता में गिरावट। मौत होने को लेकर चिंता आदि। आत्महत्या के बारे में सोचने वाले युवा भविष्य की योजना बनाना या उसके बारे में बात करना भी बंद कर सकते हैं। असल में अवसाद और आत्महत्या की भावनाएं मानसिक विकार हैं, जिनका इलाज संभव है। बच्चे या किशोर की बीमारी की पहचान कर उचित उपचार किया जा सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***

0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



हजारों मील का सफर तय कर पहुंचे
सर्दियों के मेहमान

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के हसीन जंगल सिर्फ विदेशी पर्यटकों को ही आकर्षित नहीं कर रहें, बल्कि प्रवासी पक्षी भी अब यहां की आबो-हवा के दीवाने हो चुके हैं। हजारों मील का लंबा सफर तय कर साइबेरिया, मध्य एशिया और यूरोप में ठंड बढ़ने के साथ यह रंग-बिरंगे मेहमान (शरदकालीन प्रवासी पक्षी) तराई की गोद में बसे पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत आसपास की झीलों, नदियों और दलदली क्षेत्रों में नए बसेरे की तलाश में दस्तक दे चुके हैं। इन प्रवासी पक्षियों में कई ऐसे हैं, जिनकी खासियत हर किसी को हैरान कर देने वाली है। फिलहाल इन सभी ने अपना ठिकाना बनाने के बाद अब पानी में अठखेलियां और हवा में कलाबाजी कर लोगों में रोमांचित करना शुरू भी कर दिया है।

-सुनील यादव, पीलीभीत

ज्वेल ऑफ तराई कहे जाने वाले पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैव विविधिता के दम पर देश-दुनिया में टूरिज्म आइकॉन बनता जा रहा है। यहां के भारी-भरकम बाघों के बीच कई अन्य दुर्लभ स्तनधारी वन्यजीव भी हैं, जो शेड्यूल वन की श्रेणी में आते हैं। इन सबके बीच पिछले कुछ सालों से मेहमान परिंदों को भी पीलीभीत टाइगर रिजर्व की आबो-हवा रास आने लगी है। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक यहां पक्षियों की 350 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। पक्षियों के इस अद्भुत संसार में अब दूर-दराज देशों एवं समेत देश के अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में मेहमान परिंदें भी प्रवास को आने लगे हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों के मुताबिक इन प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों में धीरे-धीरे इजाफा भी हो रहा है।

प्रवासी पक्षियों पर लंबे समय से स्टडी करने वाली टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के मुताबिक पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत आसपास क्षेत्र में सात समंदर पार समेत देश के विभिन्न राज्यों से 100 के अधिक प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां प्रवास को आती हैं। यह प्रवासी पक्षी साल भर में दो बार अपनी आमद दर्ज कराते हैं। प्रवासी पक्षियों की यह आमद मानसून से पहले और मानसून के बाद होती है। पिछले माह ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की विदाई के साथ शरदकाल में रूस, साइबेरिया, अलास्का, सेंट्रल एशिया, लद्दाख आदि से शरदकालीन प्रवासी पक्षियों के झुंड दस्तक दे चुके हैं। तकरीबन चार से पांच माह के प्रवास के बाद यह फरवरी के अंतिम दिनों में वतन वापसी शुरू कर देते हैं। इसमें बड़ी संख्या में विदेशी पक्षी शामिल हैं, जो सात समंदर पार कर यहां टाइगर रिजर्व से सटे शारदा सागर डैम समेत अन्य झील-पोखरों में प्रवास कर रहे हैं। जंगल से सटे इलाके में 22 किमी लंबे शारदा सागर डैम में इनकी संख्या हजारों में होती है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में मुख्य रूप से बार हेडेड गूज, ग्रे लेग गूज, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, कामन पोचार्ड, टफटेड डक, लैपविंग, चैट, फ्लाईकेचर, कॉमन सैंडपाइपर, मालार्ड, नार्दन पिनटेल आदि प्रमुख शरदकालीन प्रवासी हैं। इसमें वल्चर, ईगल व चैट आदि कुछ दुर्लभ प्रजाति के प्रवासी पक्षी भी शामिल हैं। सोसायटी अध्यक्ष अख्तर मियां खान के मुताबिक शरदकालीन प्रवासी पक्षी संबंधित देशों में बर्फवारी और जलजमाव के चलते यहां अनुकूलन के लिए आते हैं। यहां इनको बेहतर हैवीवेट और खासा भोजन भी मिल जाता है। इन प्रवासी पक्षियों के अवैध शिकार पर रोकथाम समेत इनकी सुरक्षा को लेकर टाइगर रिजर्व प्रशासन ने शारदा सागर डैम समेत झीलों और अन्य जलाशयों की निगरानी बढ़ा दी है। सोसायटी के मुताबिक ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों के मुकाबले सर्दी में आने वाले प्रवासी पक्षियों की संख्या पीलीभीत टाइगर रिजर्व में ज्यादा होती है। इनमें कुछ प्रवासी पक्षी ऐसे होते हैं, जिनकी खासियत को जानकर एक बारगी हर कोई हैरान रह जाएगा।

प्रवासी चिड़ियों की खासियत

- **बार हेडेड गूज-** यह प्रजाति रूस, कजाकिस्तान, मंगोलिया आदि जगहों से एक लंबा सफर तय करके हिमालय की 27 से 29 हजार फीट तक ऊंची चोटियों के ऊपर से उड़कर भारत में आते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक ये दुनिया के सबसे अधिक ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षी हैं। प्रवास से पहले हेडेड गूज काफी अधिक भोजन करके अपने शरीर में काफी वसा जमा कर लेते हैं, जो इन्हें लंबा सफर तय करने में खासी मदद करता है।
- **ग्रे लेग गूज-** यह प्रवासी पक्षी हिमालय पर तेज बर्फवारी के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे शारदा सागर डैम समेत बड़े जलाशयों में देखी जा रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक ग्रे लेग गूज घंटों बिना रुके आसमान में उड़ने की महारथ रखती है। धब्बेदार भूरे व सफेद पंखों, नारंगी चोंच और गुलाबी पैरों वाला यह प्रवासी पक्षी तापमान बढ़ने के साथ ही अपने पारंपरिक प्रवास के रास्ते से वतन वापसी करता है।
- **कॉमन पोचार्ड-** यूरोपीय देशों की स्थाई निवासी कॉमन पोचार्ड के झुंड यहां की झीलों और दलदली क्षेत्रों में बसेरा बना चुके हैं। अपने प्रवास के दौरान ये एक बड़े समूह में उड़कर आते हैं। प्रवास के दौरान जब इन्हें कोई डर महसूस होता है, तो ये तेजी से पानी पर दौड़कर उड़ान भरते हैं। भोजन की तलाश में यह पानी के अंदर दो मीटर गहराई तक चले जाते हैं।
- **फ्लाई कैचर-** शरीर से लंबी पूंछ और बेहद आर्कषक सा दिखने वाले पैराडाइज फ्लाई कैचर सर्दियों में श्रीलंका, तुर्किस्तान, मलेशिया आदि से यहां आते हैं। टाइगर रिजर्व के घने जंगलों में दस्तक देने वाले फ्लाई कैचर के शिकार का अंदाज भी कुछ खास है। ये हवा में नीचे की ओर उड़कर छोटे-छोटे कीट पतंगे, मक्खियों, तितलियां आदि कीड़ों का शिकार करते हैं। फ्लाई कैचर की सुंदरता पक्षी प्रेमियों को खासा आकर्षिक करती हैं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में अभिलेखित पक्षी प्रजातियों में करीब 100 के आसपास प्रवासी पक्षी प्रजातियां हैं। यह संख्या हमें याद दिलाती है कि यह क्षेत्र न केवल बाघों का घर है, बल्कि हमारे पंखों वाले मेहमानों के लिए भी एक अहम ठिकाना है। हमें मिलकर सुनिश्चित करना चाहिए कि ये प्रवासी पक्षी जो दूर-दूर से आते हैं, उन्हें सुरक्षित आवास और शांति मिल सके। ताकि उनकी वार्षिक यात्राएं सदा चलती रहें।

- अख्तर मियां खान, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसायटी

पीटीआर में वन एवं वन्यजीव संरक्षण की दिशा में बेहतर प्रयास किए जाने से सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। वन्यजीवों के साथ पक्षी प्रजातियों में भी बढ़ोतरी हुई हैं। इनमें माइग्रेटरी वर्डस भी शामिल हैं, जो हर साल ही बड़ी तादाद में यहां पहुंचती हैं। वन्यजीवों के साथ-साथ इनकी सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। माइग्रेटरी वर्डस की मौजूदगी पीटीआर और पर्यावरण दोनों के लिहाज से शुभ संकेत है।

- मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

अत्यधिक चुंबकीय क्षेत्र वाला आश्चर्यजनक ग्रह

एक ऐसा ग्रह है, जो सूर्य के आवेशित उच्च ऊर्जावान कण यानी हाई चार्ज पार्टिकल में घिरा रहता है। अत्यधिक चुंबकीय क्षेत्र वाला यह ग्रह हमारे सौर मंडल के बाहर है, जो किसी भी तारे के गुरुत्वाकर्षण में बंधा हुआ नहीं है। वैज्ञानिकों ने हाल ही में इस ग्रह की जानकारियों का खुलासा किया है। पृथ्वी के सिर्फ ध्रुवों पर अक्सर सूर्य के आवेशित कणों से रंग-बिरंगी रोशनी से आसमान नहाया हुआ नजर आता है, मगर खोजे गए नए इस ग्रह के चारों ओर रंग-बिरंगे ऑरोरा नजर आते हैं। इस ग्रह का नाम सिम्प -0136 रखा गया है।

यह हमारे सौर मंडल के ग्रह बृहस्पति से भी बड़ा है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से आश्चर्यजनक कर देने वाले अनोखे ग्रह की खोज हुई। आयरलैंड के ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन के वैज्ञानिकों ने इसे खोजा। यह ग्रह हमसे 20 प्रकाश वर्ष दूर है। इसके व्यवहार को देख वैज्ञानिकों ने इस ग्रह को दुष्ट प्रकृति का ग्रह माना है। खगोलविदों ने पहली बार वर्ष 2018 में सिंप- 0136 को देखा था। गहन अध्ययन के बाद इसके ग्रह होने की पुष्टि हुई है, क्योंकि इसका किसी तारे से संबंध नहीं होने के कारण इसकी पहचान नहीं हो पा रही थी, मगर जेम्स वेब टेलीस्कोप के जरिए इसकी पुष्टि संभव हो सकी है। यह दुष्ट ग्रह बृहस्पति की तुलना में लगभग 13 गुणा अधिक विशाल है। यह बहुत गर्म ग्रह है, जिसका तापमान 1500 डिग्री सेल्सियस है। इस ग्रह के खोज का श्रेय डॉ. एवर्ट को जाता है, जिनका कहना है कि यह ग्रह प्रकाश की विभिन्न तरंग दैर्ध्य विभिन्न वायुमंडलीय विशेषताओं वाला है। इस ग्रह पर भारी मात्रा में चुंबकीय क्षेत्र फैला हुआ है, जिस कारण इसमें ऑरोरा बनते रहते हैं। यह अजूबा ग्रह है। इस तरह के ग्रह का पहली बार पता चला है। ब्रह्मांड में इस तरह के और ग्रह भी हो सकते हैं। इसकी वास्तविकता का पता चलने के बाद अधिक चुंबकीय घेरे वाले अन्य ग्रहों की खोज कर पाना आसान हो जाएगा।

बबलू चंद्रा
नैनीताल

हैरान कर देने वाला है ग्रह

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे कहते हैं कि वास्तव में यह हैरान करने वाली खोज है। अत्यधिक चुंबकीय क्षेत्र वाला भी कोई ग्रह हो सकता है, इसका पहले कभी किसी को कोई अहसास नहीं था। इस तरह के कुछ और ग्रह भी हो सकते हैं। अब अत्यधिक चुंबकीय क्षेत्र वाले अन्य ग्रहों की खोज भी होने लगेगी।

रोचक किस्सा

जोस डेलगाडो

मैड्रिड विश्वविद्यालय के स्नातक जोस डेलगाडो को येल विश्वविद्यालय में भले ही एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर का पद मिला हो, लेकिन इस प्रतिष्ठित संस्थान के शरीर विज्ञान विभाग में उनका शोध बेहद अजीब था, क्योंकि यह कुल मिलाकर मन पर नियंत्रण से संबंधित था। 1950 और 60 के दशक में येल में रहते हुए, डेलगाडो ने प्राइमेट्स के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड इम्प्लांट लगाए और एक रिमोट कंट्रोल का इस्तेमाल करके रेडियो फ्रीक्वेंसी जारी की, जिससे जानवर जटिल गतिविधियां कर पाए। बाद में, उन्होंने एक बैल के मस्तिष्क में एक इम्प्लांट लगाया और उस जानवर के साथ रिंग में उतरे और अपने ट्रांसमीटर का इस्तेमाल करके, उसे चार्ज होने से पहले ही रोक दिया। शायद सबसे ज्यादा चिंताजनक बात यह थी कि डेलगाडो ने कम से कम 25 लोगों को तार से जोड़ा था। व्यवहारिक रूप से उनके उपकरण का असर सिर्फ लोगों की आक्रामकता पर था, लेकिन वे मन पर नियंत्रण पाने के लिए लगातार प्रयास करते रहे थे। एक बार उन्होंने डरावने अंदाज में कहा था, "हमें मस्तिष्क को इलेक्ट्रॉनिक रूप से नियंत्रित करना होगा। किसी दिन सेनाओं और जनरलों को मस्तिष्क के विद्युतीय उत्तेजना से नियंत्रित किया जाएगा।"

प्राकृतिक अग्निरोधी है डीएनए

वैज्ञानिक फैक्ट

डीएनए को आमतौर पर जीवों में आनुवंशिक जानकारी के वाहक के रूप में जाना जाता है, लेकिन हाल के एक शोध ने इसकी एक बेहद दिलचस्प क्षमता का पता लगाया है। वैज्ञानिकों के अनुसार डीएनए में अग्निरोधी गुण पाए जाते हैं। जब सूती कपड़ों पर डीएनए की कोटिंग की जाती है, तो वे तेजी से आग पकड़ने के बजाय आग को रोकने का काम करते हैं।

आग रोधी होने का मुख्य कारण डीएनए की रासायनिक संरचना है। इसमें मौजूद फॉस्फेट गर्म होने पर फॉस्फोरिक अम्ल बनाता है, जो कपड़े की सतह पर एक सुरक्षात्मक परत तैयार कर देता है। यह परत आग और ऑक्सीजन के संपर्क को कम कर देती है, जिससे कपड़ा जलने से बच जाता है। वहीं नाइट्रोजन तत्व गर्म होकर अमोनिया गैस बनाता है, जो दहन प्रक्रिया को बाधित करता है और लौ को फैलने नहीं देता। चूंकि डीएनए प्राकृतिक रूप से प्राप्त होने वाला और पर्यावरण के लिए सुरक्षित पदार्थ है, इसलिए इसे एक इकोफ्रेंडली अग्निरोधक विकल्प माना जा रहा है। भविष्य में इस तकनीक का उपयोग कपड़ों, सुरक्षा उपकरणों और घरेलू वस्तुओं को अधिक सुरक्षित बनाने में किया जा सकता है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	83,311.01	25,509.70
गिरावट	148.14	87.95
प्रतिशत में	0.18	0.34

सोना 1,24,700
प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,53,300
प्रति किलो

अमृत विचार

कानपुर, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

गोदरेज का लाभ 21% बढ़कर 403 करोड़

नई दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 21% बढ़कर 402.99 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 2024-25 की सितंबर तिमाही में 333.79 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया था। 2025-26 की सितंबर तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 1,950.05 करोड़ रुपये हो गई, जो गत वर्ष 1,346.54 करोड़ रुपये थी। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों में से है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में गोदरेज प्रॉपर्टीज की बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर 64% बढ़कर 8,505 करोड़ रुपये हो गई।

आर्सेलरमित्तल का लाभ 31% बढ़ा

नई दिल्ली। इस्पात एवं खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी आर्सेलरमित्तल का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 31.35% बढ़कर 37.7 करोड़ डॉलर हो गया। कंपनी ने पिछले साल की समान तिमाही में 28.7 करोड़ डॉलर का लाभ कमाया था। कंपनी जनवरी-दिसंबर वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। सितंबर तिमाही में कंपनी की बिक्री 3% बढ़कर 1,565.7 करोड़ डॉलर हो गई, जो गत वित्त वर्ष की तिमाही में 1519.6 करोड़ डॉलर थी। आर्सेलरमित्तल के सीईओ आदित्य मित्तल ने कहा, बाजार की परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं और शुल्क से जुड़ी बाधाएं अभी भी बनी हुई हैं, लेकिन हमें स्थिरता के संकेत दिखाई दे रहे हैं।

टेनेको क्लीन का आईपीओ 12 को

नई दिल्ली। अमेरिका स्थित टेनेको समूह की कंपनी टेनेको क्लीन एयर इंडिया लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अभिदान के लिए 12 नवंबर को खुलेगा। कंपनी का लक्ष्य 3,600 करोड़ जुटाने का है। दस्तावेजों के अनुसार, यह पूरी तरह प्रवर्तक टेनेको मॉरीशस होल्डिंग्स लिमिटेड की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर है। इसमें कोई नए शेयर जारी नहीं किए जाएंगे। इसलिए कंपनी को आईपीओ से कोई आय प्राप्त नहीं होगी तथा जुटाई गई सारी धनराशि सीधे विक्रयकर्ता शेयरधारक को जाएगी। इस आईपीओ का मकसद केवल सूचीबद्ध होने से मिलने वाले लाभ हासिल करना है।

देश को वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत : वित्तमंत्री

सीतारमण ने वित्तीय संस्थानों से उद्योग जगत के लिए कर्ज प्रवाह को बढ़ाने और व्यापक बनाने का किया आग्रह

- **12वें एसबीआई बैंकिंग एंड इकॉनमिक्स सम्मेलन को केंद्रीय मंत्री ने किया संबोधित**

मुंबई, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि देश को बड़े और वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत है और इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंकों के साथ बातचीत जारी है। सीतारमण ने 12वें 'एसबीआई बैंकिंग एंड इकॉनमिक्स' सम्मेलन में वित्तीय संस्थानों से उद्योग जगत के लिए कर्ज प्रवाह को बढ़ाने और व्यापक बनाने का आग्रह किया।

उन्होंने भरोसा जताया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से मांग बढ़ेगी और इससे कुल मिलाकर निवेश बढ़ेगा। उन्होंने कहा, देश को कई बड़े और विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत है...। सरकार इस पर विचार कर रही है और काम शुरू हो चुका है। हम आरबीआई और बैंकों के साथ इस पर चर्चा कर रहे है। सरकार का मुख्य जोर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर है और पिछले दशक में पूंजीगत व्यय में पांच गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2014 से व्यापार को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधारों को आगे बढ़ाया है।

12वें एसबीआई बैंकिंग और इकोनॉमिक्स कॉन्क्लेव 2025 में शामिल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और एसबीआई अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी।

सीतारमण ने कहा कि सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की और पिछले दशक में 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी की अगुवाई में वृद्धि पर जोर दे रही है। डेटा (इंटरनेट) की लागत आज कम होकर 10 रुपये प्रति जीबी पर आ गयी है जो 2014 में 300 रुपये प्रति जीबी थी।

शाखा कर्मचारी जानें स्थानीय भाषा

मुंबई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों से आग्रह किया कि वे ग्राहकों से जुड़ाव बढ़ाने को शाखा कर्मचारियों के लिए स्थानीय भाषा की जानकारी सुनिश्चित करें। ग्राहकों से जुड़ाव कम होने से क्रेडिट सूचना कंपनियों पर निर्भरता बढ़ गई है। ये कंपनियां आंकड़े अद्यतन करने में लंबा समय लेती हैं, जिससे ग्राहकों को कर्ज देने से मना कर दिया जाता है। स्थानीय भाषा न बोलने पर बैंक अधिकारियों के राजनीतिक दलों के गुस्से का सामना करने की कई घटनाओं के बाद उन्होंने यह बात कही है। मंत्री ने नियुक्ति और मानव संसाधन नीतियों में बदलाव की भी वकालत की ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि स्थानीय भाषा बोलने वाले लोगों की भर्ती की जाए और उनका बेहतर मूल्यांकन भी हो। सीतारमण ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए भर्ती करें कि शाखा में तैनात प्रत्येक कर्मचारी अपने ग्राहक को समझे और स्थानीय भाषा बोले। अगर शीर्ष प्रबंधन नहीं बोलता है, तो शाखा स्तर के अधिकारी को बोलना चाहिए। मैं स्थानीय भाषा में उनकी दक्षता के आधार पर उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन करने पर जोर दूंगी। सीतारमण ने कहा कि जिस एकमात्र आलोचना का वह बचाव नहीं कर सकतीं, वह है विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न मातृभाषाओं के लोगों को नियुक्त न करने की नीति। उन्होंने यह याद दिलाया कि किसी बैंक के लिए अपना व्यवसाय चलाने के लिए स्थानीय ग्राहक आवश्यक है।

प्रतिस्पर्धा, भारी बारिश से सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर पांच माह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- **अक्टूबर में घटकर 58.9 पर आया जो मई के बाद से विस्तार की सबसे धीमी गति को दर्शाता है**

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर प्रतिस्पर्धी दबाव और भारी बारिश से अक्टूबर में पांच महीने के निचले स्तर पर आ गई। गुरुवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक सितंबर के 60.9 से अक्टूबर में 58.9 पर आ गया। यह मई के बाद से विस्तार की सबसे धीमी गति को दर्शाता है। इस नरमी के बावजूद, अक्टूबर माह का सेवा पीएमआई सूचकांक 50 के तटस्थ स्तर तथा 54.3 के अपने दीर्घकालिक औसत से काफी ऊपर रहा। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक गतिविधियों में विस्तार और 50 से कम का आशय संकुचन से है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अक्टूबर में घटकर 58.9 पर आ गई जो मई के बाद से विस्तार की सबसे धीमी गति को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा 400 कंपनियों की समिति से संकलित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई के अनुसार, मांग में तेजी तथा जीएसटी राहत जैसे कारकों से परिचालन स्थितियों में सुधार हुआ।

जल्द लाएंगे टिकाऊ विमानन ईंधन नीतिः नायडू

नई दिल्ली, एजेंसी

- **नागर विमानन मंत्री बोले- कच्चे तेल के आयात को कम करने और हरित रोजगार सृजित में मिलेगी मदद**

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने गुरुवार को कहा कि सरकार बहुत जल्द ही सतत विमानन ईंधन (एसएएफ) पर एक नीति लेकर आएगी। इससे कच्चे तेल के आयात को कम करने, किसानों की आय बढ़ाने और अधिक हरित रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी।

दिल्ली में नागर विमानन मंत्रालय और उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित 'भारत सतत विमानन ईंधन शिखर सम्मेलन' 2025 में मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि एसएएफ (सतत विमानन ईंधन) को अपनाने के लिए अधिक नवाचार, निवेश एवं सामूहिक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। भारत का लक्ष्य 2027 तक विमान ईंधन में एसएएफ का 1%, 2028 तक 2% तथा 2030 तक 5% मिश्रण करना है। एसएएफ का उपयोग विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) में 'ड्रॉप-इन' ईंधन के रूप में किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि तेल कंपनियों के अलावा निजी कंपनियों को भी एसएएफ उत्पादन में शामिल होना चाहिए। वैश्विक स्तर पर 2040 तक एसएएफ की जरुरत 18.3 करोड़ टन होने का अनुमान है।

नायडू ने कहा कि कच्चे माल से लेकर ईंधन तक, किसानों से लेकर विमान चालकों तक तथा तलने से लेकर उड़ान भरने तक... वास्तव में किसने सोचा होगा कि समोसे तलने वाले भी इस वैश्विक विमानन आंदोलन में हिस्सा ले सकते हैं। भारत में 75 करोड़ टन से अधिक बायोमास उपलब्ध है और 21.3 करोड़ टन अधिशेष कृषि अवशेष है।

नायडू ने कहा कि सरकार बहुत जल्द एसएएफ नीति लेकर आएगी। कार्बन उत्सर्जन को कम करने के अलावा, एसएएफ किसानों की आय में 10-15% की वृद्धि करके उन्हें सशक्त बना सकता है। एसएएफ उत्पादन हमारे कच्चे तेल के आयात को हर साल पांच से सात अरब डॉलर तक कम करने के साथ मूल्य श्रृंखला में 10 लाख से अधिक हरित रोजगार सृजित करने में भी मदद कर सकता है। वैश्विक एसएएफ वर्तमान में बहुत कम है।

मंत्री ने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। घरेलू विमान कंपनियों ने 1,700 से अधिक विमानों के ऑर्डर दिए हैं।

सेबी मूल्यांकन संबंधी चिंताओं पर हस्तक्षेप नहीं करेगा : पांडेय

मुंबई, एजेंसी

सेबी प्रमुख बोले- बाजार अवसरों के आधार पर मूल्य तय करने को स्वतंत्र

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में ऊंचे मूल्यांकन को लेकर उत्पन्न चिंताओं के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने स्पष्ट किया कि पूंजी बाजार नियामक इस पहलू में हस्तक्षेप नहीं करेगा।

पांडेय ने गुरुवार को कहा, हम मूल्यांकन का निर्धारण नहीं करते। यह निवेशक के आकलन पर निर्भर करता है। लेंसकार्ट के 7,200 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की कीमत बहुत अधिक रखे जाने पर चिंता जताने के कुछ दिन बाद पांडेय ने स्पष्ट किया कि सेबी इस पहलू में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। बाजार अवसरों के आधार पर मूल्य निर्धारण करने के लिए स्वतंत्र है। अतीत में भी, कई हितधारकों द्वारा मूल्यांकन संबंधी चिंताएं उठाई गई हैं। खासकर से नए युग या डिजिटल कंपनियों जैसे नाइका या पेटीएम के आईपीओ के मामले में। इस बीच, एक्सीलेंस इनेबलर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पांडेय ने कंपनियों से कहा कि उन्हें पर्यावरण, सामाजिक एवं प्रबंधन (ईएसजी) प्रतिबद्धताओं के प्रति अधिक प्रामाणिक होना चाहिए। उन्होंने कहा, ईएसजी प्रामाणिक होना चाहिए, न कि ब्रांडिंग अभ्यास। पांडेय ने कहा कि इसे मापने योग्य परिणामों से जोड़ा जाना चाहिए, स्वतंत्र आश्वासन के अधीन होना चाहिए और वास्तविक बोर्ड निरीक्षण में निहित होना चाहिए। यह स्पष्ट करते हुए कि ईएसजी अब वैकल्पिक नहीं है, पांडेय ने कहा कि व्यवसाय को विनियमों को लाभ में बदलना होगा न कि एक दायित्व में, जिसका अनुपालन किया जाना आवश्यक है। पांडेय ने यह भी कहा कि कंपनियों के निदेशकों एवं वरिष्ठ प्रबंधन को साइबर जोखिम, व्यवहार विज्ञान, डेटा नैतिकता और स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी क्षमता को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के बाजार की जटिलता औपचारिक निरीक्षण की नहीं, बल्कि सूचित निर्णय की मांग करती है।

आईपीओ में भागीदारी बढ़ाने को उठाया कदम

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने आईपीओ में एंकर निवेशकों के लिए शेयर-आवंटन ढांचे में सुधार करते हुए नियमों में संशोधन किया है। इसका उद्देश्य म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों और पेंशन कोष जैसे घरेलू निवेशकों की भागीदारी को व्यापक बनाना है। नियामक ने एंकर हिस्से में आरक्षित कोटा को बढ़ाकर 40% कर दिया है, जो 33 था। इसमें म्यूचुअल फंड के लिए 33और बीमा कंपनियों तथा पेंशन कोष के लिए शेष 7% है। सेबी ने 31 अक्टूबर की अधिसूचना में कहा कि यदि बीमा कंपनियों और पेंशन कोष के लिए आरक्षित 7% हिस्से को अभिदान नहीं मिलता है, तो उसे म्यूचुअल फंड को आवंटित कर दिया जाएगा।

राष्ट्रीय

लालू एंड कंपनी सत्ता में आई तो बनाएगी घुसपैठिए घुसाओ बोर्ड : गृहमंत्री

अमित शाह बोले- यह विधानसभा चुनाव घुसपैठियों से राज्य को मुक्त करने का है

बेतिया/मोतिहारी (बिहार), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिए देश की नौकरियां छीनते और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। शाह ने कहा कि यह चुनाव राज्य को घुसपैठियों से मुक्त कराने का है।

बिहार संग्राम

प. चंपारण और मोतिहारी जिले में चुनावी सभाओं में शाह ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के शासनकाल में नरसंहार और दुष्कर्म की घटनाएं आम थीं, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में बाहुबली के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मखाना बोर्ड की स्थापना की, लेकिन अगर लालू एंड कंपनी सत्ता में आई तो 'घुसपैठिए घुसाओ बोर्ड' बना दिया जाएगा।

शाह ने दावा किया कि केवल नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी ही बिहार में जंगलराज को लौटने से रोक सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि लालू प्रसाद और राहुल गांधी बिहार में घुसपैठियों का रास्ता साफ करने की कोशिश कर रहे हैं। महागठबंधन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अगर ठगबंधन सत्ता में आया तो चंपारण मिनी चंबल में बदल जाएगा। शाह ने कहा कि बिहार ने कभी इंदिरा गांधी के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी और आपातकाल का विरोध किया था, लेकिन अब कांग्रेस राजद के साथ मिलकर राज्य में शासन करने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि राजग सरकार के बरकरार रहने पर चंपारण में एक नया हवाई अड्डा बनाया जाएगा, क्षेत्र की सभी बंद चीनी मिलों को सहकारिता मॉडल के तहत फिर से चालू किया जाएगा और थारू समुदाय के लिए विशेष योजनाएं शुरू की जाएंगी। शाह ने यह भी घोषणा की कि मोतिहारी में एक नया मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाएगा और अरेराज स्थित बाबा सोमेश्वरनाथ मंदिर का 100 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

भाजपा कर रही चुनाव चोरी की कोशिश : राहुल

पूर्णिया/अररिया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर बिहार चुनाव चोरी करने के प्रयास का आरोप लगाया और कहा कि प्रदेश के युवाओं और 'जेन जेड' को इसे रोकने के लिए मुस्तैद रहना होगा। उन्होंने पूर्णिया और अररिया में चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री मोदी पर नफरत बांटने का आरोप लगाया और दावा किया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह ने देश में जंगल राज लागू कर रखा है। कांग्रेस नेता ने पूर्णिया की सभा में कहा, हमने ऐसा सबूत दिया कि भाजपा और निर्वाचन आयोग उसका कोई जवाब नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने दावा किया, भाजपा ने हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ का चुनाव चोरी किया, लोकसभा का चुनाव चोरी किया। अब ये बिहार का चुनाव चोरी करने की कोशिश कर रहे हैं, इन लोगों ने महागठबंधन के मतदाताओं के नाम काटे हैं और फर्जी लोगों के नाम जोड़े हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, बिहार के युवाओं और जेन जेड की जिम्मेदारी है कि संविधान को बचाएं।

मोदी निष्पक्ष चुनाव कराएं, देखते हैं कि कौन जीतता : प्रियंका गांधी

मोतिहारी/सीतामढ़ी/मधुबनी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) हरियाणा की तरह बिहार में भी चुनाव चोरी करने की तैयारी में है। उन्होंने पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी और मधुबनी जिलों में चुनावी सभाओं में दावा किया कि निर्वाचन आयोग संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करने के लिए सरकार के साथ काम कर रहा है। प्रियंका ने राहुल गांधी के हरियाणा में कथित वोट चोरी का हवाला देते हुए कहा, जिस तरह राजग ने हरियाणा में पूरा चुनाव चुरा लिया, उसी बिहार में भी 65 लाख वोटों को नामावली से हटाकर ऐसा ही करने की तैयारी में हैं। प्रियंका ने जनता का आह्वान किया, आप बिहार में एक ऐसी सरकार बनाइए, जो महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों के लिए काम करे- वोट चोरी न करे। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो निर्वाचन आयुक्तों एसएस सिंधू और विवेक जोशी का उल्लेख करते हुए दावा किया, ये तीन लोग आपके अधिकार छीन रहे हैं। इनको पद और आयोग के पीछे छिपने मत दीजिए। कांग्रेस महासचिव ने कहा, जो लोग देश के साथ विश्वासघात कर रहे हैं, उन्हें देश भूलेगा नहीं। मोदी को मैं चुनौती देती हूं कि वो निष्पक्ष चुनाव कराएं। देखते हैं कि कौन जीतता है?

रोटी को पलटना जरूरी, वरना जल जाएगी : लालू यादव

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने गुरुवार को बिहार के लोगों से सरकार बदलने की अपील करते हुए कहा कि जैसे तवे पर रोटी को पलटते रहना जरूरी होता है, वरना वह जल जाती है, ठीक उसी तरह शासन में भी परिवर्तन आवश्यक है। राजद प्रमुख ने अपनी पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी तथा पुत्र और महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव के साथ मतदान किया। मतदान के बाद लालू प्रसाद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि रोटी को तवे पर पलटना जरूरी होता है, नहीं तो वह जल जाती है। 20 साल बहुत हो गए! अब नए बिहार के निर्माण के लिए तेजस्वी की सरकार जरूरी है। लालू प्रसाद का यह वक्तव्य बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दिन आया, जिसमें उन्होंने जनता से नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार को बदलने की अपील की।

देश में वायु प्रदूषण रोकने को न्यायिक हस्तक्षेप जरूरी

- **देश में वायु प्रदूषण रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका**
- **दिल्ली में 22 लाख बच्चों के फेफड़े खराब होने का दावा**

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के अनुरोध के साथ स्वास्थ्य विशेषज्ञ की ओर से उच्चतम न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में दिल्ली में 22 लाख बच्चों के फेफड़े खराब होने का दावा किया गया है।

याचिका में बढ़ते वायु प्रदूषण के स्तर से निपटने के लिए निरंतर और प्रणालीगत विफलता को दूर करने के लिए तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप का अनुरोध किया गया है। याचिका समग्र स्वास्थ्य विशेषज्ञ ल्यूक क्रिस्टोफर कोटिन्हो की ओर से दायर की गई है। याचिका में केंद्र सरकार, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम), कई केंद्रीय मंत्रालयों, नीति आयोग के साथ दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र की राज्य सरकारों को पक्षकार बनाया गया है।

याचिका में कहा गया कि मौजूदा वायु प्रदूषण संकट जन स्वास्थ्य आपात स्थिति के स्तर पर पहुंच गया है जो संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। याचिका में वायु प्रदूषण को राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित करने और समयबद्ध राष्ट्रीय कार्य योजना तैयार करने का अनुरोध किया गया है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) को 2019 में 2024 तक पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) में 20-30% की कमी के लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था जिसे 2026 तक 40% बढ़ाया गया, पर यह अपने सामान्य उद्देश्यों को पूरा नहीं कर पाया है।

फर्जी दस्तावेज मामले में पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक मोहम्मद अब्दुल्ला आजम खान की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ चल रहे उस मामले को रद्द करने की मांग की थी, जो पासपोर्ट बनवाने के लिए नकली दस्तावेज़ों के इस्तेमाल से जुड़ा है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 23 जुलाई के आदेश में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। हाईकोर्ट ने रामपुर में दर्ज मामले की कार्यवाही रद्द करने का अनुरोध करने वाली खान की अर्जी खारिज कर दी थी और निचली अदालत को कानून के अनुसार मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। उत्तर प्रदेश का पक्ष रखने के लिए पीठ के समक्ष पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि मामले की पड़ताल पूरी हो चुकी है और अब दलीलें सुनने की तारीख तय की गई हैं। पीठ ने खान का पक्ष रखने के लिए पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा, निचली अदालत को इसपर फैसला करने दीजिए। सुनवाई अदालत पर भरोसा रखें। उसको ही इसका फैसला करने दीजिए। इस चरण में हमें इसमें हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए। पीठ ने कहा कि सुनवाई अदालत उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश से प्रभावित हुए बिना सभी मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगी।

दिल्ली दंगा : आरोपी ने न्यायालय से कहा- प्रदर्शन करना, उनमें भाग लेना आपराधिक मामला नहीं

दिल्ली में फरवरी 2020 में हुए दंगों से जुड़े यूएपीए मामले में आरोपी शादाब अहमद ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि विरोध प्रदर्शन करना और उनमें भाग लेना कोई आपराधिक कृत्य नहीं है। अहमद के अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने भी न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एनवी अंजारिया की पीठ के समक्ष अहमद की ओर से देरी के अभियोजन पक्ष के दावे का खंडन किया। लूथरा ने कहा कि वह 27 साल का है और 2016 से एनडीएस एंटरप्राइजेज जगतपुरी में सुपरवाइजर है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 नवंबर के लिए तय कर दी, जब दिल्ली पुलिस दलीलें शुरू करेगी।

फिल्म 'हक' पर रोक से इन्कार, शाह बानो की बेटी की याचिका रद्द

इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने इंदौर की शाह बानो बेगम की बेटी की उस याचिका को रद्द कर दिया, जिसमें फिल्म 'हक' पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है।

हाईकोर्ट ने कहा कि याचिका में कोई ठोस आधार नहीं है और किसी की निजता या प्रतिष्ठा का अधिकार उसके जीवनकाल के बाद समाप्त हो जाता है। अदालत के इस फैसले के साथ ही 7 नवंबर (शुक्रवार) को फिल्म के प्रदर्शित होने का रास्ता साफ हो गया है। फिल्म 'हक' में यामी गौतम धर और इमरान हाशमी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

सतपाल व राजिंदर ने राज्यसभा के सदस्यों के रूप में ली शपथ

नई दिल्ली, एजेंसी

सतपाल शर्मा

राजिंदर गुप्ता

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों राजिंदर गुप्ता और सतपाल शर्मा को शपथ दिलाई। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गुप्ता पंजाब से निर्वाचित हुए हैं। भाजपा नेता शर्मा जम्मू-कश्मीर से चुने गए हैं।

गुप्ता ने संसद भवन में आयोजित समारोह में पंजाबी में जबकि शर्मा ने हिंदी में शपथ ली। उद्योगपति गुप्ता पंजाब में सत्तारूढ़ 'आप' के टिकट पर जीते हैं। शर्मा भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष हैं। वह पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और इससे पहले जम्मू-कश्मीर सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। शर्मा 2014 में जम्मू पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा सदस्य चुने गए थे। शपथ ग्रहण पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह आदि मौजूद थे। दोनों सांसदों के परिवार भी उपस्थित थे।

अनिल अंबानी को ईडी ने 14 को पूछताछ के लिए बुलाया

नई दिल्ली। ईडी ने रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी को बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में अगले सप्ताह फिर पूछताछ के लिए बुलाया है। 66 वर्षीय उद्योगपति को 14 नवंबर को बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

मामला रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड (आरकॉम) द्वारा एसबीआई से 2,929 करोड़ की ऋण धोखाधड़ी से संबंधित है। ईडी ने अगस्त में अंबानी से 10 घंटे पूछताछ की थी। यह जांच सीबीआई की 21 अगस्त को दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है।

वर्ल्ड ब्रीफ

अमेरिका के डिकिंसन कॉलेज को पूर्व छात्र ने दो करोड़ डॉलर दान किया

हैरिसबर्ग। अमेरिका में पेंसिल्वेनिया के कार्लिस्ले स्थित डिकिंसन कॉलेज को उसके पूर्व छात्र सैमुअल जी. रोज़ ने क्षेत्र के मूलनिवासियों के इतिहास और संस्कृति पर केंद्रित एक कला एवं शिक्षा केंद्र विकसित करने के लिए 2 करोड़ डॉलर दान किया है। डिकिन्सन कॉलेज के 242 साल के इतिहास में यह सबसे बड़ा दान है। इसके साथ ही रोज की ओर से दिया गया अब कुल दान 10 करोड़ डॉलर हो गया है। इस दान से निवासियों के भविष्य के लिए जिम थॉर्प केंद्र का निर्माण किया जाएगा। शिक्षा एवं कला केंद्र में रोज के नाम से एक गैलरी होगी, जिसमें आदिवासी संस्कृति और कला का प्रदर्शन होगा। यह गैलरी कॉलेज के कला संग्रह को और समृद्ध करेगी तथा उसके शैक्षणिक कार्यक्रमों को बेहतर बनाएगी।

दक्षिण अफ्रीका में जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे ट्रंप

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। ट्रंप ने बुधवार को मियामी में 'अमेरिका बिजनेस फोरम' में कहा, मैं नहीं जा रहा हूं। दक्षिण अफ्रीका में जी-20 की बैठक है। दक्षिण अफ्रीका को जी-20 में ही नहीं होना चाहिए क्योंकि वहां जो हुआ है वह बहुत बुरा है। मैंने उन्हें बता दिया है कि मैं नहीं आ रहा हूं। मैं वहां अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं करने वाला। दक्षिण अफ्रीका ने एक दिसंबर 2024 को एक साल के लिए जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की थी और वह 22 और 23 नवंबर को जोहानिसबर्ग में समूह के नेताओं की शिखर बैठक की मेज़बानी करेगा। यह पहली बार है जब जी-20 शिखर सम्मेलन अफ्रीकी धरती पर आयोजित किया जाएगा।

बांग्लादेशी कलाकारों ने 18 साल बाद पाकिस्तान के कराची में प्रस्तुति दी

कराची। बांग्लादेशी कलाकारों की 18 साल बाद पाकिस्तान में प्रस्तुति ने दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। ये कलाकार कराची कला परिषद में आयोजित विश्व सांस्कृतिक महोत्सव में भाग ले रहे हैं। बांग्लादेशी दल में कई कलाकार हैं, जिनमें कुछ हिंदू कलाकार भी हैं। बुधवार रात शिरीन जवाद की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व 'बांग्लादेश आर्ट वीक' की संस्थापक निहारिका मुमताज कर रही हैं। उन्होंने कहा, लगभग 18 साल बाद पाकिस्तान में बांग्लादेशी कलाकारों के लिए यह अवसर हमारी सांस्कृतिक विविधता को यहां के लोगों के सामने प्रस्तुत करने का शानदार मौका है।

दक्षिण कोरिया को विदेशी दुल्हनें पसंद 71% पुरुषों ने की दूसरे देशों में शादी

सियोल। दक्षिण कोरिया में बहुसांस्कृतिक विवाहों की संख्या लगातार तीसरे वर्ष बढ़ी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से दक्षिण कोरियाई पुरुषों और विदेशी दुल्हनों के बीच होने वाले विवाहों की वजह से दर्ज की गई है।

आंकड़ों के अनुसार 2024 में दक्षिण कोरिया और विदेशी नागरिकों के बीच 21,450 विवाह हुए। यह संख्या 2023 की तुलना में पांच फीसदी अधिक है। दक्षिण कोरियाई पुरुषों का विदेशी महिलाओं से शादी करने का प्रतिशत 71.2 रहा, जबकि विदेशी पुरुषों से दक्षिण कोरियाई महिलाओं के बीच हुए विवाह का प्रतिशत 18.2 प्रतिशत रहा। इसके अलावा, 10.6 प्रतिशत विवाह ऐसे थे, जिनमें जीवनसाथी पहले किसी दूसरे देश के नागरिक थे, लेकिन अब दक्षिण कोरिया की नागरिकता ले चुके हैं।

- **हर साल बढ़ रहा है आंकड़ा, 18% महिलाओं ने भी तलाशे विदेशी पति**

इन अंतर्राष्ट्रीय विवाहों में दूल्हे की औसत उम्र 37 वर्ष और दुल्हन की 30 साल की रही है। विदेशी दुल्हनों में वियतनामी महिलाओं की हिस्सेदारी सबसे अधिक 26.8 प्रतिशत रही। चीन से आई दुल्हनों का प्रतिशत 15.9 रहा जो इस मामले में दूसरा स्थान है। थाई दुल्हनें 10 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण कोरियाई महिलाओं से विवाह करने वाले विदेशी पुरुषों में अमेरिकी 7.0 प्रतिशत, चीनी 6.0 प्रतिशत और वियतनामी 3.6 प्रतिशत रहे।

भारत समेत कई देशों की चुनौती

हिंद-प्रशांत क्षेत्र विवाद

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हिंद महासागर और पश्चिम तथा मध्य प्रशांत महासागर शामिल हैं जो अफ्रीका के पूर्वी तट से अमेरिका के पश्चिमी तट तक फैला है। इस क्षेत्र में मेडागास्कर से ओशिनिया तक का समुद्री विस्तार शामिल है। जलडमरूमध्य और तटीय जल भी शामिल हैं जो दोनों महासागरों को जोड़ते हैं। हिंद-प्रशांत विवाद चीन के बढ़ते आधिपत्य और दक्षिण चीन सागर पर उसके दावों से जुड़ा है, जो इसे दुनिया का सबसे संघर्षपूर्ण क्षेत्र बनाता है। चीन सैन्य शक्ति बढ़ा रहा है, जो इस क्षेत्र से जुड़े कई देशों के लिए बड़ी चुनौती है, क्योंकि इससे समुद्री व्यापार मार्गों के लिए खतरा पैदा होता है। इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने क्वाड जैसे गठबंधन बनाया है। भारत सागर और एक्ट ईस्ट नीतियों के माध्यम से अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है।

महत्व और विवाद की पृष्ठभूमि

- हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक व्यापार का एक बड़ा हिस्सा संभालता है, जिसमें दुनिया का 40% से अधिक व्यापार और भारत का लगभग 80% व्यापार इसी क्षेत्र से होता है।
- चीन ने दक्षिण चीन सागर पर प्रभुत्व जमाने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल किया है और वियतनाम, फिलीपींस जैसे देशों के विवादित द्वीपों पर कब्जा भी किया है।
- चीन का दक्षिण चीन सागर में बढ़ता सैन्यीकरण और आक्रामक विदेश नीति अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए खतरा है, इससे अमेरिका और सहयोगी देश चिंतित हैं।

चीन की चुनौतीपूर्ण गतिविधियां

- चीन अपनी नौसैनिक शक्ति बढ़ाने के साथ अपनी उपस्थिति को हिंद महासागर तक फैला रहा है, जो उसकी रणनीतिक और आर्थिक पहुंच मजबूत करता है।
- चीन के क्षेत्रीय दावे जैसे कि दक्षिण चीन सागर में नाइन-डैश लाइन बाकी सभी देशों के लिए चुनौती हैं और समुद्री व्यापार मार्गों पर नियंत्रण का एक प्रयास हैं।
- चीन क्षेत्र के अन्य देशों को प्रभावित करने के लिए आर्थिक ताकत के इस्तेमाल के साथ अमेरिका के सहयोगियों के प्रति अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है।

चीन को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रयास

- क्वाड भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका का शक्तिशाली गठबंधन है जो चीन का मुकाबला करने और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए है।
- ऑकस ऑस्ट्रेलिया, यूके और यूएस का गठबंधन है, यह सुरक्षा साझेदारी भी चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए प्रयास कर रही है।
- इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क भी चीन की हिंद-प्रशांत में प्रभुत्व जमाने के लिए खिलाफ वैकल्पिक आर्थिक ढांचा प्रदान करता है।

इनके लिए खतरा : चीन के सैन्य दबाव के कारण ताइवान बड़े खतरे में, फिलीपींस, वियतनाम और आसियान देशों को समुद्री व्यापार मार्गों और संप्रभुता का डर। चीन के साथ पहले से सीमा विवाद में उलझे भारत के लिए सामरिक और आर्थिक चुनौती।

भारत की ओर से उठाए गए कदम

- सागर नीति के तहत हिंद-प्रशांत में भारत की सुरक्षा और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की पहल की गई है।
- एक्ट ईस्ट नीति भारत को पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ अपने संबंध मजबूत करने में मदद करती है।
- भारत क्वाड का एक सक्रिय सदस्य है, यह गठबंधन भी क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा और सहयोग के लिए महत्वपूर्ण है।
- इंडो-पैसिफिक में भारत अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है, हिंद महासागर क्षेत्र के बाहर भी उपस्थिति बढ़ाई है।

हमने अपनी संप्रभुता का एक हिस्सा खो दिया... ममदानी की जीत पर ट्रंप

डेमोक्रेट नेता का उड़ाया मजाक, बोले- न्यूयॉर्क में कुछ हो सकता है भयानक

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी का मजाक उड़ाते हुए उनका नाम ही नहीं लिया, इसके बजाय कहा कि 'जो भी उनका नाम है'। ट्रंप ने दावा किया कि अब अमेरिकी जनता को वामपंथ और कॉमन सेंस के बीच में से एक को चुनना होगा।

फ्लोरिडा के मियामी में बुधवार को 'अमेरिका बिजनेस फोरम' को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि जब वह पिछले साल पांच नवंबर को दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए तब अमेरिकी जनता ने अपनी संप्रभुता बहाल की थी लेकिन मंगलवार को मेयर चुनाव के साथ उसका कुछ हिस्सा खो दिया है। यह बयान उस समय आया जब एक दिन पहले भारतीय मूल के डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट जोहरान ममदानी को न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम और दक्षिण एशियाई मेयर के रूप में चुना गया।

ट्रंप ने चेतावनी दी, आप देखना, न्यूयॉर्क में क्या होता है, भयानक... मैं उम्मीद करता हूं कि ऐसा न हो, लेकिन आप देखोगे। उन्होंने कहा, '...और वह ममदानी या जो भी उनका नाम है, सोचते हैं कि पुरुषों का महिलाओं के खेलों में खेलना बहुत शानदार है। ट्रंप ने पहले भी चेतावनी दी थी कि ममदानी की जीत न्यूयॉर्क सिटी के लिए पूरी तरह आर्थिक और सामाजिक तबाही लेकर आएगी। उन्होंने कहा, मंगलवार के नतीजों के बाद, अब अमेरिकी जनता के सामने चुनाव बहुत साफ है हमारे पास दो विकल्प हैं : वामपंथ या कॉमन सेंस। उन्होंने दोहराया कि उनके नेतृत्व में अमेरिका किसी भी रूप में साम्यवादी देश नहीं बनेगा।

जोहरान ममदानी ने टीम के साथ यूनिस्फीयर के सामने लोगों को संबोधित किया।

अगर कोई डोनाल्ड ट्रंप की ओर से देश को धोखा देने के जवाब में उन्हें हराने का तरीका दिखा सकता है तो वह न्यूयॉर्क है जिसने मुझे शिखर पर पहुंचाया। अगर किसी तानाशाह को डराने का कोई तरीका है तो वह उन्हीं परिस्थितियों को खत्म करना है जिन्होंने ट्रंप को सत्ता हासिल करने में मदद की। - **जोहरान ममदानी, अपने विजयी भाषण में**

ट्रंप बोले- मुझ पर गुस्सा दिखाएंगे तो सफल नहीं होंगे

ट्रंप ने बुधवार को ही मियामी में दिए एक साक्षात्कार में ममदानी के विजयी भाषण को 'बहुत गुस्से से भरा' बताया और कहा कि ममदानी ने अपनी शुरुआत ही गलत तरीके से की है और अगर वह वाशिंगटन के प्रति सम्मान नहीं रखेंगे तो उनके सफल होने की कोई संभावना नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हां, मुझे लगा कि यह बहुत गुस्से वाला भाषण था, निश्चित रूप से मेरे खिलाफ गुस्सा झलक रहा था। मेरा मानना है कि उन्हें मेरे प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। आप जानते हैं, बहुत सी चीजें जो उनके पास आती हैं, उन्हें मंजूरी देने वाला मैं ही हूं। तो उन्होंने शुरुआत ही गलत दिशा में की है।

भारतीय अमेरिकियों ने कहा- यह जीत प्रवासियों के उज्ज्वल भविष्य की आशा

न्यूयॉर्क। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने ममदानी की ऐतिहासिक जीत को इस बात का संकेत बताया कि प्रवासी समुदाय अमेरिका में नई पहचान बना रहा है। न्यूयॉर्क स्थित शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'द कल्चर ट्री' की सीईओ अनु सहगल ने कहा, पिछली रात एक नए युग की शुरुआत जैसी थी। न्यूयॉर्क को भारतीय मूल का पहला मेयर मिलने के बाद हम इस शहर की पहचान, अपनापन और सत्ता को देखने के नजरिए में बदलाव देख रहे हैं। सहगल ने कहा कि ममदानी के विजय भाषण में नेहरू का जिक्र और धूम फिल्म के गीत के साथ समापन, हमारे समुदाय के लिए खास मायने रखता है। दक्षिण एशियाई समुदाय के नेता दिलीप चौहान ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि एक दक्षिण एशियाई-अमेरिकी सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पित होकर शहर के विकास का वादा कर रहा है। उन्होंने एक उज्ज्वल भविष्य की आशा जगाई है। 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड' नामक सामुदायिक संगठन ने कहा कि मंगलवार के चुनाव परिणामों ने यह साबित किया है कि चाहे वह सिटी काउंसिल हो, मेयर का पद या कोई राज्य स्तरीय पद, दक्षिण एशियाई-अमेरिकी अब इस देश के राजनीतिक भविष्य का हिस्सा हैं।

भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान गिराए गए थे 8 विमान : ट्रंप

न्यूयॉर्क। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध के दौरान आठ विमान मार गिराए गए थे। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि ये विमान किस देश के थे।

ट्रंप ने बुधवार को फ्लोरिडा के मियामी में 'अमेरिका बिजनेस फोरम' को संबोधित करते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान मार गिराए गए विमानों की संख्या सात के बजाय आठ बताई। अब तक वह कहते रहे हैं कि संघर्ष के दौरान सात विमान मार गिराए गए थे। ट्रंप ने कहा कि आठ महीनों में उन्होंने कोसोवो और सर्बिया तथा कांगो और रवांडा सहित आठ युद्धों को समाप्त कर दिया, जो लंबे समय से जारी थे। ट्रंप ने 10 मई को सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि भारत और पाकिस्तान वाशिंगटन की मध्यस्थता में देर रात तक चली बातचीत के बाद पूर्ण और तत्काल संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। इसके बाद से वह 60 से अधिक बार यह दावा दोहरा चुके हैं।

फिलीपींस में तूफान से 241 की मौत, देश में आपातकाल

लिलोन में पति, तीन बच्चों और माता-पिता के लापता होने के बाद बिलखती एक महिला।

मनीला, एजेंसी

- **अचानक आई बाढ़ में डूबने से हुईं ज्यादातर मौत, 127 लोग लापता**

फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने तूफान कालमेगी के कारण देश के मध्य प्रांतों में 241 से ज्यादा लोगों की मौत होने और कई के लापता होने के बाद बृहस्पतिवार को आपातकाल की घोषणा कर दी। फिलीपींस में इस साल आई यह सबसे भीषण प्राकृतिक आपदा है।

तूफान कालमेगी के कारण ज्यादातर लोगों की मौत अचानक आई बाढ़ में डूबने से हुई, जबकि 127 लोग लापता बताए गए हैं। इनमें से अधिकतर मध्य प्रांत सेबू के निवासी हैं। यही प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यह उष्णकटिबंधीय चक्रवात बुधवार को द्वीपसमूह से गुजरने के बाद दक्षिण चीन सागर की ओर बढ़ गया। तूफान के प्रकोप से लगभग 20 लाख लोग प्रभावित हुए, जबकि 5.6 लाख से अधिक ग्रामीण विस्थापित हो गए, इनमें से लगभग 4.5 लाख लोगों को आपातकालीन आश्रयों में शरण लेनी पड़ी।

यूक्रेन ने रूस की प्रमुख रिफाइनरी पर किया ड्रोन हमला

कीव। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उसने लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम ड्रोन से रूस के वोल्गोग्राद क्षेत्र स्थित प्रमुख तेल शोधन संयंत्र (रिफाइनरी) को निशाना बनाया है।

यूक्रेन के मुताबिक, तीन महीने में इस तेल शोधन संयंत्र पर यह उसका दूसरा हमला है। रूस ने हमले की पुष्टि नहीं की है। हालांकि, स्थानीय गवर्नर ने कहा कि ड्रोन हमले से क्षेत्र में एक औद्योगिक संयंत्र में आग लग गई। यूक्रेन के अफसरों ने कहा कि हमला बुधवार को किया गया था। यह तेल शोधन कारखाना रूस के दक्षिणी संघीय जिले में ईंधन और लुब्रिकेंट का सबसे बड़ा उत्पादक है। कारखाने से सालाना 1.5 करोड़ टन कच्चे तेल का प्रसंस्करण होता है, जो रूस की कुल शोधन क्षमता का लगभग 5.6 प्रतिशत है।

बांग्लादेश: जबरन गायब करने के दोषियों को मिलेगी मौत की सजा

ढाका, एजेंसी

- **अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना पर शिकंजा और कसने की मंशा**

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने बृहस्पतिवार को एक मसौदा अध्यादेश को मंजूरी दी, जिसमें 'जबरन गायब किए जाने' जैसे अपराध के दोषियों को मौत की सजा का प्रावधान किया गया है। अध्यादेश ऐसे समय आया है जब अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 15 सेवारत सैन्य अधिकारियों के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराधों को लेकर मुकदमा चल रहा है।

अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने मसौदे को मंजूरी दिए जाने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह कानून 'तथाकथित अयनाघर' जैसे गुप्त निरुद्ध केंद्रों की स्थापना को अपराध बनाता है और अदालतों को आरोप दायर होने के 120 दिनों के भीतर मुकदमा चलाने के लिए बाध्य करता है। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन की स्वीकृति के बाद यह अध्यादेश संभवतः 15 सैन्य अफसरों, हसीना और अपदस्थ सरकार में उनके कई सहयोगियों पर लागू किया जाएगा, इनमें पूर्व पुलिस प्रमुख भी शामिल हैं।

हाफिज के संगठन के कार्यालय पहुंचे पाकिस्तान के मंत्री

लाहौर। पाकिस्तान के एक मंत्री ने बृहस्पतिवार को पंजाब में हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठन जमात-उद-दावा के राजनीतिक चेहरे पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग के कार्यालय का दौरा किया और उसके नेताओं से मुलाकात की।

राज्य मंत्री सीनेटर तलाल चौधरी लाहौर से 130 किमी दूर फैसलाबाद स्थित लीग हाउस गए, जहां लीग के नेताओं ने उनका स्वागत किया। उनके दौरे को सईद के राजनीतिक संगठन को शहबाज सरकार द्वारा आधिकारिक संरक्षण के रूप में देखा जा रहा है।

अमेरिकी टैरिफ से संकट में भारतीय समुद्री खाद्य उद्योग

कोच्चि, एजेंसी

अमेरिका के नए टैरिफ के बाद भारत का समुद्री खाद्य (सीफूड) निर्यात क्षेत्र गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस झटके ने उद्योग जगत और नीति-निर्माताओं को मूल्य संवर्धन, तकनीकी नवाचार और बाजार विविधीकरण की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित किया है ताकि देश की निर्यात आय को बचाया जा सके।

ये मुद्दे कोच्चि स्थित सेंट्रल मरीन फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट में आयोजित चौथे 'इंटरनेशनल सिम्पोजियम ऑन मरीन इकोसिस्टम्स' नाम से हुई संगोष्ठी में प्रमुख रूप से उभरे। इसमें 'मरीन प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी' के चेयरमैन डॉ. राम मोहन ने बताया कि अप्रैल से सितंबर 2025 के बीच अमेरिका को भारत का सीफूड निर्यात लगभग छह फीसदी कम हुआ है। लेकिन चीन, वियतनाम और थाईलैंड जैसे एशियाई बाजारों में निर्यात में तेज़ वृद्धि देखी गई है। यह इस बात का संकेत है कि भारतीय निर्यातक नए बाजारों की ओर रुख कर रहे हैं।

- **टैरिफ लगने के बाद छह फीसदी कम हुआ कारोबार भारतीय निर्यातकों ने किया नए बाजारों का रुख**

वैश्विक बाजार में जगह बनाएं

विशेष एक्वाकल्चर जोन घोषित करने और मुक्त व्यापार समझौता तेजी से आगे बढ़ाने की मांग की गई ताकि वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति सुधारी जा सके। सीफूड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि एजे थरकन ने कहा कि अमेरिका अब तक भारतीय झींगा का सबसे बड़ा बाजार रहा है लेकिन नए टैरिफ ने व्यापार को प्रभावित किया है।

तकनीक आधारित स्टार्ट अप और नवाचार को बढ़ावा दे भारत

सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. जॉर्ज निनन ने कहा कि समय आ गया है कि भारत सीफूड सेक्टर में तकनीक आधारित स्टार्टअप्स और नवाचार को बढ़ावा दे। उन्होंने शोधकर्ताओं, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत पर बल दिया ताकि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रह सकें। इस पर भी जोर दिया गया कि भारत को अब सिर्फ कच्चा समुद्री माल भेजने की बजाय रीप्रोसेसिंग और वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट्स जैसे ब्रेडेड स्क्विड रिंग्स (ब्रेड से बनने वाले फिश पकौड़े), सुरिमी आइटम्स (फिश केक, फिश बॉल्स जैसी चीजें), रेडी-टू-ईट फिश फिलेट्स पर ध्यान देना चाहिए। वर्तमान में भारत का वैल्यू-एडेड सीफूड निर्यात 74.2 करोड़ डॉलर का है। यह चीन, वियतनाम, थाईलैंड, इक्वाडोर और इंडोनेशिया जैसे देशों की तुलना में बहुत कम है।

कैमरून : 92 वर्षीय पॉल बिया ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली

याओंडे। कैमरून के नेता 92 वर्षीय पॉल बिया ने पिछले महीने हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद बृहस्पतिवार को सात साल के नए कार्यकाल के लिए फिर से शपथ ली।

इस चुनाव को उनके विपक्षी प्रतिद्वंद्वी ने संवैधानिक तख्तापलट बताया है। संसद में विश्व के सबसे बुजुर्ग राष्ट्रपति ने कैमरूनवासियों के विश्वास के प्रति वफादार रहने का वादा किया तथा एक एकजुट, स्थिर और समृद्ध देश के लिए कार्य करने की शपथ ली। कैमरून की शीर्ष अदालत ने 27 अक्टूबर को बिया को 53.66 प्रतिशत मतों के साथ चुनाव में विजेता घोषित किया था।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 नवंबर, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 11.05 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- रोहिणी 8 नवंबर 00.23 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

मेष आज दोपहर के बाद स्थितियों में सुधार आएगा, किंतु बिना पढ़े व गंभीर विश्लेषण के किसी डील पर निर्णय न लें। नौकरीपेशा लोगों को अतिरिक्त काम करना पड़ सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर कुछ लापरवाह हो सकते हैं।

वृष आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। अपने किसी शौक को करियर के रूप में चुन सकते हैं। बड़े आर्थिक निवेश के लिए समय अनुकूल है। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखद रहेगा। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

मिथुन आज व्यापार में स्थितियां उलझती हुई प्रतीत होंगी। परिवार में धन को लेकर समस्या हो सकती है। घर के किसी सदस्य की अस्वस्थता आपको परेशान कर सकती है। समय के अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

कर्क आज अधिक आदर्शवादी होने से भी नुकसान होने की संभावना है। किसी के भी सामने अपनी प्रशंसा स्वयं अपने मुख से न करें। आपकी व्यवहार कुशलता की सर्वत्र प्रशंसा होगी। एक साथ दो मामलों को निपटाना पड़ सकता है।

सिंह आज होटल कारोबारियों को कुछ तकनीकी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। करियर को लेकर अत्यंत गंभीर रहेंगे। सहकर्मी आपकी अत्यधिक सहायता करेंगे।

कन्या आज आपके व्यवहार में आए परिवर्तन के कारण लोग अचरज में आ सकते हैं। स्फूर्ति और सकारात्मक ऊर्जा के लिए व्यायाम अवश्य करें। आपके काम धीमी गति से पूरे होंगे। अपनी गलती का ठीकरा दूसरों पर न फोड़ें।

तुला आज नए कार्यों में धन निवेश की योजना बनाएंगे। कारोबारी यात्राओं के लिए दिन शुभ नहीं है। घर में बिजली के उपकरण खराब हो सकते हैं। ऐसे मुद्दों से दूर रहें, जिनके विषय में आपके पास कम जानकारी है।

वृश्चिक आज दिन शांतिपूर्वक और बिना तनाव के रहने वाला है। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आपके सभी कार्य समय पर हो जाएंगे। विवाहित जोड़े किसी रोमांटिक टूर के लिए जा सकते हैं। व्यवसाय में नए अनुबंध हो सकते हैं।

धनु आज व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी। परिवार में किसी उत्सव को लेकर असमंजस हो सकती है। अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। दैनिक वेतनभोगियों की अटकी हुई पेमेंट वापस मिल सकती है।

मकर आज आपको हाल में ही शुरू किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंध रोमांटिक रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। घर का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। किसी भी काम को कल पर न टालें। संतान के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

कुंभ आज व्यापारियों को नकदी की कमी का सामना करना पड़ सकता है। दिखावे में धन खर्च होगा। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें। कारोबारियों की आय में कमी होने की संभावना है। आप दूसरों के झगड़ों को सुलझाने में सफल रहेंगे।

मीन आज कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आने के योग बन रहे हैं। लोग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ने वाली है। मन में नए और क्रिएटिव विचार उत्पन्न हो सकते हैं।

सुडोकू - 153

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1				2				
		4	5					6
2			8					
	1			6			2	
	9						1	
	5			3				
5					2	8		
3					1	9		
6			3					4

सुडोकू - 152 का हल

6	7	1	4	8	5	2	3	9
8	2	4	9	1	3	6	5	7
9	5	3	2	6	7	8	1	4
5	4	6	3	7	8	1	9	2
7	1	9	5	2	6	3	4	8
3	8	2	1	9	4	5	7	6
2	9	7	8	5	1	4	6	3
1	3	8	6	4	9	7	2	5
4	6	5	7	3	2	9	8	1

मुझे खुद से ज्यादा हनुमान जी पर विश्वास है। जब भी मैं किसी मुश्किल स्थिति में होती हूं तो मैं उनका नाम लेती हूं और मुझे लगता है कि मैं उससे उबर सकती हूं। मुझे उन पर बहुत विश्वास है। मैंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी जय श्री राम लिखा है।

-दीप्ति शर्मा

स्टेडियम

कानपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

टी-20 विश्व कप फाइनल की मेजबानी करेगा अहमदाबाद

नई दिल्ली : भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप के आयोजन स्थलों की सूची में अहमदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई को जगह दी है। फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा। एकदिवसीय विश्व कप 2023 का भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल भी अहमदाबाद में खेला गया था, जो एक लाख से अधिक दर्शकों की क्षमता के साथ दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। विश्व कप 2023 भारत में 10 स्थलों पर खेला गया था। टी-20 विश्व कप का श्रीलंका सह मेजबान होगा जो भारत के साथ इंतजाम के तहत पाकिस्तान के लिए तटस्थ स्थल होगा। श्रीलंका में कोलंबो सहित तीन स्थलों पर मुकाबलों का आयोजन होगा।

एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप ट्रॉफी दौरा आज से

नई दिल्ली : प्रतिष्ठित पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप ट्रॉफी शुक्रवार से शुरू होने वाले देशव्यापी दौरे के दौरान भारत के 20 शहरों का दौरा करेगी। यह दौरा शुक्रवार को हॉकी इंडिया शताब्दी समारोह के दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया, तमिलनाडु के उप मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, एफआईएच अध्यक्ष दातो तैयब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष सेकर जे मनोहरन की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर शुरू होगा। इन 20 शहरों में चंडीगढ़, अमृतसर, लखनऊ, जम्मू, पुणे और हैदराबाद भी शामिल हैं।

आरसीबी ने रंगराजन को महिला टीम का कोच नियुक्त किया

बेंगलुरु : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को तमिलनाडु के पूर्व स्पिनर मालोलन रंगराजन को अगले साल होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के चौथे सत्र से पहले अपनी महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। रंगराजन ल्यूक विलियम्स की जगह लेंगे, जिन्हें 2024 में मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। आरसीबी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया पिछले छह वर्षों से विभिन्न भूमिकाओं में आरसीबी के सहयोगी स्टाफ के प्रमुख सदस्य रहे मालोलन रंगराजन को अब आगामी डब्ल्यूपीएल के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। उम्मीद है उनके निर्देशन टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व कप्तान हरमनप्रीत कौर विश्व कप ट्रॉफी के साथ। एजेंसी

आप से युवा पीढ़ी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होगी : राष्ट्रपति

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रपति भवन में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम से मुलाकात की। जिसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर ने उन्हें सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली टीम जर्सी भेंट की।

राष्ट्रपति मुर्मू ने टीम को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि खिलाड़ियों ने सिर्फ इतिहास ही नहीं रचा है बल्कि वे युवा पीढ़ी के लिए आदर्श भी बन गई हैं। राष्ट्रपति के कार्यालय से जारी एक बयान में उनके हवाले से कहा गया कि युवा पीढ़ी विशेषकर लड़कियां इस उपलब्धि से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। मुर्मू ने भविष्य में भी इस टीम के भारतीय क्रिकेट को शीर्ष पर रखने का भरोसा जताया और खिलाड़ियों के क्रिकेट सफर में आई मुश्किलों पर कहा कभी-कभी तो खिलाड़ियों को नींद भी नहीं आई होगी। लेकिन उन्होंने सभी चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड पर जीत के बाद लोगों को पूरा भरोसा था कि मैच में उतार-चढ़ाव के बावजूद हमारी बेटियां ही जीतेंगी।मुर्मू ने कहा कि इन खिलाड़ियों की सफलता में उनकी कड़ी मेहनत, कौशल, पक्के इरादे और उनके परिवारों के अलावा क्रिकेट प्रेमियों के प्यार और आशीर्वाद का हाथ रहा। राष्ट्रपति ने टीम की हर सदस्य को बधाई दी। उन्होंने कहा देश और विदेश में लाखों भारतीय इस जीत का जश्न मना रहे हैं। संयोजन में भी भारत की छवि दिखी क्योंकि सभी खिलाड़ी अलग इलाकों और अलग पृष्ठभूमि से आती है। खिलाड़ी अलग-अलग इलाकों, अलग-अलग सामाजिक पृष्ठभूमि और अलग-अलग परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। पर वे एक टीम हैं 'इंडिया'। यह टीम भारत को सबसे अच्छी तरह प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि सात बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराकर भारतीय टीम ने देशवासियों का अपनी काबिलियत पर भरोसा और मजबूत किया।

राष्ट्रपति भवन में मौजूद विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट टीम व अन्य स्टाफ। एजेंसी

- भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर अपने हस्ताक्षर वाली जर्सी भेंट की

भारत को टी-20 सीरीज में अजेय बढ़त

अक्षर, शिवम व वाशिंगटन ने की शानदार गेंदबाजी, चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया 48 रनों से परास्त

कैरारा (गोल्ड कोस्ट), एजेंसी

अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर की उम्दा गेंदबाजी से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 48 रनों से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 की अजेय बढ़त बनाई। भारत के 168 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम वाशिंगटन सुंदर (तीन रन पर तीन विकेट), अक्षर पटेल (20 रन पर दो विकेट) और शिवम दुबे (20 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 119 रन पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान मिचेल मार्श (30) ही 30 रन के आंकड़े को छू पाए। नाथन एलिस (21 रन पर तीन विकेट) और एडम जंपा (45 रन पर तीन विकेट) ने इससे पहले अंतिम ओवरों में भारत को लगातार झटके दिए जिससे एक समय दो विकेट पर 121 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही मेहमान टीम आठ विकेट पर 167 रन ही बना सकी। भारत की तरफ से सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल 39 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 46 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। अभिषेक शर्मा (28), शिवम दुबे (22) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (20) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। अक्षर ने अंत में 11 गेंद में नाबाद 21 रन बनाकर भारत का स्कोर 160 रन के पार पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को भारतीय गेंदबाजों ने लगातार दबाव में रखा। मैथ्यू शॉर्ट (25) ने अर्शदीप सिंह (22 रन पर एक विकेट) पर चौके के साथ खाता खोला और फिर इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में भी छक्का और चौका मार। मार्श ने भी जसप्रीत बुमराह (27 रन पर एक विकेट) और अर्शदीप पर चौके मारे। अक्षर ने शॉर्ट को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा।

मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा क्योंकि गेंद विकेटों से टकरा रही थी। जोश इंग्लिस (12) ने आते ही बुमराह पर दो चौके मारे जिससे ऑस्ट्रेलिया ने पावर प्ले में एक विकेट पर 48 रन बनाए। मार्श 21 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब वरुण चक्रवर्ती (26 रन पर एक विकेट) की गेंद पर लांग ऑफ पर अभिषेक ने उनका मुश्किल कैच टपका दिया। अक्षर ने इंग्लिस को बोल्ड किया जबकि मार्श भी दुबे की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अर्शदीप को कैच दे बैठे जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 70 रन हो गया।

वाशिंगटन सुंदर को बधाई देते कप्तान सूर्यकुमार यादव। एजेंसी

पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाले टिम डेविड (14) ने दुबे पर लंबा छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद को हवा में लहराकर मिड ऑफ पर सूर्यकुमार के हाथों लपके गए। अर्शदीप ने जोश फिलिप (10) को शॉर्ट मिडविकेट पर चक्रवर्ती के हाथों कैच कराके ऑस्ट्रेलिया को पांचवां झटका दिया। ग्लेन मैक्सवेल (02) ने एक रन के साथ 15वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया के रनों का शतक पूरा किया लेकिन अंतिम गेंद पर बोल्ड हो गए।

ऑस्ट्रेलिया को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 65 रन की दरकार थी। सूर्यकुमार ने 17वें ओवर में श्रृंखला में पहली बार गेंद वाशिंगटन को थमाई और उन्होंने लगातार गेंदों पर मार्कस स्टोइनिस (17) और जेवियर बार्टलेट (00) को आउट करने के बाद अपने अगले ओवर में जंपा (00) को गिल के हाथों कैच कराके भारत की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मैच की दूसरी ही गेंद पर अभिषेक भाग्यशाली रहे जब बेन ड्वारशुइस की गेंद को कवर्स के ऊपर से खेलने की कोशिश में हवा में लहरा बैठे लेकिन जेवियर बार्टलेट उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। अभिषेक ने बार्टलेट (26 रन पर एक विकेट) पर पारी का पहला चौका मारा जबकि गिल ने ड्वारशुइस की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराने के बाद एलिस पर दो चौके जड़े।

अभिषेक ने मार्कस स्टोइनिस पर दो चौकों के साथ पावर प्ले में भारत का स्कोर बिना विकेट खोए 49 रन तक पहुंचाया। अभिषेक ने जंपा का स्वागत छक्के के साथ किया लेकिन इस लेग स्पिनर पर एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑन पर टिम डेविड को आसान कैच दे बैठे। उन्होंने 21 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और एक छक्का मारा।

दुबे ने ड्वारशुइस पर चौका जड़ने के बाद जंपा की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। दुबे (22) हालांकि एलिस की धीमी गेंद पर चकमा खाकर बोल्ड हो गए। सूर्यकुमार ने जंपा पर लगातार दो छक्कों के साथ 13वें ओवर में भारत के रनों का शतक पूरा किया। गिल ने भी स्टोइनिस की गेंद पर छक्का जड़ा लेकिन एलिस की गेंद पर बोल्ड हो गए। गिल ने 39 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और एक छक्का मारा। सूर्यकुमार (20) भी बार्टलेट की गेंद को हवा में लहराकर डेविड के हाथों लपके गए।

भारत

167/8 (20 ओवर)

अभिषेक शर्मा का डेविड बो जंपा	28
शुभमन गिल बो एलिस	46
शिवम दुबे बो एलिस	22
सूर्यकुमार का डेविड बो बार्टलेट	20
तिलक वर्मा का इंग्लिस बो जंपा	05
जितेश शर्मा पगबाधा बो जंपा	03
वाशिंगटन का कुनहेमन बो एलिस	12
अक्षर पटेल नाबाद	21
अर्शदीप का फिलिप बो स्टोइनिस	00
वरुण चक्रवर्ती नाबाद	01

गेंदबाजी : ड्वारशुइस 4-0-31-0, बार्टलेट 4-0-26-1, एलिस 4-0-21-3, स्टोइनिस 4-0-41-1, जंपा 4-0-45-3

ऑस्ट्रेलिया

119/10 (18.2 ओवर)

मिचेल मार्श का अर्शदीप बो दुबे	30
मैथ्यू शॉर्ट पगबाधा बो अक्षर	25
जोश इंग्लिस बो अक्षर	12
टिम डेविड का सूर्यकुमार बो दुबे	14
फिलिप का चक्रवर्ती बो अर्शदीप	10
स्टोइनिस पगबाधा बो वाशिंगटन	17
ग्लेन मैक्सवेल बो चक्रवर्ती	02
बेन ड्वारशुइस बो बुमराह	05
बार्टलेट का एवं बो वाशिंगटन	00
नाथन एलिस नाबाद	02
एडम जंपा का गिल बो वाशिंगटन	00

गेंदबाजी : अर्शदीप 3-0-22-1, बुमराह 4-0-27-1, चक्रवर्ती 4-0-26-1, अक्षर 4-0-20-2, दुबे 2-0-20-2, वाशिंगटन 1.2-0-3-3

हालात के अनुकूल ढलना जीत की कुंजी : सूर्यकुमार

कैरारा : भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आस्ट्रेलिया पर चौथे टी20 मैच में 48 रन से मिली जीत के लिये बल्ले और गेंद से अपने खिलाड़ियों के चतुराई भरे खेल को श्रेय दिया। भारत ने 167 रन बनाने के बावजूद जीत दर्ज करके पांच मैचों की श्रृंखला में 2.1 से बढत बना ली है। सूर्यकुमार ने जीत के बाद कहा मुझे लगता है कि बल्लेबाजों को इसका श्रेय जाना चाहिए। शुभमन और अभिषेक ने जिस तरह से शुरुआत की, उन्हें पता था कि यह 200 या 220 रन वाला विकेट नहीं है। उन्होंने चतुराई से खेला। बल्लेबाजों की तरफ से यह पूरा टीम प्रयास था। उन्होंने आगे कहा मैं और गौती भाई (कोच गौतम गंभीर) इस बारे में स्पष्ट हैं कि गेंदबाजों को आक्रामक प्रदर्शन करना होगा।

भारत विश्व स्तरीय टीम है : मार्श

आस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने कहा 167 का स्कोर बुरा नहीं था। हम फिनिश लाइन तक नहीं जा सके। भारतीय टीम को इसका पूरा श्रेय जाता है जो विश्व स्तरीय टीम है। एशेज श्रृंखला को देखते हुए आस्ट्रेलिया ने टीम में काफी बदलाव किये थे। प्रमुख खिलाड़ी टी20 श्रृंखला के आखिरी दो मैच छोड़कर इंग्लैंड के खिलाफ एशेज की तैयारी में लग गए। मार्श ने कहा, '' आप हमेशा सर्वश्रेष्ठ टीम उतारना चाहते हैं लेकिन एशेज श्रृंखला आने वाली है। हम अधिक खिलाड़ियों को मौका देना चाहते थे, खासकर इस तरह के दबाव वाले मैच में।

जुरेल के शतक से भारत ए ने बनाए 255 रन

शतक लगाने के बाद जश्न मनाते ध्रुव जुरेल। एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

- दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच का पहला दिन

ध्रुव जुरेल के शानदार शतक की मदद से भारत ए ने शीर्षक्रम की नाकामी से उबरते हुए दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के पहले दिन बृहस्पतिवार को 255 रन बनाए।

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर भारत ए ने सात विकेट 126 रन पर गंवा दिए थे, लेकिन जुरेल (नाबाद 132) और कुलदीप यादव (20) ने आठवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 175 गेंदों में 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 126 रन की पारी खेली जबकि कुलदीप ने अपनी पारी में 87 गेंदों का सामना किया। जुरेल ने आफ स्पिनर प्रेनेलान सुब्रायेन को लांग आन पर शानदार छक्का जड़ा। इसके बाद इसी गेंदबाज को स्लॉग स्वीप पर छक्का लगाया। उन्होंने वान वूरेन की गेंद पर एक रन लेकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में चौथा शतक पूरा किया। पिछली सात पारियों में यह उनका तीसरा शतक है। उन्होंने आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ लखनऊ में और वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में शतक बनाया था।

27वीं अखिल भारतीय कुमार सुरेंद्र सिंह इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप-2025 में स्वर्ण पदक विजेता उत्तर प्रदेश की महिला यूथ खिलाड़ी।

उप्र ने इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

लखनऊ : नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) की ओर से चेन्नई में आयोजित 27वीं अखिल भारतीय कुमार सुरेंद्र सिंह इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप-2025 में उत्तर प्रदेश की महिला यूथ टीम ने स्वर्ण पदक जीत लिया। प्रतियोगिता का आयोजन 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक किया गया था। इसमें देशभर के युवा निशानेबाजों ने हिस्सा लिया।

उत्तर प्रदेश राज्य राइफल संघ लखनऊ ने इस जीत को राज्य में निशानेबाजी के बढ़ते स्तर और युवा एथलीटों के समर्पण को बताया है। ये जानकारी टीम मैनेजर विशाल विश्वकर्मा ने दी।

प्रमुख उपलब्धियां

(एस006.177 पीप साइट एयर राइफल (एनआर) यूथ वीमेन) :

उत्तर प्रदेश की टीम ने कुल 1166.0-0x के प्रभावशाली स्कोर के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। टीम के व्यक्तिगत स्कोर इस प्रकार रहे : वृंदा महाजन : 393.0-0x, देवीना गर्ग : 387.0-0x, ईशानवी केसरवानी : 386.0-0x

महिला विश्व कप भारतीय खेलों के लिए ऐतिहासिक पल है : मजूमदार

नई दिल्ली, एजेंसी

महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार का मानना है कि हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम का पहला विश्व कप खिताब देश में सिर्फ क्रिकेट के लिए ही नहीं बल्कि भारतीय खेलों के लिए एक ऐतिहासिक पल है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पिछले हफ्ते नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर अपना पहला विश्व कप खिताब जीतकर देश के खेल इतिहास में सुनहरा अध्याय लिखा। इस जीत को भारत में महिला क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक पल बताया जा रहा है जिसकी तुलना पुरुष टीम की 1983 की ऐतिहासिक विश्व कप जीत से की जा रही है।

मजूमदार ने पीटीआई वीडियो से कहा 1983 के पल की बात करें तो मुझे लगता है कि यह महिला विश्व कप ना केवल पूरे भारतीय क्रिकेट के लिए, पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए, बल्कि भारतीय खेलों के लिए एक ऐतिहासिक पल है। यह जीत और भी खास है क्योंकि एक समय भारत लगातार तीन हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर था लेकिन भारतीय टीम ने शानदार वापसी करते हुए न्यूजीलैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके बाद सेमीफाइनल में उन्होंने सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर विश्व कप में सबसे बड़े लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। कोच ने कहा इसमें कोई शक नहीं है कि अब जब हमने विश्व कप जीत लिया है तो इसके असली हीरो खिलाड़ी और मेरा सहयोगी स्टाफ है। मजूमदार ने कहा सभी ने अपना योगदान दिया है और बहुत ही पेशेवरपन के साथ अपना काम किया है।

गर्व की बात | पहले लड़कों की टीम में खेलती थीं, छतरपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्कालीन सचिव ने बदल दी जिंदगी

जो लोग ताना कसते थे, वही आज प्रशंसा कर रहे हैं : क्रांति

नई दिल्ली, एजेंसी

लड़कों की टीम में एक खिलाड़ी कम पड़ गया और ऐसे में उनके पास कोई विकल्प नहीं था और उन्होंने आखिर उसे अपनी टीम में शामिल कर दिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ का क्रिकेट में यह पहला कदम था। इससे पहले वह मध्य प्रदेश के अपने गांव धुवारा में दूर से ही लड़कों को खेलते हुए देखती थी और कभी कभार जब गेंद उनके दरवाजे पर पहुंच जाती तो उसे वापस लड़कों के पास फेंक देती थी।

गौड़ ने गुरुवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात से ठीक पहले पीटीआई वीडियो से कहा मुझे तो यह भी नहीं पता था कि महिला क्रिकेट टीम भी है। यहीं से क्रिकेट में मेरा सफर शुरू हुआ था। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने हाल में समाप्त हुए महिला वनडे विश्व कप में में 18.55 की औसत से नौ विकेट लिए जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ मैच में तीन विकेट लेना भी शामिल था।

उन्होंने कहा मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है क्योंकि यह मेरा पहला विश्व कप था और अब हम विश्व चैंपियन हैं। यह मेरे, मेरे परिवार और पूरे देश के लिए गर्व की बात है। क्रांति की कहानी स्टेडियम की दूधिया रोशनी और कैमरों से कहीं दूर शुरू हुई। वह ज्यादातर दूर से ही कुछ लड़कों को खेलते हुए देखती थी और जब भी गेंद उसके दरवाजे पर आती, तो वह उसे वापस फेंक देती थी। एक दिन अचानक उन्हें तब अंतिम एकादश में जगह मिल गई, जब लड़कों को एक खिलाड़ी की जरूरत थी। क्रांति ने कहा मेरे घर के आगे एक मैदान था जिस पर लड़के खेला करते थे और मैं दूर से ही उन्हें खेलते हुए देखती थी। जब मैंने उनके साथ खेलना शुरू किया, तो वे मुझे सिर्फ एक क्षेत्ररक्षक के तौर पर खिलाते थे, लेकिन धीरे-धीरे मैंने भी खेलना सीख लिया।

उन्होंने राजीव बिल्थरे का जिक्र करते हुए कहा तब मैंने एक लेदर बॉल टूर्नामेंट खेला और राजीव सर से मिली। राजीव बिल्थरे छतरपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भी थे और उन्हें क्रांति की गेंद की रफ्तार काफी प्रभावशाली लगी थी। उन्होंने कहा उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट भी खेलना चाहती हूं। मुझे नहीं पता था कि लड़कियों की अंतर्राष्ट्रीय टीम भी है और फिर वह मुझे अपनी अकादमी में ले गए।

मेरे छोटे से गांव में लड़कियों को खेलने की नहीं थी इजाजत

क्रांति ने कहा मैं एक छोटे से गांव से हूं, इसलिए वहां लड़कियों को खेलने की इजाजत नहीं थी। मेरे परिवार से कहा जाता था कि तुम उसे लड़कों के साथ क्यों खेलने देते हो। तब मैंने सोचा कि एक दिन मैं अपने प्रदर्शन पर सबको तालियां बजाने पर मजबूर कर दूंगी। उन्होंने कहा और जो लोग मुझे और मेरे परिवार को ताना मारते थे, वे अब हमारी सराहना कर रहे हैं। अब महिला टीम भी बेहतर हो रही है और विश्व कप जीतने के बाद यह बहुत आगे जाएगी।